सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.0 न्यू | 21.5 अधि |
| धर्मशाला | 10.7 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,328 |
| निफ्टी | 24,176 |
| सोना | 1,51,000 |
| चांदी | 2,55,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 11 मई 2026 | 28 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 132, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### नेपाल के दार्चुला में 4.1 तीव्रता का भूकंप




**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के पर्वतीय जिले दार्चुला में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.1 मापी गई। नेपाल के भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर आया। इसका केंद्र दार्चुला जिले के तपोवन क्षेत्र में जमीन के भीतर स्थित था। झटके महसूस होते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग एहतियातन अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी प्रकार के नुकसान या हताहत की सूचना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### भारत दुनिया का ग्रोथ इंजन : जॉन फर्नेर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वॉलमार्ट के अध्यक्ष और सीईओ जॉन फर्नेर ने रविवार को भारतीय कारोबारी जगत के डिजिटल और हाई-ग्रोथ कंज्यूमर ब्रांड्स के संस्थापकों से मुलाकात की।



इस बैठक में सौंदर्य, फूड, लाइफस्टाइल और पालतू देखभाल जैसे क्षेत्रों के उद्यमियों ने हिस्सा लिया। चर्चा में डिजिटल मार्केटप्लेस के जरिए वैश्विक विस्तार और उपभोक्ता ब्रांड्स को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। फर्नेर ने भारत के उद्यमियों की गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक अनुभव पर फोकस की सराहना की। फ्लिपकार्ट के कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म भारतीय ब्रांड्स को तेजी से विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश हाईकोर्ट ने हिंदू साधु चिन्मय की जमानत याचिका की खारिज

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश हाईकोर्ट ने रविवार को हिंदू संत ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्णा दास की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि चटग्राम की निचली अदालत में 2024 के एक वकील की हत्या से जुड़ा मामला अभी विचाराधीन है, इसलिए इस समय जमानत नहीं दी जा सकती। चिन्मय पर 2024 में देशद्रोह के आरोप भी लगे थे। उन्हें 25 नवंबर 2024 को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। (अनंत ज्ञान)

### कतर के पास समुद्र में जहाज पर हमला, लगी आग

**एजेंसी, दुबई।** ब्रिटिश सेना ने दावा किया है कि कतर के पास समुद्र में एक मालवाहक जहाज पर प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) से हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। यूके मारीटाइम ट्रेड ऑप्रेशसं ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। यह घटना कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किलोमीटर दूर समुद्री क्षेत्र में हुई। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- धरेच में अगले महीने गूंजेंगी तबले की गूंज -पेज 2
- पर्यटन विभाग का भवन अनदेखी का शिकार -पेज 5
- जिमीकंद की खेती में 'बिजामृत' बना सफलता का मंत्र -पेज 12


# 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में कांगड़ा की अनमोल टॉपर

## 83.87 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास; 8433 छात्रों को कंपार्टमेंट, 6559 हुए फेल

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस बार परीक्षा में 93 हजार 661 ने भाग लिया था जिनमें 78 हजार 150 छात्र पास हुए हैं। इस तरह परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। वहीं 8433 छात्रों को कंपार्टमेंट आई है। फेल छात्रों की संख्या 6559 रही है।

परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिला के निजी स्कूल की छात्रा अनमोल प्रदेश में टॉपर बनी है। अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि अभी प्रोविजनल मैरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाईनल मैरिट सूची जारी होगी।

10वीं की परीक्षा में इस बार एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा जिला कांगड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, दूसरे स्थान पर पर तीन छात्रों अभिनव मेहता ऊना, पूर्णिमा जीएसएसएस बिलासपुर व रोहिणी धीमान ने 700 में से 698 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा निजी स्कूल हमीरपुर की छात्रा अश्विका शर्मा व ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है।

### अध्यापक बनना चाहती है अनमोल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** दसवीं कक्षा की हिमाचल टॉपर पंचरुखी के पाहड़ा क्षेत्र के एवीएम प्राइवेट स्कूल की होनहार छात्रा अनमोल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।



अनमोल की इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल उसके परिवार बल्कि स्कूल और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इतनी उच्च उपलब्धि हासिल करना उसकी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। अनमोल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उसने बताया कि नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। भविष्य की योजनाओं को लेकर अनमोल ने कहा कि उसका लक्ष्य एक अध्यापक बनना है, ताकि वह आगे चलकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे सके और अन्य छात्रों को भी प्रेरित कर सके। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने अनमोल की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


पूर्णिमा सेकेंड


रोहिणी सेकेंड


अभिनव सेकेंड


अश्विका सेकेंड

### पिछले वर्ष के मुकाबले बढ़ी पास प्रतिशतता

**बोर्ड** अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। परीक्षाओं में सुधार के बड़े प्रयास किए गए हैं, जिसमें एमसीक्यू व कप्टेंसी बेस्ड व प्रश्न पत्र में बड़े बदलाव किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षाओं के लिए राज्यभर में 2384 सेंटर बनाए गए थे। इस बार लाइव मॉनिटरिंग भी परीक्षा केंद्रों की गई है। अगली बार ओडियो-वीडियो कैमरे से परीक्षा केंद्रों में निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही मूल्यांकन के लिए 41 केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 2900 शिक्षकों ने सेवाएं प्रदान की।

### सीएम सुक्खू ने फोन कर अनमोल को दी बधाई

**10वीं** परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा अनमोल के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं फोन कर उसे शानदार सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने बातचीत में अनमोल की मेहनत और परिवार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल की बेटियां हर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार मेधावी छात्रों को बेहतर अवसर देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# विजय बने तमिलनाडु के 9वें सीएम

## शपथ लेते वक्त स्पीच देने लगे तो राज्यपाल ने टोका



**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। थलापित विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और कहा कि वही पढ़ें जो लिखकर दिया है। सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है।

ये सभी विजय की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। सहयोगी दलों के किसी विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है। सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं। विजय ने शपथ के दौरान कहा कि मैं सी जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा। (अनंत ज्ञान)

### पीएम मोदी ने दी बधाई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर सी जोसेफ विजय को बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र सरकार लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर काम करती रहेगी।

# पहले दिन ही धुंध की भेंट चढ़ी शिमला-दिल्ली हवाई सेवा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला और देश की राजधानी दिल्ली के बीच लंबे अंतराल के बाद शुरू हुई हवाई सेवा का पहला ही दिन यात्रियों के लिए निराशाजनक रहा। रविवार को घने कोहरे और बेहद कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन नहीं हो सका।

सुबह से ही शिमला हवाई अड्डे पर यात्रियों की भीड़ लगी रही, लेकिन मौसम की खराब स्थिति के चलते सभी उड़ानों पर विराम लग गया। कई यात्रियों को घंटों इंतजार के बाद वापस लौटना पड़ा, जबकि कुछ ने सड़क मार्ग से यात्रा की।

मौसम विभाग और विमानन अधिकारियों के अनुसार जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे पर दृश्यता न्यूनतम मानकों से काफी नीचे दर्ज की गई। यह एयरपोर्ट अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पहले से ही चुनौतीपूर्ण माना जाता है, जहां क्रॉस विंड और कोहरे की स्थिति में उड़ान संचालन कठिन हो जाता है।

एलायंस एयर का विमान तकनीकी और सुरक्षा कारणों से उड़ान के लिए मंजूरी नहीं पा सका। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उड़ान रद्द करने का निर्णय लिया गया। इस सेवा को पर्यटन और आवागमन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा था, लेकिन पहले ही दिन बाधा आने से यात्रियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा हुई है।

वहीं, उड़ान रद्द होने के बाद एयरलाइन कंपनी ने प्रभावित यात्रियों को सात दिनों के भीतर टिकट राशि वापस करने का आश्वासन दिया है।

# पंजाब 'आप' के मंत्री संजीव अरोड़ा 7 दिन के रिमांड पर

**एजेंसी, गुरुग्राम (हरियाणा)**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को रविवार सुबह अदालत में पेश किया। अदालत ने अरोड़ा को सात दिन के रिमांड पर ईडी को सौंप दिया। उनसे गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। ईडी ने शनिवार को अरोड़ा के चंडीगढ़, गुरुग्राम स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। वह लुधियाना वेस्ट से विधायक हैं।



ईडी ने करीब 10 घंटे तक चली छापेमारी के बाद शनिवार शाम पांच बजे मंत्री संजीव अरोड़ा को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। ईडी सूत्रों के अनुसार, मंत्री संजीव अरोड़ा व उनसे संबंधित कंपनियों पर 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिए फर्जी एक्सपोर्ट दिखाने के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों में उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

वहीं, संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद राज्य की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है। रविवार को आम आदमी पार्टी ने पूरे पंजाब में भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किए। कई जिलों में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा दफ्तरों के बाहर पहुंच गए, जहां दोनों दलों के समर्थक आमने-सामने आ गए। (अनंत ज्ञान)

# केरलम में मुख्यमंत्री पर बना सस्पेंस कांग्रेस ने दावेदारों के हटवाए पोस्टर

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

4 मई को 5 राज्यों के चुनावों के रिजल्ट आने के बाद बंगाल और तमिलनाडु में नए सीएम की शपथ हो चुकी है। पुडुचेरी और असम में सीएम का नाम और शपथ की तारीख तय हो गई है, लेकिन 6 दिन बाद भी केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं।

6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि हमने सभी विधायकों से बात कर ली है। दावा किया जा रहा है कि आलाकमान को सौंपी गई इस रिपोर्ट में विधायकों ने केसी वेणुगोपाल के नाम पर मुहर लगाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के 63 विधायकों में 75-80 प्रतिशत ने केसी वेणुगोपाल को समर्थन दिया। वेणुगोपाल के सीएम बनने पर इरिक्कूर से चुनाव जीते सनी जोसेफ अपनी सीट से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे वेणुगोपाल के सीएम बनने के बाद इस सीट से चुनाव लड़कर विधायक का चुनाव लड़ेंगे।

◆ **विधायकों का केसी वेणुगोपाल को समर्थन**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक में वीडी सतीशन को महज 6 विधायकों का समर्थन मिला। हालांकि, बैठक के बाद तीन पूर्व प्रदेश अध्यक्षों ने सतीशन के नाम का समर्थन किया है। इसके अलावा यूडीएफ के सहयोगी दल आईयूएमएल और केरलम कांग्रेस (जोसेफ) ने खुले तौर पर सतीशन को समर्थन दिया है। (अनंत ज्ञान)

# एल्विश यादव को लॉरेंस गैंग का नाम लेकर दी धमकी, 10 करोड़ की मांगी फिरौती

**एजेंसी, गुरुग्राम**

एल्विश यादव को 10 करोड़ रुपए की फिरौती और जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक धमकी एक विदेशी व्हाट्सएप नंबर से दी गई, जिसमें संदेश भेजने वाले ने खुद को रणदीप मलिक बताते हुए लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा बताया।



जानकारी के अनुसार, एल्विश यादव को 5 मई को एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया था, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके बाद उन्हें और उनके पिता के मोबाइल नंबर पर धमकी भरे संदेश भेजे गए। मैसेज में दो दिन के भीतर 10 करोड़ रुपए देने की मांग की गई और रकम न देने पर गोली मारने की धमकी दी गई।

यादव की शिकायत के आधार पर गुरुग्राम के सेक्टर-56 थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। पुलिस विदेशी नंबर और संदेश के स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

एल्विश यादव पहले भी कई विवादों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। पिछले वर्ष उनके घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई थी। वहीं सांप के जहर मामले में गिरफ्तारी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस साल उनसे जुड़ी एफआईआर रद्द कर दी थी। (अनंत ज्ञान)

# पेट्रोल-डीजल का कम करें उपयोग : मोदी

## कहा-भारत में नहीं हैं तेल के बड़े-बड़े कुएं

**एजेंसी, बेंगलुरु/हैदराबाद**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं।



पीएम ने हैदराबाद में कहा कि भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें। आज हमें मीटिंग के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। पीएम ने हैदराबाद में रविवार को भाजपा की रैली के दौरान ये बातें कही। इससे पहले आज बेंगलुरु में उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा है। आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का बड़े संयम के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हमें इंपोर्टेड पेट्रोलियम उत्पादों का इस्तेमाल केवल आवश्यकता के अनुसार करना चाहिए।

◆ **आज वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत**

कोरोना काल में देश ने वर्क फ्रॉम होम की जो व्यवस्था विकसित की। आज समय की मांग ऐसी है कि अगर हम इन व्यवस्थाओं को फिर से शुरू करें तो यह देश के हित में होगा। 75 साल बाद असम में भाजपा सरकार ने हैट्रिक हासिल कर ली है। पुडुचेरी में भी भाजपा-एनडीए सरकार फिर से सत्ता में लौट आई है। इस जीत के बाद मैं तेलंगाना के लोगों की भावनाओं को भी देख रहा हूं। (अनंत ज्ञान)

# असम में फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे हिमंता बिस्वा सरमा

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम के अगले मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा होंगे। रविवार को बीजेपी की विधायक दल की बैठक में उनके ही नाम पर मुहर लगी। जेपी नड्डा ने उनके नाम का ऐलान किया। हिमंता 12 मई को सुबह 11 बजे लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। 4 मई को आए नतीजों में बीजेपी ने राज्य की 126 में से 82 सीटों पर बंपर जीत हासिल की थी।



शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होंगे। हिमंता की ताजपोशी उत्तर-पूर्व में पार्टी की पैठ को और मजबूत करने के रूप में देखी जा रही है।

◆ **विधायक दल की बैठक में चुने गए नेता, 12 मई को पद की लेंगे शपथ**

असम भाजपा के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा कि हम दोपहर तक सरकार बनाने के अपने दावे के बारे में राज्यपाल को सूचित कर देंगे। 12 तारीख को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा, क्योंकि पीएम मोदी की उपस्थिति में हिमंता 102 विधायकों के साथ शपथ लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# योगी मंत्रिमंडल में 6 नए मंत्री बने, 2 का हुआ प्रमोशन

**एजेंसी, लखनऊ**



यूपी की योगी कैबिनेट का आज दूसरी बार विस्तार हुआ। 2 कैबिनेट और 4 राज्यमंत्री मिलाकर 6 नए सदस्य शामिल हुए। वहीं, 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। राजभवन में रविवार को आयोजित समारोह में सबसे पहले भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने शपथ ली। दोनों को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है।

तीसरे नंबर पर अजीत पाल और फिर सोमेंद्र तोमर ने शपथ ली। दोनों विधायक पहले राज्य मंत्री थे, अब उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसके बाद कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा ने शपथ ली। चारों को राज्यमंत्री बनाया गया है। कृष्णा पासवान चौथी बार विधायक हैं। राजनीति में आने से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं।

शपथ के बाद अजीत पाल, सोमेंद्र तोमर, कृष्णा पासवान, कैलाश राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज ने राज्यपाल और सीएम के पैर छुए। नए बनने वाले मंत्रियों में एक ब्राह्मण, 3 ओबीसी और 2 दलित वर्ग से हैं। अब यूपी सरकार में योगी को मिलाकर कुल 60 मंत्री हैं। मंत्री पद न मिलने से नाराज भाजपा विधायक आशा मौर्या ने पार्टी पर अनदेखी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मौर्य समाज की अनदेखी की गई है। (अनंत ज्ञान)

**मुकाबला** कांग्रेस झोंकेगी पूरी ताकत, चारों नगर निगमों में होंगी जनसभाएं और रोड शो

# नगर निकाय चुनाव में सीएम सुक्खू कल से संभालेंगे कमान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस ने अब पूरी ताकत झोंकने का निर्णय ले लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं चुनावी कमान संभालते हुए मंगलवार से चुनाव मैदान में उतरेंगे और प्रदेश के चारों नगर निगमों में जनसभाओं, रोड शो और कार्यकर्ता बैठकों के माध्यम से माहौल को धार देने का कार्य करेंगे।

शिमला में लगातार बैठकों और फीडबैक के दौर के बाद मुख्यमंत्री ने चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम क्षेत्रों में प्रचार अभियान को बेहद आक्रामक और जनसरोकारों से जोड़कर चलाने की तैयारी की गई है। कांग्रेस संगठन ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है और मंत्रियों को अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंप दी गई है, ताकि चुनावी समीकरणों को मजबूती दी जा सके।

सूत्र बताते हैं कि प्रदेश की राजनीति में इन नगर निगम चुनावों को प्रतिष्ठा की लड़ाई माना जा रहा है और इसी कारण मुख्यमंत्री स्वयं हर मोर्चे पर नजर बनाए हुए हैं। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने रविवार को शिमला में वरिष्ठ नेताओं,



प्रभारी मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों के साथ लंबा मंथन किया, जिसमें प्रत्येक नगर निगम की स्थिति, वार्डवार समीकरण और विपक्ष की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस हाईकमान भी इन चुनावों को लेकर पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू का फोकस विशेष रूप से उन शहरी क्षेत्रों पर रहेगा जहां विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं और जनहित योजनाओं को चुनावी मुद्दा बनाया जा सकता है। पार्टी का मानना है कि वर्तमान सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक फैसलों का सीधा लाभ कांग्रेस को चुनावों में मिल सकता है।

बता दें कि धर्मशाला नगर निगम को लेकर कांग्रेस ने अलग और विशेष रणनीति तैयार की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि धर्मशाला में मुकाबला बेहद दिलचस्प और कांटे का रहने वाला है, इसलिए यहां प्रचार अभियान को अधिक प्रभावी और जनसंपर्क आधारित बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री स्वयं धर्मशाला में अधिक समय देंगे और स्थानीय मुद्दों को केंद्र में रखकर जनता के बीच जाएंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार युवाओं, व्यापारियों, महिलाओं और कर्मचारी वर्ग को साधने के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। वहीं, मंडी और सोलन में विकास कार्यों तथा पालमपुर में पर्यटन, पेयजल और शहरी सुविधाओं को मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान का भी पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलने की संभावना है।

### कांग्रेस और भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

**बहरहाल** आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री का चुनावी दौरा और भी तेज होगा तथा बड़े नेताओं की रैलियों से राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ने की संभावना है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि इस बार नगर निगम चुनाव केवल स्थानीय निकायों की लड़ाई नहीं, बल्कि प्रदेश की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाला बड़ा मुकाबला साबित हो सकता है।

# पुलिस ने कार से 9 ग्राम चिट्टा किया बरामद, 3 युवक गिरफ्तार

## कुमारसैन की डिटेक्शन टीम को एनएच-5 पर मिली बड़ी सफलता

अनंत ज्ञान



शिमला। प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच जिला शिमला पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस थाना कुमारसैन की डिटेक्शन टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे)–05 पर कार्रवाई करते हुए एक कार से 9 ग्राम से ज्यादा चिट्टा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार को बारूबाग क्षेत्र में की गई। उस समय डिटेक्शन टीम गश्त और निगरानी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक वाहन को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार लोगों के कब्जे से 9 ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद हुआ। तलाशी की पूरी प्रक्रिया स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 33 वर्षीय प्रवीण कुमार निवासी धलियार, जिला बिलासपुर, 31 वर्षीय रोहित चौहान निवासी बठारा, तहसील रामपुर और 25 वर्षीय तुषार वर्मा निवासी नवारू, तहसील रामपुर के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में थाना कुमारसैन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। जिस वाहन में आरोपी सवार थे, उसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। यह पता लगाने की कोशिश भी की जा रही है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे किस इलाके में सप्लाई किया जाना था।

एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने रविवार को बताया कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश–ओलावृष्टि से बागवानी क्षेत्र में 29 करोड़ का नुकसान

## कृषि फसलों की 10 करोड़ से अधिक की क्षति, बागवानों ने मांगा विशेष राहत पैकेज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में लगातार बदल रहे मौसम ने बागवानों व किसानों की चिंताओं को कई गुना बढ़ा दिया है। अप्रैल और मई माह में हुई बेमौसमी वर्षा, तेज आंधी और ओलावृष्टि ने प्रदेश की बागवानी व कृषि क्षेत्र को गहरी चोट पहुंचाई है। राज्य के विभिन्न जिलों में सेब, मटर, गोभी, बीन्स सहित नकदी फसलों को भारी नुकसान होने की सूचना है।



### उत्पादन पर पड़ेगा गंभीर असर: डॉ भारद्वाज

**बागवानी** विशेषज्ञ डॉ. एसपी भारद्वाज ने संपर्क करने पर कहा कि प्रदेश में इस बार मौसम का असामान्य व्यवहार सीधे तौर पर बागवानी और नकदी फसलों पर भारी पड़ा है। उन्होंने बताया कि तेज आंधी और ओलावृष्टि के कारण सेब सहित अन्य फलों तथा सब्जियों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। वहीं फल फ्रूट संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि लगातार बदलते मौसम के कारण बागवानों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं और यदि आने वाले दिनों में भी यही स्थिति बनी रही तो अगले सीजन की फसल पर इसका गहरा असर देखने को मिल सकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों और बागवानों को विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाए ताकि वे इस प्राकृतिक आपदा से उबर सकें।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार केवल बागवानी क्षेत्र में ही करीब 29 करोड़ रुपए की क्षति आंकी गई है, जबकि कृषि फसलों को भी लगभग 10 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचा है। मौसम की इस बेरहम मार ने पहाड़ के किसानों–बागवानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है और अब बागवान सरकार से विशेष राहत पैकेज की मांग कर रहे हैं। शिमला जिला के जुब्बल–कोटखाई, रोहड़ू और ठियोग क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित बताए जा रहे हैं। कई स्थानों पर पेड़ों पर आए छोटे–छोटे सेब ओलों की मार से टूटकर जमीन पर गिर गए, जबकि नई पत्तियां और टहनियां भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं।

मंडी, कुल्लू और सिरमौर जिलों से भी बागवानी को व्यापक नुकसान की खबरें सामने आई हैं। खेतों में लगी मटर और सब्जियों की फसलें बर्बाद होने से किसानों की आर्थिक स्थिति पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब कर्ज और भविष्य की फसल को लेकर चिंता में डूबे दिखाई दे रहे हैं।

जानकारों का मानना है कि इस बार का नुकसान केवल मौजूदा सीजन तक सीमित नहीं रहेगा, अपितु इसका असर अगले वर्ष की पैदावार पर भी पड़ सकता है। भारी ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण छोटे पौधों, नई शाखाओं और फल देने वाली टहनियों को जो क्षति पहुंची है, उससे उत्पादन क्षमता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी कुछ क्षेत्रों में आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई है, जिससे बागवानों की चिंता और गहरा गई है। कई इलाकों में किसानों और बागवानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे करवाकर राहत राशि जारी करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सहायता नहीं मिली तो हजारों परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

# एमपीएस मशोबरा की हंसिका के 10वीं में 97.76 % अंक

अनंत ज्ञान

- विद्यालय के तीन दशक पुराने सभी रिकॉर्ड टूटे क्षेत्र में खुशी की लहर
- राष्ट्रीय स्तर की एथलीट भी है हंसिका शर्मा

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने रविवार सुबह दसवीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस बार परीक्षा परिणाम 83.87 प्रतिशत रहा। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित रिजल्ट में शिमला जिले के मशोबरा स्थित माया पब्लिक हाई स्कूल की छात्रा हंसिका शर्मा ने कुल 97.76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी छात्रा ने इतने अधिक अंक हासिल कर बीते वर्षों के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। हंसिका की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा उन्हें लगातार बधाई संदेश मिल रहे हैं। हंसिका शर्मा के पिता नंदलाल शर्मा शारीरिक शिक्षक हैं जबकि माता निजी विद्यालय में अध्यापिका हैं। बेटी की सफलता पर परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हंसिका ने 'बेटी है अनमोल' के सपने को साकार किया है। उल्लेखनीय है कि हंसिका इससे पहले राष्ट्रीय स्तर की गणित प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुकी हैं और राष्ट्रीय स्तर की एथलीट भी रह चुकी हैं। विद्यालय के अध्यक्ष हरीश शर्मा ने छात्रा व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 90 के दशक में स्थापित विद्यालय के इतिहास में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है तथा इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा है।

# धरेच में अगले महीने गूंजेंगी तबले की गूंज

## 3 जून से सजेगा संगीत साधना का महाकुंभ, देशभर के तबला साधक आएंगे शिमला

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के कसुम्पटी निर्वाचन क्षेत्र की सुरम्य धरेच घाटी आगामी 3 से 7 जून तक तबले की मधुर स्वर लहरियों से सराबोर होने जा रही है। धरेच स्थित 'द गुरुकुल' में आयोजित होने वाले सातवें तबला समर कैंप–2026 में देश के विभिन्न राज्यों से तबला प्रेमी और संगीत साधक भाग लेंगे।

यह शिविर केवल संगीत प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय शास्त्रीय संगीत, गुरु–शिष्य परंपरा और रचनात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत करेगा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक एवं स्वर्ण पदक विजेता विक्रम गंधर्व के निर्देशन में प्रतिभागियों को मंचीय प्रस्तुति, संगत और ताल साधना की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विक्रम गंधर्व ने बताया कि प्रदेश में यह अपनी तरह का सातवां संगीत शिविर होगा। इससे पूर्व द गुरुकुल में आयोजित छह समर एवं विंटर कैंपों में देश–विदेश के कलाकारों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इस बार बनारस के विख्यात सितारवादक बटुकनाथ मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। गुजरात, असम, उत्तराखंड, कर्नाटक, चंडीगढ़, बनारस, बैंगलोर, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कलाकार इस शिविर को राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेंगे। वर्ष 2021 में स्थापित 'द गुरुकुल' भारतीय संस्कृति की प्राचीन गुरु–शिष्य परंपरा को आधुनिक समय में जीवंत बनाए हुए है और युवा पीढ़ी को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है।



साधना करते तबला वादक विक्रम गंधर्व एवं संगीत साधक। अनंत ज्ञान

- तबला वादक विक्रम गंधर्व के निर्देशन में लगेगा शिविर

### गेयटी थियेटर में हुआ लाल दीक्षा कार्यक्रम

**शिमला।** गेयटी थियेटर के गोथिक हॉल में रविवार को तबला एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की ओर से लाल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित हरिदत्त भारद्वाज ने बांसुरी वादन से सभागार में मौजूद सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान उनके साथ बांसुरी वादन में उनकी पुत्री सृष्टि भारद्वाज और तबला संगत उस्ताद त्रिलोक सिंह मौजूद रहे।

# प्रवर्तन निदेशालय के शिमला जोनल ऑफिस की सुरक्षा बढ़ी

अनंत ज्ञान

- केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के जारी हुए आदेश

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किए जाने की सूचना सामने आई है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष तौर पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। माना जा रहा है कि हाल के दिनों में ईडी द्वारा विभिन्न मामलों में बढ़ी सक्रियता और संवेदनशील जांचों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन के बीच इस संबंध में लगातार समन्वय बनाया जा रहा है। कार्यालय परिसर में आने–जाने वालों की निगरानी, प्रवेश व्यवस्था और सुरक्षा जांच को और सख्त किए जाने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत अतिरिक्त जवानों की तैनाती के साथ–साथ कार्यालय के आसपास निगरानी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में भी इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। हालांकि आधिकारिक स्तर पर अभी तक विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में संभावित बदलाव को लेकर गतिविधियां तेज बताई जा रही हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में ईडी कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ और सतर्क नजर आ सकती है।

# 11 दिन तक जिंदगी की जंग लड़ने के बाद 9वीं के छात्र ने तोड़ा दम

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के संजौली क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। निर्माणाधीन मकान से गिरी ईंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए 9वीं कक्षा के छात्र तनिष कौशल ने आखिरकार आईजीएमसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मासूम छात्र पिछले 11 दिनों से अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा था, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। बच्चे की मौत की खबर सामने आते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

यह हादसा 29 अप्रैल को हुआ था। उस दिन दोपहर के समय छात्र स्कूल से घर लौट रहा था। इसी दौरान संजौली इलाके में रास्ते से गुजरते समय एक भवन से अचानक ईंट नीचे गिर गई, जो सीधे उसके सिर पर लगी। ईंट लगते ही बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे आईजीएमसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया था।

परिजनों के अनुसार बच्चे की हालत बेहद गंभीर थी और उसे कई दिनों तक लगातार उपचार दिया गया। पिता पवन कुमार ने बताया था कि बेटे को बचाने के लिए अब तक 11 यूनिट खून चढ़ाया जा चुका था। परिवार लगातार उसके ठीक होने की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन आज सुबह बच्चे ने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद छात्र की मां ने जिला प्रशासन और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई थी। परिजनों का आरोप था कि जिस भवन से ईंट गिरी, वहां राहगीरों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। उनका कहना था कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिसकी वजह से उनका बच्चा इस हादसे का शिकार हुआ। छात्र अपने परिजनों संग संजौली के समिट्री में रहता था। उसके पिता आईजीएमसी में कार्यरत हैं।

पुलिस ने बच्चे की मां की शिकायत पर पहले ही संजौली थाना में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा भी किया था। अब बच्चे की मौत के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# शिमला में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौके पर ही मौत

अनंत ज्ञान

शिमला। शिमला जिले के सुन्नी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात एक ट्रक सड़क से अनियंत्रित होकर नीचे खेतों में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिमला के शोघी निवासी 26 वर्षीय रविंद्र ठाकुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक ट्रक के नीचे बुरी तरह फंस गया था, जिसे बाहर निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को करीब पांच घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब डेढ़ बजे थाना सुन्नी को सूचना मिली कि बड़मैन धार में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से नीचे खेतों में गिर गया है और चालक ट्रक के नीचे फंसा हुआ है। सूचना मिलने के बाद एएसआई बृजलाल पुलिस दल के साथ मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचने पर पुलिस ने पाया कि ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था और चालक उसके नीचे दबा हुआ था। पुलिस और स्थानीय लोगों ने जेसीबी तथा अन्य भारी मशीनों की मदद से राहत कार्य शुरू किया। करीब पांच घंटे की मेहनत के बाद चालक को ट्रक के नीचे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

चालक की पहचान उसकी जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड के आधार पर रविंद्र ठाकुर (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सुन्नी भेज दिया है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

### विदेशों में पढ़ रहे हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों पर आर्थिक संकट

# राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति की राशि में देरी पर एसएफआई ने जताई गंभीर चिंता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति (एनओएस) की राशि जारी करने में हो रही लगातार देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

छात्र संगठन ने कहा कि विदेशों में अध्ययन कर रहे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य वंचित समुदायों के अनेक विद्यार्थियों को मार्च 2026 से अब तक छात्रवृत्ति की निर्धारित राशि प्राप्त नहीं हुई है। विशेष रूप से ब्रिटेन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मार्च तिमाही के लिए लगभग ढाई हजार पाउंड की जीवन–निर्वाह सहायता मिलनी थी, लेकिन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा धनराशि जारी न किए जाने के कारण विद्यार्थी आर्थिक तंगी और असमंजस की स्थिति में पहुंच गए हैं।



- अनुसूचित जाति, जनजाति व वंचित वर्गों के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर मंडराया खतरा

बढ़ती महंगाई और विदेशों में जीवन–यापन के बढ़ते खर्च के बीच यह देरी विद्यार्थियों के लिए गंभीर संकट बन गई है। एसएफआई ने कहा कि राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसमें किसी भी प्रकार की देरी योजना के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है। संगठन के अनुसार छात्रवृत्ति न मिलने के कारण कई विद्यार्थियों को अतिरिक्त रोजगार तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एसएफआई ने केंद्र सरकार और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय से मांग की है कि लंबित राशि को बिना किसी और विलंब के तुरंत जारी किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा, सम्मान और भविष्य सुरक्षित रह सके।

# रामपुर में खेतों में काम कर रहे व्यक्ति पर भालू का हमला

अनंत ज्ञान

रामपुर बुशैहर। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में खेत में काम कर रहे एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए खनेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार को थाना रामपुर को खनेरी अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को भालू के हमले में घायल होने के बाद उपचार के लिए लाया गया है।

घायल की पहचान रामपुर के सोबली गांव निवासी 58 वर्षीय देविन्द्र सिंह के रूप में हुई है। जांच के दौरान सामने आया कि देविंद्र सिंह अपने भाई हीरा सिंह के साथ गांव सोबली में खेत में काम कर रहे थे। काम के दौरान दोनों पानी पीने के लिए पास के नाले की ओर जा रहे थे।



- बुरी तरह घायल, खनेरी अस्पताल में उपचाराधीन

इसी दौरान झाड़ियों में छिपा एक भालू अचानक बाहर निकल आया और उसने देविंद्र सिंह पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर, गर्दन और कान पर चोटें आई हैं। घायल देविंद्र सिंह का खनेरी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने गवाहों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गर्मी बढ़ते ही पहाड़ों की ओर लौटे भेड़पालक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के निचले क्षेत्रों में गर्मी का असर तेज होते ही घुमंतु भेड़पालकों ने एक बार फिर ऊंचे पहाड़ी इलाकों का रुख कर दिया है। हर वर्ष की भांति इस बार भी गडरिये अपनी भेड़-बकरियों के साथ मैदानी क्षेत्रों से निकलकर नारकंडा, किन्नौर, डोडरा क्वार और अन्य ऊंचे जंगलों की ओर बढ़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप, बरसात और कड़ाके की ठंड के बीच खुले आसमान तले जीवन बिताने वाले ये चरवाहे मौसम के अनुसार लगातार पलायन करते हैं और इसी परंपरा के सहारे अपने परिवारों का पालन-पोषण करते हैं। किन्नौर के छितकुल से आए घुमंतु भेड़पालक छेरिंग ने बताया कि भेड़ पालन उनका पुश्तैनी व्यवसाय है और इसे जीवित रखने के लिए उन्हें वर्षभर घर से दूर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिना स्थायी छत और सुविधाओं के कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताना आसान नहीं है, लेकिन वर्षों से इस कार्य से जुड़े होने के कारण अब यह उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है।

**सुविधा** राजधानी में एंट्री प्वाइंट पर ही मिलेगी स्लॉट की जानकारी, तीन प्रमुख स्थानों पर लगेगी स्मार्ट स्क्रीन

# शिमला में पार्किंग की डिजिटल क्रांति, मोबाइल से होगी बुकिंग

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला शहर में लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या और पार्किंग संकट से जूझ रहे लोगों के लिए अब राहत भरी खबर सामने आई है। राजधानी के प्रमुख एंट्री प्वाइंट्स पर जल्द ही ऐसी स्मार्ट व्यवस्था शुरू होने जा रही है, जिसके माध्यम से वाहन ।

चालकों को शहर में उपलब्ध पार्किंग स्लॉट की जानकारी प्रवेश करते ही मिल जाएगी। इसके लिए तीन महत्वपूर्ण स्थानों पर बड़ी डिजिटल स्क्रीनें स्थापित की जाएंगी, जहां विभिन्न पार्किंग स्थलों में खाली जगह की लाइव जानकारी प्रदर्शित होगी। इससे लोगों को बिना वजह शहर की सड़कों पर पार्किंग खोजने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और यातायात दबाव भी काफी हद तक कम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### यातायात में आएगा सकारात्मक बदलाव

**प्रशासन** का तर्क है कि राजधानी को तकनीक आधारित सुविधाओं से जोड़कर ट्रैफिक प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाया जाए। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि यदि यह व्यवस्था सफल रहती है तो आने वाले समय में शिमला की यातायात व्यवस्था में बड़ा सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

नई व्यवस्था के तहत वाहन चालक अपने मोबाइल फोन से ही पार्किंग स्लॉट की बुकिंग कर सकेंगे। तकनीक आधारित इस सुविधा से पर्यटकों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को बड़ा लाभ मिलने वाला है। खासतौर पर पर्यटन सीजन और सप्ताहांत के दौरान शहर में लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलने की संभावना है।




- पार्किंग स्थलों में अनावश्यक भीड़ से मिलेगा छुटकारा

नगर प्रशासन का मानना है कि डिजिटल पार्किंग प्रबंधन व्यवस्था लागू होने से शहर में ट्रैफिक संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम बनेगा। इसके अलावा पार्किंग स्थलों में अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था पर भी नियंत्रण रखा जा सकेगा।

### सैलानियों व स्थानीय लोगों को मिलेगा फायदा

**शिमला** में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत लगातार आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है और यह कदम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। शहर में आने वाले लोगों को अब पार्किंग के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा, बल्कि वे पहले से ही अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट सुरक्षित कर सकेंगे।

# चुनावी माहौल में तबादलों पर ब्रेक

## 31 मई तक तबादला फाइलें भेजने पर रोक, चुनाव आयोग के निर्देश जारी

अनंत ज्ञान




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों की तेज होती सरगर्मियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा और सख्त कदम उठाया है। आयोग ने सभी सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों को निर्देश जारी करते हुए साफ कहा है कि 31 मई तक कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों से जुड़ी फाइलें मंजूरी के लिए आयोग को न भेजी जाएं।

चुनाव आयोग का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान लगातार बड़ी संख्या में तबादला प्रस्ताव आने से जरूरी चुनावी कार्य प्रभावित हो रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में चुनावी व्यवस्थाओं को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है।

◆ **अत्यंत आवश्यक मामलों में ही मिल पाएगी मंजूरी**

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि वर्तमान समय में पूरा प्रशासन पंचायत और नगर निकाय चुनावों की तैयारियों में जुटा हुआ है। मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन, नामांकन प्रक्रिया, पोलिंग पार्टियों की तैयारियों और चुनावी प्रबंधन जैसे अहम कार्यों के बीच तबादलों की फाइलों की भरमार आयोग के कामकाज को प्रभावित कर रही थी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केवल अत्यंत आवश्यक और चुनाव कार्य से सीधे जुड़े मामलों को ही विचारार्थ भेजा जाएगा, जबकि बाकी सभी मामलों को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा।

सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में कई विभागों ने बड़े स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों के प्रस्ताव आयोग को भेजे थे। इन प्रस्तावों की जांच और स्वीकृति में काफी समय लग रहा था, जिससे चुनावी तैयारियों की गति प्रभावित हो रही थी। आयोग ने अब प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और सरकारी उपक्रमों को सख्त लहजे में निर्देश जारी कर दिए हैं।

राजनीतिक गलियारों में भी आयोग के इस फैसले को चुनावी निष्पक्षता और प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

### प्रशासनिक ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त : चुनाव आयोग


**चुनावी** माहौल के बीच आयोग की इस कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिए हैं कि इस बार चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सत्ता और सिस्टम दोनों को यह संदेश पहुंच गया है कि फिलहाल तबादलों की राजनीति नहीं, बल्कि निष्पक्ष चुनाव आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में अब पूरा सरकारी अमला चुनावी ड्यूटी पर केंद्रित रहेगा और तबादलों की फाइलों पर ब्रेक लगने से प्रशासनिक मशीनरी भी राहत की सांस लेती नजर आएगी।

# टाहलीवाल नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला

## प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांगने में जुटे

अनंत ज्ञान





**टाहलीवाल।** नगर पंचायत टाहलीवाल के चुनावी रण में अब मुकाबला पूरी तरह दिलचस्प हो गया है। नामांकन वापसी के अंतिम दिन तीन महिला प्रत्याशियों द्वारा अपने नाम वापस लेने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है और अब अधिकांश वार्डों में सीधा मुकाबला कांग्रेस समर्थित तथा भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के बीच रह गया है।

कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों में वार्ड नंबर-1 से संजीव कुमार, वार्ड-2 से राज कुमार, वार्ड-3 से बलवीर कौर, वार्ड-4 से हरदयाल सिंह बग्गू, वार्ड-5 से नीलम रानी, वार्ड-6 से तेजा राम और वार्ड-7 से सुनीता चुनाव मैदान में हैं। वहीं भाजपा समर्थित उम्मीदवारों में वार्ड-1 से बलवंत सिंह, वार्ड-2 से निरंजना कुमारी, वार्ड-3 से डिंपल रानी, वार्ड-4 से राजकुमार मल्ली, वार्ड-5 से राजकुमारी, वार्ड-6 से अजय कुमार तथा वार्ड-7 से अनु देवी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

चुनाव प्रचार ने अब पूरी तरह जोर पकड़ लिया है। दोनों दलों के प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। विकास, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सड़कें, स्ट्रीट लाइट और जनहित से जुड़े मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में हैं। नगर पंचायत बनने के बाद यह पहला बड़ा चुनाव होने के कारण स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों, चौपालों और गांवों में चुनावी चर्चाएं तेज हैं। राजनीतिक दलों के समर्थक भी अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हुए हैं। अब सबकी निगाहें मतदान और उसके बाद आने वाले चुनाव परिणामों पर टिक गई हैं।

# पंचायतीराज चुनाव: हर पद के लिए 20-20 चिन्ह जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी पंचायत पदों हेतु नए चुनाव चिह्नों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। आयोग की ओर से ग्राम पंचायत सदस्य, उप-प्रधान, प्रधान, पंचायत समिति और जिला परिषद के प्रत्याशियों के लिए अलग-अलग 20-20 चुनाव चिह्न निर्धारित किए गए हैं। खास बात यह है कि यदि किसी वार्ड या पंचायत में प्रत्याशियों की संख्या अधिक होती है तो आयोग ने 15 अतिरिक्त संयुक्त चुनाव चिह्न भी तैयार रखे हैं, ताकि किसी भी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया प्रभावित न हो। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इसके साथ ही वर्ष 2015 में जारी पुरानी अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-के और हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। पंचायत चुनावों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और प्रत्याशियों की संख्या को देखते हुए इस बार चुनाव चिह्नों का चयन भी बेहद सोच-समझकर किया गया है, ताकि ग्रामीण मतदाताओं को पहचान में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए आम, ट्रैक्टर, कैमरा, मशाल, सिलाई मशीन, बिजली का बल्ब और फसल काटता किसान जैसे प्रतीक तय किए गए हैं। वहीं उप-प्रधान पद के लिए टेलीविजन, गैस सिलेंडर, नाव, पुस्तक, बल्लेबाज, हेलमेट और बांसुरी जैसे चिह्न रखे गए हैं। पंचायत प्रधान पद के उम्मीदवारों को हाथ घड़ी, धनुष-बाण, रेल इंजन, ट्रक, पुल, हारमोनियम, दीवार घड़ी और रोड रोलर जैसे चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। पंचायत समिति के लिए सेब, चढ़ता सूरज, रेडियो, पतंग, वायुयान, मोमबत्ती और तरबूज जैसे प्रतीकों का निर्धारण किया गया है, जबकि जिला परिषद प्रत्याशियों को ताला-चाबी, छाता, जीप, फुटबॉल, ढोलक, अंगूठी, मोटरसाइकिल और हीरा जैसे निशान मिलेंगे।

◆ **आम, ट्रैक्टर, ताला-चाबी, रेल इंजन, पतंग के निशान बांटे**

# छोटा नहीं, बड़ा है नगर निगम चुनाव : जयराम

## बोले-भाषणों में नहीं बनते टूरिज्म कैपिटल, धरातल में करना होता है काम

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नगर निगम का चुनाव छोटा नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश तीन दशक पीछे चला गया है। धर्मशाला के विधायक और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू में विशेष प्रेम है, दोनों एक दूसरे को रोज याद करते हैं। जयराम ने कहा कि भाषणों में टूरिज्म केपिटल नहीं बनते, बल्कि धरातल में काम करना पड़ता है।

जयराम रविवार को धर्मशाला के दाड़ी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू परनगर निगम और पंचायती राज चुनाव देर से करवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार चुनाव को टालना चाहती थी, जिसके लिए आपदा का बहाना बनाया और डिजास्टर एक्ट लगा दिया। अब चुनाव हो रहे हैं तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल जैसे समय में हमने समय पर पंचायती राज चुनाव करवाए थे। उन्होंने कहा कि नगर निगम में जीत से शुरूआत होगी, फिर बदलाव की लहर से राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी। जयराम ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने धर्मशाला में जिनको प्रभारी लगाया था, वे मना कर गए। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट विस्तार को लेकर तकनीकी ौपचारिकताएं भाजपा कार्यकाल में ही पूरी करवाई गई थी। केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल में बनने वाले भवन को लेकर भी भूमि चिन्हित करवाई थी, लेकिन साढ़े तीन साल में कांग्रेस सरकार इसके 30 करोड़ रुपये जमा नहीं करवा पाई है।

प्रदेश सरकार के चिट्टे के खिलाफ अभियान पर सवाल उठाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि आज भी युवाओं के पास चिट्टा पहुंच रहा है।

◆ **कहा- कांग्रेस राज में तीन दशक पीछे चला गया हिमाचल**

◆ **सीएम सुक्खू का विधायक सुधीर शर्मा से विशेष प्रेम**

# भाजपा ने चुनाव आयोग से की दो अधिकारियों की शिकायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों के बीच सियासी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। भाजपा ने राज्य चुनाव आयोग के समक्ष विकास खंड पांवटा साहिब में कार्यरत जेई शमशेर प्रकाश तथा नाहन के कार्यकारी खंड विकास अधिकारी परमजीत ठाकुर के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज करवाई है। भाजपा प्रदेश कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर ने आरोप लगाया कि दोनों अधिकारी पंचायत चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं और प्रशासनिक तंत्र का राजनीतिक लाभ के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। भाजपा ने चुनाव आयोग से दोनों अधिकारियों का तत्काल तबादला करने की मांग उठाई है।

भाजपा ने शिकायत पत्र में कहा कि रामपुर भारापुर पंचायत से प्रधान पद का चुनाव लड़ रहीं किरण बाला, जेई शमशेर प्रकाश की पत्नी हैं और उन पर राजनीतिक प्रभाव के जरिए चुनावी माहौल प्रभावित करने के आरोप लगे हैं। भाजपा का दावा है कि कुछ क्षेत्रों में कांग्रेस समर्थित लोगों को योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों में प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि भाजपा समर्थकों के कार्यों में जानबूझकर बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। पार्टी ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पंचायत चुनावों के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे जनता का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास कमजोर हो सकता है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा के लिए भाजपा हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी।

# कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त : पायल वैद्य

## कहा- चुनाव में सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों का जवाब देगी जनता

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री एवं नगर निगम चुनाव मंडी प्रभारी पायल वैद्य ने कहा कि नगर निगम मंडी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक और प्रचंड जीत दर्ज करेगी, क्योंकि प्रदेश की जनता कांग्रेस की सुक्खू सरकार से पूरी तरह निराश और परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन साडे तीन वर्षों के कार्यकाल में जनता को केवल झूठे आश्वासन और धोखा मिला है।

पायल वैद्य ने कहा कि महिलाओं को 1500 रुपए देने के नाम पर गुमराह किया गया, युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा गया और कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम के नाम पर भ्रमित किया गया। आज प्रदेश का हर वर्ग कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से दुखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम मंडी में कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान विकास पूरी तरह ठप रहा। शहर के विकास कार्यों की अनदेखी की गई और नगर निगम के बजट में लगातार कटौतियां की गईं, जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कांग्रेस सरकार जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। पायल वैद्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति में विश्वास करती है। नगर निगम चुनाव में जनता कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों का जवाब देगी और भाजपा को भारी बहुमत के साथ विजयी बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी और प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

◆ **प्रदेश की महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों से वादाखिलाफी कांग्रेस को पड़ेगी भारी**

◆ **भाजपा हमेशा पारदर्शिता, विकास और जनहित की राजनीति में करती है विश्वास**

# भाजपा ने बागी नेताओं पर कसा कड़ा शिकंजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि नगर निगम सोलन में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के विरुद्ध चुनाव मैदान में उतरने वाले कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। प्रदेश अनुशासन समिति की सिफारिश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने इन नेताओं की प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। भाजपा के शिमला मुख्यालय से जारी सूची के अनुसार वार्ड नंबर-3 से गौरव राजपूत और रजनी राजपूत, जबकि वार्ड नंबर-7 से रामपाल तथा मुकेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि संगठन विरोधी गतिविधियों को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और चुनावों के दौरान अनुशासनहीनता पर सख्त कदम आगे भी जारी रहेंगे।

◆ **नगर निगम सोलन में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ लड़ने वालों का पार्टी से निलंबन**

# सिरमौर की द्राबिल पंचायत में भी निर्विरोध चुने जनप्रतिनिधि

## महासू महाराज के प्रांगण में लिखी एकता की नई इबारत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और नगर निकाय चुनाव के सियासी शोर के बीच सिरमौर से फिर एक बार सहमति की गूंज सुनाई दी है। शिलाई की द्राबिल पंचायत ने महासू महाराज के प्रांगण में एकता की नई इबारत लिख दी है। चुनाव नहीं, 'चयन' की इस परंपरा ने द्राबिल को जिले की पांचवीं ऐसी पंचायत बना दिया है, जिसने लोकतंत्र को आपसी भाईचारे से परिभाषित किया है। द्राबिल के महासू महाराज मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें पूरे पंचायत पैनल पर सर्वसम्मति बनी। बता दें कि जब उत्तराखंड से चालदा महासू महाराज हिमाचल प्रवास पर सिरमौर के शिलाई पहुंचे थे, तब उनका पहला पड़ाव द्राबिल में ही हुआ था। सिरमौर का गिरिपार इलाका दाईचारे और भाईचारे के लिए भी जाना जाता है। यही वजह है कि यहां सबकी सहमति से पंचायत के सभी जन प्रतिनिधियों को चुन लिया गया। बताया जा रहा है कि चालदा महासू महाराज के पड़ाव के दौरान ही ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पंचायत चुनने का निर्णय ले लिया था। पंचायत के पूर्व प्रधान मदन शर्मा ने बताया कि महासू महाराज के आशीर्वाद से ग्रामीणों ने आपसी सहमति बनाते हुए पूरे पंचायत पैनल का चयन किया है। इसकी औपचारिक जानकारी 15 मई को खंड विकास अधिकारी शिलाई को दी जाएगी। नवनियुक्त पंचायत प्रतिनिधियों में दया देवी को प्रधान चुना गया है, जबकि उपप्रधान पद के लिए गंगाराम के नाम पर सहमति बनी। वार्ड नंबर एक कयाना टापरा से प्रमिला देवी, वार्ड नंबर दो द्राबिल-1 से ज्ञान चंद शर्मा, वार्ड नंबर तीन द्राबिल-2 से इंदिरा देवी, वार्ड नंबर चार कियत चोटी से सविता देवी और वार्ड नंबर पांच नाउतू मशाना सोनोग से रघुवीर शर्मा को सदस्य चुना गया। बता दें कि इससे पहले टटियाना, दाड़ो देवरिया, शीना और शरली पंचायतें भी निर्विरोध चुनी जा चुकी हैं। अब द्राबिल पंचायत इस सूची में शामिल हो गई है।

# चुनावी रण में पढ़े-लिखे एवं अनुभवी चेहरों की भरमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चार नगर निगमों सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला में होने जा रहे नगर निगम चुनाव इस बार कई मायनों में अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं। चुनावी रण में जहां पढ़े-लिखे और अनुभवी चेहरों की भरमार दिखाई दे रही है, वहीं सामान्य पृष्ठभूमि से जुड़े लोग भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी राजनीतिक किस्मत आजमाने मैदान में उतर गए हैं। महिला आरक्षण का असर भी इस चुनाव में साफ नजर आ रहा है, क्योंकि पहली बार महिला उम्मीदवारों की संख्या पुरुषों से कहीं अधिक दिखाई दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार चारों नगर निगमों में कुल 172 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 96 महिलाएं और 76 पुरुष प्रत्याशी हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 50 प्रतिशत आरक्षण के चलते स्थानीय निकाय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी लगातार मजबूत हुई है। ओपन श्रेणी में 94 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि एससी महिला वर्ग से 22, एसटी महिला वर्ग से पांच और ओबीसी महिला वर्ग से तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि नगर निगम चुनावों में महिलाओं की भूमिका अब निर्णायक बनने लगी है। शिक्षा के स्तर पर देखें तो चुनावी तस्वीर काफी दिलचस्प है। सबसे अधिक 46 उम्मीदवार स्नातक हैं, जो कुल प्रत्याशियों का लगभग 26.74 प्रतिशत बनते हैं। इसके अलावा 30 प्रत्याशी स्नातकोत्तर शिक्षित हैं। वहीं 14 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनकी शिक्षा दसवीं से कम है, जबकि एक प्रत्याशी निरक्षर भी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहा है। यह तस्वीर दर्शाती है कि लोकतंत्र के पर्व में सामाजिक पकड़ और जनसंपर्क भी चुनावी राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं।

**सियासत** सांसद ने कुम्मी में श्री राधामाधव मंदिर एवं मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में की शिरकत

# सहयोगियों को भी धोखा दे रही कांग्रेस : अनुराग

अनंत ज्ञान



लोगों को संबोधित करते सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश के दौरे के दौरान रविवार को हमीरपुर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंडी जिले के कुम्मी में आयोजित श्री राधामाधव मंदिर एवं मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पंजाब की राजनीति को लेकर कांग्रेस, टीएमसी और आम आदमी पार्टी पर तीखे हमले बोले। अनुराग ठाकुर ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कहा कि टीएमसी का मतलब 'टेरर, मर्डर और कट-मनी' बन चुका था, लेकिन बंगाल की जनता ने इस राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि अब पश्चिम बंगाल में भाजपा की ताकत लगातार बढ़ रही है और 'सोनार बांग्ला' का सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मुगल आए और चले गए, अंग्रेज भी चले गए, लेकिन सनातन संस्कृति सदैव कायम रही है और आगे भी रहेगी। ठाकुर ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सनातनी परंपराओं को दबाने का प्रयास किया गया, जबकि यह वही धरती है जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रवींद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुष दिए।

तमिलनाडु के राजनीतिक घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस को 'सत्ता का भूखा' बताते हुए आरोप लगाया कि वह अपने सहयोगियों को भी धोखा देने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार सहकारी संघवाद की भावना के तहत पूरा सहयोग करेगी।

### एजेंसियां पंजाब में भ्रष्टाचार की कर रहीं स्वतंत्र जांच

**पंजाब** में आम आदमी पार्टी के एक कैबिनेट मंत्री की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब में कई नेताओं पर गंभीर आरोप हैं और जांच एजेंसियां पूरी निष्पक्षता के साथ कार्रवाई कर रही हैं। भ्रष्टाचार से जुड़ी जानकारियां सामने आने के बाद एजेंसियों ने कार्रवाई तेज की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# भाजपा ने जिला परिषद चुनाव को जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची

अनंत ज्ञान

◆ **मंडी, महासू, चंबा और बिलासपुर में उतारे प्रत्याशी**

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों की सरगर्मियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने जिला परिषद चुनावों के लिए समर्थित प्रत्याशियों की नई सूची जारी कर दी है। भाजपा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में मंडी, बिलासपुर, शिमला (महासू) और चंबा जिलों के विभिन्न वार्डों से उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी ने इसे संगठनात्मक चर्चा और वरिष्ठ नेतृत्व के विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया है।

शिमला मुख्यालय स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्थानीय शहरी निकाय चुनाव के प्रदेश संयोजक, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने मंडल, जिला एवं प्रदेश चुनाव समिति के साथ मंथन के बाद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। जारी सूची के अनुसार मंडी जिला के मझोटी वार्ड से इंद्र देव, रोड़ वार्ड से शिव चंद तथा ब्रयोगी वार्ड से रोहित ठाकुर को पार्टी समर्थित उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं बिलासपुर के बड़गांव वार्ड से सरवन सिंह, शिमला जिला के कुमारसैन वार्ड से तारा देवी तथा चंबा जिला के बख्तपुर और जिढ़ता वार्ड से क्रमशः पल्लवी देवी और शांति देवी को मैदान में उतारा गया है। भाजपा द्वारा जिला परिषद प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संबंधित क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं। पार्टी संगठन अब गांव-गांव जाकर प्रचार अभियान को धार देने की तैयारी में जुट गया है।

माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य जिलों और वार्डों के लिए भी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

# मैट्रिक रिजल्ट : मेरिट में 107 स्टूडेंट्स का कब्जा

## शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में लड़कों को पछाड़ कर लड़कियों का दबदबा कायम, निजी स्कूल भी छाए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में 107 स्टूडेंट्स ने जगह बनाई है। इनमें से लड़कियों की संख्या अधिक है। एक बार फिर से लड़कियों ने अपना दबदबा बरकरार रखा है। इससे पहले घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में भी लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ते हुए मैरिट में अपना दबदबा कायम किया था। वहीं, दसवीं की मेरिट में निजी स्कूलों ने सरकारी स्कूलों को पछाड़ते हुए अधिक स्थान अपने नाम किए हैं।

### 83 स्थानों पर लड़कियां का कब्जा

**मेरिट** के 107 स्थानों में लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले तीन गुना से अधिक स्थानों पर जगह बनाई है। मेरिट में शामिल लड़कियों की संख्या 83 है, जबकि लड़के 24 ही स्थानों पर ही जगह बना पाए हैं।

**निजी स्कूलों का दबदबा :** मेरिट में निजी स्कूलों ने दबदबा बनाया है। 107 स्थानों में से 83 पर निजी स्कूलों, जबकि सरकारी स्कूलों के 24 ही विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए हैं। ऐसे में स्पष्ट है कि निजी स्कूलों ने मेरिट में सरकारी स्कूलों की अपेक्षा तीन गुणा स्थानों पर अपना कब्जा जमाया है।

### लड़कों की पास प्रतितशता अधिक

**दसवीं** के परीक्षा परिणाम की मेरिट में भले ही अधिकतर स्थानों पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है, लेकिन पास प्रतिशतता के मामले में लड़कों ने लड़कियों को पछाड़ दिया है। 93661 परीक्षार्थियों में से 78150 पास हुए हैं। 48097 लड़कों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिनमें से 39701 पास हुए हैं, वहीं 45079 लड़कियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 38449 लड़कियां पास हुई हैं।

# 79.8 फीसदी से 4.79 बढ़कर 83.87 फीसदी पहुंचा मैट्रिक रिजल्ट

◆ **कुछ समय के लिए वेबसाइट क्रैश से परेशानी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित मैट्रिक का परीक्षा परिणाम पूर्व के वर्ष के 79.8 फीसदी से 4.79 बढ़कर इस बार 83.87 प्रतिशत रहा। कांगड़ा जिले के एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की छात्रा अनमोल ने 700 में से 699 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में टॉप-10 मेरिट लिस्ट में कुल 107 छात्रों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें बेटियों ने 83 स्थानों पर कब्जा किया है। वहीं, एक बार फिर सरकारी स्कूल फीसड्डी साबित हुए हैं, करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर व शिक्षकों के बावजूद 107 में मात्र 24 स्थान पर सरकारी, जबकि 83 पर निजी स्कूलों को दबदबा रहा है। इस बार भी पिछले वर्षों की भांति वेबसाइट कुछ समय के लिए क्रैश हो गई, जिससे छात्रों को रिजल्ट देखने में दिक्कत हुई है। कंपार्टमेंट घोषित व अंक में सुधार करने वाले छात्रों के लिए 20 दिन के बाद जून माह में दूसरी परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर फाइनल रिजल्ट व मेरिट सूची जारी की जाएगी। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अभी प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की गई, जिसमें जून में बदलाव होने के बाद फाइनल मेरिट सूची जारी होगी।

### कांगड़ा की अनमोल टॉपर

**दसवीं** की परीक्षा में इस बार एवीएम पब्लिक स्कूल पहाड़ा की अनमोल ने 700 में से 699 अंक लेकर 99.86 प्रतिशत संग प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, द्वितीय स्थान पर तीन छात्रों जीएसएसएस रपो मिश्रां ऊना के अभिनव मेहता, जीएसएसएस गर्ल्ज बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा व रपो मिश्रां ऊना की रूहानी धीमान ने 700 में से 698 अंक 99.71 प्रतिशत प्राप्त किए हैं। इन छात्रों ने 99.71 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा नीलम पब्लिक स्कूल बिझड़ी हमीरपुर की छात्रा अश्विका शर्मा व ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली मंडी की अलीशा ठाकुर ने 697 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। इन्होंने 99.57 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वहीं, उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अनमोल को बधाई दी है।

### अब परीक्षा केंद्रों में लगेंगे ओडियो-वीडियो कैमरे

**बोर्ड** अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले परिणाम में बढ़ोतरी हुई है। परीक्षाओं में सुधार के बड़े प्रयास किए गए हैं। इसमें न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत प्रश्न पत्र में बदलाव करते हुए एमसीक्यू व कप्टेंसी बेस्ड प्रश्न शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षाओं के लिए राज्यभर में 2384 सेंटर बनाए गए थे। इस बार लाइव मॉनिटरिंग भी परीक्षा केंद्रों की गई है। अगली बार ओडियो-वीडियो कैमरे से परीक्षा केंद्रों में निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही मूल्यांकन के लिए 41 केंद्र बनाए गए थे।

### जून में दोबारा परीक्षा देने का मौका

**हिमाचल** स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला आज पांचवें स्थान पर है। वहीं, इस बार जून में दसवीं में कंपार्टमेंट वाले परीक्षार्थी दोबारा परीक्षा दे पाएंगे। इसमें बच्चों को अपने अंक सुधार करने का मौका भी मिल पाएगा। इसमें कुल सात विषयों में से पांच मुख्य में से दो में फेल होने पर भी कंपार्टमेंट में शामिल कर परीक्षा पास करने का अवसर दिया गया है। हालांकि, फेल छात्रों को जून में परीक्षा देने का मौका नहीं मिल पाएगा, उन्हें आगामी सत्र में ही परीक्षा होगी। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि दो वर्ग के छात्र कंपार्टमेंट व पास छात्र जो तीन विषयों में अंक सुधार करने को जून में परीक्षा होगी।

# नौ अंकों के अंतराल से 107 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

◆ **टॉपर और दसवें स्थान के विद्यार्थियों के प्राप्त अंकों में 1.29 फीसदी का अंतर**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मैट्रिक के परीक्षा परिणाम की मेरिट में 9 अंकों के अंतराल से 107 विद्यार्थियों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है। 9 अंकों के अंतर से मेरिट में जगह बनाने के लिए विद्यार्थियों के कांटे की टक्कर हुई, जो कि मेरिट से स्पष्ट हो जाता है।

मेरिट में टॉपर अनमोल ने 699 अंक (99.86 फीसदी) हासिल किए हैं, जबकि दसवें स्थान पर 690 अंकों वाले विद्यार्थी शुमार हुए हैं, ऐसे में प्राप्त अंक प्रतिशतता का टॉपर व दसवें स्थान के स्टूडेंटस में अंतर 1.29 फीसदी रहा है।

### 9वें स्थान पर सबसे अधिक 25 विद्यार्थी

**दसवीं** की मेरिट में 107 स्थानों में से नौवें स्थान पर सबसे अधिक 25, जबकि दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। मेरिट में पहले स्थान पर 1, दूसरे स्थान पर 3, तीसरे स्थान पर 2, चौथे स्थान पर 4, पांचवें व छठे स्थान पर 8-8, सातवें स्थान पर 13, आठवें स्थान पर 19, जबकि नौवें पर 25 और दसवें स्थान पर 24 विद्यार्थी काबिज हैं।

### 83 लड़कियां, 83 ही निजी स्कूल

**मैट्रिक** के रिजल्ट में एक अद्भुत संयोग बना है, जिसमें मेरिट में 83 लड़कियों ने जगह बनाई है, वहीं मेरिट में जगह बनाने वाले निजी स्कूलों का आंकड़ा भी 83 का ही सामने आया है। इसी तरह सरकारी स्कूलों की बात करें तो 24 स्कूल मेरिट में रहे हैं, वहीं 24 लड़के ही मेरिट में अपना स्थान पक्का कर पाए हैं।

# 28 स्थानों संग छाया हमीरपुर जिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हमीरपुर जिले के विद्यार्थियों ने कमाल किया है। हमीरपुर के विद्यार्थियों ने मेरिट में सबसे अधिक 28 स्थानों पर जगह बनाई है, जबकि 19 स्थानों के साथ जिला कांगड़ा दूसरे, जबकि जिला मंडी 18 स्थानों के साथ तीसरे स्थान पर है। जमा दो के परीक्षा परिणाम में जिला कांगड़ा के विद्यार्थियों ने प्रदेश में सबसे अधिक स्थानों पर कब्जा जमाया था। दसवीं की मेरिट में हमीरपुर के 28, कांगड़ा 19, ऊना 9, बिलासपुर 12, सोलन 8, मंडी 18, शिमला व चंबा 4-4, सिरमौर 3, कुल्लू 2 विद्यार्थी काबिज हुए हैं।

**मेरिट के 19 स्थानों के साथ कांगड़ा दूसरे और मंडी तीसरे स्थान पर**

### पिछले वर्ष 117 और इस बार 107 स्टूडेंट्स मेरिट में

**आंकड़ों** के अनुसार, वर्ष 2025 में मैट्रिक की मेरिट में 117 विद्यार्थियों ने जगह बनाई थी, जबकि इस बार मेरिट में 107 विद्यार्थी शुमार हुए हैं, जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा 10 कम हैं। वर्ष 2024 में 92 विद्यार्थी मेरिट में जगह बना पाए थे। इस वर्ष मेरिट की पास प्रतिशतता 83.87 फीसदी रही है, जबकि वर्ष 2025 में पास प्रतिशतता 79.8 फीसदी और वर्ष 2024 में 74.61 फीसदी रही थी। वर्ष 2024 में 91330, वर्ष 2025 में 95068 और इस वर्ष 93661 ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी।

# पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण के लिए 25 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**दसवीं** परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रणाली द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर पुनर्मूल्यांकन के लिए एक हजार व पुनर्निरीक्षण के लिए 800 प्रति विषय की दर से 25 मई तक आवेदन कर सकते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

# द न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंसिस की छात्रा यामिनी ने मेरिट में पाया सातवां स्थान

अनंत ज्ञान



**कोहली, शाहपुर।** द न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंसेज छतड़ी की छात्रा यामिनी ने प्रदेशभर में 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 693 अंक (99 फीसदी) लेकर प्रदेश भर में सातवां स्थान हासिल किया है।

यामिनी के पिता मनजीत कुमार एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ-साथ अपना व्यवसाय करते हैं तथा माता रंजना देवी स्वास्थ्य विभाग में फार्मेसी ऑफिसर पद पर नूरपुर में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

यामिनी ने बताया कि सुबह उठने के बाद वह सैर के साथ-साथ योगा तथा बैडमिंटल खेलती है। उन्होंने बताया कि रात 9 बजे तक पढ़ाई करती है, कभी-कभी पेंटिंग भी करती है। यामिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों, अपने माता-पिता और अपनी बड़ी बहन को दिया। यामिनी भविष्य में न्यूरो सर्जन बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

# गुरनबाड़ गांव की वंशिका ने टॉप-10 में बनाई जगह

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुरनवाड़ गांव की बेटी वशिका ने प्रदेशभर में 10वां स्थान हासिल किया है।

वंशिका ने 700 में से 690 अंक प्राप्त कर परिवार, स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशिका लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक की छात्रा रही हैं। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और ग्रामीणों ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक के एमडी गुरदास राम ने कहा कि वंशिका की मेहनत, अनुशासन और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। वंशिका की



बेटी की सफलता पर परिवार में उत्साह का माहौल। अनंत ज्ञान

माता अरुणा देवी लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक में शिक्षिका हैं, जबकि उनके पिता संजीव कुमार आईटीबीपी में श्रीनगर में सेवाएं दे रहे हैं। बेटी की सफलता पर परिवार में उत्साह का माहौल है। वंशिका ने बताया कि वह शिक्षिका बनना चाहती है। मैथ और साइंस उनके पसंदीदा विषय हैं, इसलिए उन्होंने अब 10+1 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनौर में नॉन मेडिकल विषय चुना है।

# धौलाधार कॉन्वेंट स्कूल भवारना की छात्रा लविश ने झटका प्रदेशभर में 9वां स्थान

अनंत ज्ञान



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में धौलाधार कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की छात्रा लविश पुत्री विजय भाटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 में से 691 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में 9वां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम मेहरा ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है तथा अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंशिका शर्मा ने 98 प्रतिशत, अर्शिता ने 96 प्रतिशत, यशिता ने 95.71 प्रतिशत, ऐश्वर्या ने 93.71 प्रतिशत, सहज कौर ने 92.86 प्रतिशत, आरुषि ने 92 प्रतिशत तथा अमृता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि लविश शुरू से ही अत्यंत मेहनती, अनुशासित एवं प्रतिभाशाली छात्रा रही है।

उन्होंने इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। लविश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। वह आगे चल कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। विद्यालय के संस्थापक रमेश मेहरा ने भी लविश की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे तथा विद्यालय के समस्त अध्यापकों को बधाई दी।

# आदर्श स्कूल परागपुर का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** आदर्श विद्यालय परागपुर का मेट्रिक बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की, जो विद्यालय के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा अनोखी सूद ने 97.57% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कशिश राणा ने 95.28% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सात्विक शर्मा ने 95.14% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरी वालिया और अहम ने 94.85% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। 41 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गगन सूद ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस उत्कृष्ट सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।







# फतेहपुर की दो बेटियों अदित्री और वीरता ने हासिल किया 6वां स्थान



अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिले की दो होनहार छात्राओं अदित्री शर्मा और वीरता ठाकुर ने स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की मैट्रिक परीक्षा में प्रदेशभर में छठा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। टैगोर मॉडल स्कूल रैहन की छात्रा अदित्री शर्मा ने 700 में से 694 अंक प्राप्त किए। वह राजिंदर प्रसाद की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं, फतेहपुर क्षेत्र की ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्रा वीरता ठाकुर ने भी 694 अंक लेकर छठा स्थान प्राप्त किया। उनके पिता उपिंदर सिंह कंप्यूटर शिक्षक हैं, जबकि माता आरती देवी अध्यापिका हैं।

वीरता रोजाना 9 से 10 घंटे पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल करने में सफल रहीं। दोनों छात्राओं की सफलता ने यह साबित किया है कि मेहनत, लगन और मजबूत इरादों से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



छात्राओं को मिठाई खिलाकर दी बधाई। अनंत ज्ञान

# भारती विद्यापीठ स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ स्थित भारती विद्यापीठ स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। चौथे स्थान पर इशिता बालिया और कनिष, पांचवें स्थान पर अंशिका राणा और एंजेल शर्मा, छठे स्थान पर रिदिमा राठौर तथा सातवें स्थान पर आदविक सूद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा और प्रिंसिपल संजय शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है और सभी ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की।

### जालग की सायना ने प्रदेशभर में झटका 10वां स्थान



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विस क्षेत्र के तहत जालग के लंघा की बेटी सायना पुत्री मुकेश कुमार ने स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वां स्थान हासिल किया है। सायना ने 700 में से 690 अंक (98.57%) प्राप्त करके मेरिट में बनाई जगह। सायना एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहाड़ा की छात्रा है। सायना की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जालग क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सायना ने खुशी जताते हुए कहा कि इसका सारा श्रेय माता-पिता और गुरुजनों व समस्त स्टाफ को जाता है।

# नगरोटा बगवां के डॉ. अनीश बने भारतीय सेना में कैप्टन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगरोटा बगवां के डॉ. अनीश अंगारिया भारतीय सेना में बने कैप्टन

नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र की पंचायत मुहालकड़ के गदियाड़ा गांव के डॉक्टर अनीश अंगारिया भारतीय सेना में कैप्टन बने हैं। उनका चयन बतौर चिकित्सक हुआ है और अब वे महू स्थित मिलिट्री अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डॉ. अनीश की प्रारंभिक शिक्षा सेंट एडवर्ड स्कूल शिमला में हुई, जबकि उन्होंने नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-35 बी, चंडीगढ़ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। बचपन से ही मेधावी अनीश ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनके पिता त्रिलोक चौधरी नेशनल इंश्योरेंस ऊना में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हैं, जबकि माता सरिता चौधरी शिक्षिका हैं। उनकी बहन रिद्धिमा बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा है। डॉ. अनीश ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और मार्गदर्शकों को दिया है।

# नूरपुर पुलिस का अवैध खनन पर शिकंजा, 9 वाहनों पर कार्रवाई



पुलिस ने मल्टी एक्सल ट्रकों को जब्त किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर ने अवैध खनन की रोकथाम के लिए पिछले 24 घंटों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान माइनिंग एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 9 वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

थाना डमटाल क्षेत्र में पुलिस टीम ने 3 मल्टी एक्सल ट्रक और 1 ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं थाना नूरपुर में चेकिंग के दौरान 4 ट्रैक्टरों को नियमों की अवहेलना करते हुए पकड़ा गया। थाना रेहन क्षेत्र में भी 1 ट्रैक्टर के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी मल्टी एक्सल ट्रकों को जब्त कर आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय अदालत भेज दिया गया है। अन्य वाहनों के खिलाफ भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई है। नूरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध खनन की गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पठानकोट में दो पिस्टल व कारतूस के साथ 3 लोग किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** गैंगस्टरों और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पठानकोट पुलिस ने तीन आरोपियों को दो पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की आशंका है, जिसके चलते मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस संबंध में डीएसपी (डी) विपिन कुमार ने बताया कि स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर शोहरत मान और इंस्पेक्टर दविंदर काशनी को सूचना मिली थी कि एक डिजायर कार में सवार कुछ लोग बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में पठानकोट से गुरदासपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार को रोक लिया। कार में सवार तीन लोगों की पहचान पंकज उर्फ जैक निवासी गांव डल्ला बलिम, शाम उर्फ बाबा निवासी मॉडल टाउन पठानकोट तथा सौरव निवासी गांव हैवत पिंडी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से दो पिस्टल, जिंदा कारतूस और कार बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि बरामद हथियार विदेश निर्मित हैं और उन्हें पाकिस्तान से मंगवाया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करेगी ताकि उनके नेटवर्क और अन्य संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

# गढ़ में सजेगा प्रशासनिक तंत्र का नया आधुनिक संयुक्त दरबार

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर के गढ़ क्षेत्र में प्रशासनिक केंद्र की नींव रखने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। विशेष इनपुट के अनुसार, सरकार ने गढ़ में प्रस्तावित संयुक्त कार्यालय भवन के लिए न केवल भूमि का चयन कर लिया है, बल्कि इसके निर्माण की तकनीकी बाधाओं को भी दूर कर दिया है। यह केंद्र आने वाले समय में परागपुर की प्रशासनिक तस्वीर को पूरी तरह बदल देगा।

उम्मीद है कि मुख्यमंत्री की ओर से 25 जनवरी को की गई एसडीएम कार्यालय की घोषणा को आचार संहिता के बाद होने वाली पहली कैबिनेट बैठक में विधिवत मंजूरी मिल जाएगी। भविष्य की योजना के तहत एसडीएम कार्यालय का संचालन भी इसी अत्याधुनिक संयुक्त भवन से किया जाना तय हुआ है।

प्रशासनिक स्तर पर इस परियोजना के लिए बजट का प्रावधान भी सुनिश्चित कर लिया गया है, जिसमें राजस्व विभाग ने 1 करोड़ 13 लाख रुपए की धनराशि मिलने की पुष्टि की है। क्षेत्र के स्थानीय निवासियों अमित, सुरिंद्र, अजय, महेश और संजीव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पशु चिकित्सालय के समीप इस संयुक्त परिसर के बनने से समूचे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

एक ही स्थान पर सभी प्रशासनिक सेवाएं मिलने से जनता को तहसील और उपमंडल स्तर के कार्यों के लिए अलग-अलग दफ्तरों की भाग-दौड़ से मुक्ति मिल जाएगी। यह भवन निर्माण क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

> **परागपुर** में तहसील कार्यालय के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने एक करोड़ 12 लाख रुपए की धनराशि भेज दी है, जैसे ही जमीन की राजस्व विभाग से सम्बंधित औपचारिकताएं पूरी होती हैं, भवन का निर्माण शुरू करवा दिया जाएगा।
>
> **-बलविंदर सिंह पठानिया, नायब तहसीलदार परागपुर।**

# परागपुर पंचायत समिति की कार्यप्रणाली पर युवा विकास मंडल ने जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** हिमाचल प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े विकास खंड परागपुर की वर्तमान कार्यप्रणाली को लेकर युवा विकास मंडल के संयोजक शिव शाह ने गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्थानीय लोगों को अपनी पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तक की जानकारी नहीं है। शिव शाह ने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रतिनिधि जनता की समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में मौजूद रहने के बावजूद आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा। उन्होंने स्वर्गीय पंडित विश्वनाथ ज्योतिषी के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि वे निजी व्यवसाय में व्यस्त रहने के बावजूद हर सोमवार नियमित रूप से ब्लॉक कार्यालय में बैठते थे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते थे। शाह ने कहा कि उनकी कार्यशैली अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक थी। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का माध्यम बना दिया है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि चुनावों में केवल औपचारिक उम्मीदवारों को टिकट देने के बजाय ऐसे कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित लोगों को आगे लाया जाए, ताकि ईमानदारी से कार्य हो सकें।

# आईपीएल मैचों के लिए ट्रैफिक व सुरक्षा प्रबंध लागू

## मैच से 6 घंटे पहले धर्मशाला व मैक्लोडगंज क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में होने वाले आईपीएल टी-20 मैचों को लेकर जिला कांगड़ा पुलिस ने व्यापक ट्रैफिक एवं सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 की धारा 112(2) के तहत विशेष आदेश जारी करते हुए बताया कि 11, 14, 17 और 26 मई को धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में विशेष यातायात योजना लागू रहेगी।

मैचों के दौरान ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक या उससे ऊपर के सभी पुलिस अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, बस अड्डों, स्टेडियम के बाहरी क्षेत्रों और पार्किंग स्थलों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश देने के अधिकार होंगे। यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए अस्थायी बैरिकेडिंग, वन-वे सिस्टम, डायवर्जन और पैदल आवागमन को नियंत्रित किया जाएगा। भारी वाहनों पर पाबंदी, नो-पार्किंग सख्ती से लागू आदेशों के अनुसार, मैच से 6 घंटे पहले धर्मशाला और मैक्लोडगंज क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि मैच समाप्ति के 2 घंटे बाद ही उन्हें अनुमति दी जाएगी। निर्धारित क्षेत्रों में सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को हर समय निर्बाध आवागमन की अनुमति होगी।

### बस और टैक्सी संचालन में बदलाव

**वोल्वो** बसों को केवल सकोह मार्ग से गगल-धर्मशाला रूट पर चलने की अनुमति दी गई है, जबकि दाड़ी रोड पर उनका संचालन प्रतिबंधित रहेगा। टैक्सियों को चीलगाड़ी रोड (वॉर मेमोरियल के पास) तक ही यात्रियों को छोड़ने की अनुमति होगी, जहां से दर्शकों को पैदल स्टेडियम तक जाना होगा। रेडक्रॉस चौक से शिक्षा बोर्ड बस स्टॉप के बीच सामान्य बसों के रुकने पर रोक लगाई गई है।

### शटल सेवा और पार्किंग की विशेष व्यवस्था

**दर्शकों** की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग और शटल बस सेवा सुनिश्चित की गई है। योल मार्ग से आने वाले वाहनों को जोरावर स्टेडियम सिद्धबाड़ी में पार्क किया जाएगा, जबकि कांगड़ा, गगल और मटौर से आने वाले वाहन दाड़ी मेला ग्राउंड और अचीवर्स हब स्कूल में खड़े किए जाएंगे। इन स्थानों से शटल बसों के माध्यम से दर्शकों को स्टेडियम के पास उतारा जाएगा। इसके अलावा मिनी सचिवालय, डीआईजी कार्यालय परिसर और पुलिस ग्राउंड को भी हल्के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। सकोह मार्ग से आने वाले वाहनों के लिए सारा रोड पर वन-साइड पार्किंग की अनुमति होगी।

### वीआईपी और मीडिया के लिए अलग व्यवस्था

**वीआईपी-1** श्रेणी के वाहनों के लिए साई ग्राउंड में पार्किंग निर्धारित की गई है, जबकि वीआईपी-2 पास धारकों के लिए हिमुंडा कांप्लेक्स के पास पार्किंग उपलब्ध रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आम जनता और क्रिकेट प्रेमियों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 700 पुलिस जवान तैनात

**आईपीएल** मुकाबले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सख्त कर दी गई है। रविवार दोपहर बाद पुलिस ने ब्रीफिंग के बाद शहर और स्टेडियम में 700 से अधिक पुलिस जवानों व अधिकारियों को तैनात किया। सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए शहर को आठ तथा स्टेडियम को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है। 450 से अधिक सीसीटीवी और एचडी कैमरों की लाइव निगरानी पुलिस कंट्रोल रूम से की जा रही है।

## चार्टर्ड विमान से पहुंची प्रिटी जिंटा




**अनंत ज्ञान, गगल।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 11, 14 और 17 को पंजाब किंग्स की टीम दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंज बेंगलुरु के साथ मैच खेलेगी, जिसको लेकर पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीटि जिंटा कांगड़ा एयरपोर्ट पर रविवार को विशेष विमान से पहुंची। सुबह 9:30 बजे के करीब एयरपोर्ट पर जैसे ही उनका चार्टर्ड विमान उतरा, एयरपोर्ट पर मौजूद फैंस और स्टाफ में उत्साह देखने को मिला। प्रीति जिंटा हमेशा की तरह अपने चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए बाहर निकलीं और फैंस को गुड मॉर्निंग कहा, अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद प्रीति जिंटा मर्सिडीज गाड़ी में बैठकर धर्मशाला के लिए रवाना हो गईं।

## धर्मशाला रन बनाने वाला मैदान, हर विभाग में बेहतर खेल जरूरी : होप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी प्रशिक्षक जेम्स होप ने कहा कि धर्मशाला की ऊंचाई और यहां की परिस्थितियां खिलाड़ियों के लिए खास हैं। उन्होंने कहा कि लंबे टूर्नामेंट में लगातार परिस्थितियां बदलती रहती हैं और अच्छी शुरुआत के बाद भी कई उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं। होप ने कहा कि धर्मशाला हमेशा से अधिक रन बनने वाला मैदान रहा है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए चुनौती बनी रहती है। यह दुनिया के सबसे सुंदर क्रिकेट मैदानों में शामिल है और यहां खेलना खिलाड़ियों के लिए विशेष अनुभव होता है। गेंदबाजी प्रशिक्षक ने बताया कि टीम मैदान की स्थिति को देखते हुए धीमे और तेज गेंदबाजों के संतुलित संयोजन के साथ उतरेगी। टीम के पास कई विकल्प मौजूद हैं और अंतिम निर्णय मुकाबले से पहले लिया जाएगा। केवल जीत हासिल करना ही महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि मैदान पर बेहतर खेल दिखाना भी उतना ही जरूरी है। टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में और सुधार करना चाहती है। होप ने कहा कि मुख्य प्रशिक्षक रिकी पोंटिंग और पूरी टीम का ध्यान भविष्य की बजाय मौजूदा मुकाबले पर केंद्रित है।

## दिल्ली का फोकस तीनों मुकाबले जितने पर : बेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच इयान बेल ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि वह खुद धर्मशाला की कूल कंडीशन को पसंद करते हैं। यहां काफी अच्छा मौसम है और अच्छे मैच की उम्मीद है। बेल ने कहा कि उन्होंने भी पहले यहां पर मैच खेला है और यहां बैटिंग करना पंसद करते रहे हैं। आईपीएल में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी भाग लेते हैं। फ्रेंचाइजी के रूप में आगामी तीन गेमों पर फोकस करना चाहेंगे। डीयू को लेकर अभी मैदान में अभ्यास करने वाले है, लेकिन यंहा की स्थितियों को देखते हुए सभी विभागों में बेहतरीन करेंगे। मिचेल स्टार्क यहां खेलना पसंद करेंगे, उनका अनुभव भी टीम के लिए काफी लाभकारी रहेगा। केएल राहुल हर स्थिति में बेहतरीन खेल रहे हैं, वह क्लास खिलाड़ी है। आईपीएल व इंटरनेशनल लेवल में बेहतरीन खेल दिखाने की जरूरत होती है।

# भाजपा को गाली देना ही कांग्रेस नेताओं का एजेंडा : श्रीकांत

## प्रदेश भाजपा प्रभारी बोले- वर्ष 2024 के बाद जिन भी राज्यों में चुनाव हुए भाजपा की सरकार बनी



दाड़ी में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने साधा निशाना। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 के बाद जिन भी राज्यों में चुनाव हुए हैं, वहां भाजपा की सरकार बनी है।

उन्होंने कहा कि मैं कृष्ण की नगरी मथुरा से देवभूमि हिमाचल में आया हूं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नगर निगम के सभी 17 वार्डों में कमल खिलाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है। दाड़ी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश में भाजपा की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व्यक्तिगत आरोपों पर उतर आई है, भाजपा को गाली देना ही, कांग्रेस नेताओं का काम हो गया है, ऐसे में कार्यकर्ता कांग्रेस को सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में पहली बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनी है, बंगाल से शुरू हुआ जीत का क्रम, नगर निगम में भी दोहराया जाए, जिससे कि वर्ष 2027 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बने।

उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को अधिमान देती है, धर्मशाला के 17 वार्डों में से 9 में महिलाओं को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि संसद ने कांग्रेस ने महिला आरक्षण हेतू लाए गए अधिनियम का विरोध किया।

## नेता केवल टिप्स दे सकते हैं, धरातल पर उतारना कार्यकर्ताओं का कार्य : डॉ. राजीव

◆ बोले- भाजपा के लिए लक्की है दाड़ी मेला ग्राउंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि नेता केवल टिप्स दे सकते हैं, उन्हें धरातल पर उतारना कार्यकर्ताओं का काम है। दाड़ी मेला ग्राउंड वैसे भी भाजपा के लिए लक्की है, क्योंकि मैंने लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत भी इसी मैदान से की थी। डॉ. राजीव भारद्वाज रविवार को दाड़ी में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ममता कहती थी कि पश्चिम बंगाल को कोई नहीं जीत सकता, आज वहां भाजपा की सरकार है। अब हम धर्मशाला नगर निगम भी भाजपा की बनाएंगे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी को पैसा दिल्ली से आया, लेकिन उसके कार्य धरातल पर नहीं उतर पाए, ऐसे में धर्मशाला की जनता के पास अब निगम के प्रतिनिधियों से हिसाब-किताब करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत में हिमाचल प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहां पर बेहतर कार्य किया, जिसके परिणाम सबके सामने हैं।

## नगर निगम चुनाव शहर को सही दिशा में ले जाने का समय : सुधीर शर्मा

◆ जनसेवा ऑन भ्रष्टाचार गोन का नारा बुलंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने जनसेवा ऑन, भ्रष्टाचार गोन का नारा देकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव, शहर को सही दिशा देने का समय है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्ष में नगर निगम के कार्य धरातल पर नहीं उतर पाए हैं। पार्षद अपने हों तो विधायक के हाथ भी मजबूत होते हैं। सुधीर शर्मा रविवार को दाड़ी मैदान में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा नगर निगम चुनाव में पूर्ण बहुमत से कब्जा जमाएगी। भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों को हर घर और हर वोटर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं का काम है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त निगम के लिए जनसेवा से कार्य करेंगे।

## कांग्रेस सरकार से जनता का विश्वास उठा, गारंटियां फेल

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने पालमपुर नगर निगम चुनाव के तहत आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभागिता करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार अपनी विश्वसनीयता पूरी तरह खो चुकी है और प्रदेश की जनता का विश्वास सरकार के ऊपर से उठ गया है। कांग्रेस ने चुनावों के दौरान जो गारंटियां दी थीं, वे आज पूरी तरह गुल हो चुकी हैं और जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की वास्तविकता समझ चुकी है और आने वाले नगर निगम चुनावों में कमल के फूल का बटन दबाकर कांग्रेस को करारा जवाब देगी। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम जनता से किए गए वादों को पूरा करने के बजाय केवल झूठे आश्वासन देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पालमपुर नगर निगम के लिए स्पष्ट विकास दृष्टि और ठोस संकल्प लेकर जनता के बीच आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा पालमपुर को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करेगी। महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रत्येक वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि 24×7 निगरानी सुनिश्चित हो सके। युवाओं और बच्चों के लिए ओपन जिम, चिल्ड्रन पार्क और बुजुर्गों के लिए विशेष पार्क विकसित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पालमपुर को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। टैक्सी चालकों, व्यापारियों और होटल संचालकों के सहयोग से पर्यटन सर्किट तैयार किया जाएगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार और व्यापार के नए अवसर प्राप्त हों। साथ ही पालमपुर के चारों प्रवेश द्वारों को शहीदों के नाम पर विकसित किया जाएगा। तथा वीरभूमि पालमपुर में शहीद स्मारक का निर्माण किया जाएगा।

# नगर निगम के रण में आरोपों और प्रत्यारोपों का दौर शुरू

◆ भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भाजपा ने रविवार को धर्मशाला के दाड़ी मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कानून व्यवस्था, आर्थिक कुप्रबंधन, महंगाई और चुनावी वादों को लेकर बड़ा हमला बोला है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में अपराध, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है, जबकि सरकार अपने चुनावी वादे पूरे करने में विफल रही है। भाजपा नेताओं ने नगर निगम चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करते हुए पूर्ण बहुमत से भाजपा की नगर निगम बनाने का संकल्प दिलाया। साथ ही नेताओं ने कहा कि दाड़ी मैदान से जीत का क्रम शुरू होगा, जिससे पहले नगर निगम में जीत दर्ज होगी और फिर वर्ष 2027 में प्रदेश की सत्ता से कांग्रेस को बाहर भी कार्यकर्ता ही करेंगे। प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी भाजपा ने सरकार को घेरा। भाजपा के अनुसार हिमाचल पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है और सरकार विकास कार्यों के बजाय राजनीतिक नियुक्तियों व सलाहकारों पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया है। हालांकि, कांग्रेस सरकार लगातार विपक्ष के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताती रही है और विकास कार्यों तथा जनहित योजनाओं को अपनी प्राथमिकता बता रही है। लेकिन भाजपा के इस तीखे हमले के बाद प्रदेश की सियासत में बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

# वाल्मीकि महासभा के प्रस्तावों को सिरे चढ़ाएगा आयोग : गिल

## बोले- सफाई कर्मियों के जीवन स्तर में सुधार और उत्थान के लिए प्रयासरत है आयोग




राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप गिल ने वाल्मीकि महासभा के अधिवेशन को संबोधित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के अधिवेशन में पास किए गए प्रस्तावों को सिरे चढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग तत्परता से कार्य करेगा। सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए पास किए गए प्रस्तावों को केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने कही।

वह पालमपुर में चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय में महासभा के अधिवेशन के दूसरे और अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समाधान आयोग का कर्तव्य है और इन मुद्दों से संबंधित समाधान तलाशकर उनको संबंधित कर्मियों का कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे पूर्व उन्होंने नगर निगम पालमपुर सहित उपमडल प्रशासन के साथ सफाई कर्मचारियों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न दिशा-निर्देश भी जारी किए। नगर निगम पालमपुर प्रशासन को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। इसमें उनसे संबंधित योजनाओं को विस्तार से कर्मियों तक पहुंचाया जाए। हरदीप सिंह गिल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच तय समय पर की जाए। सफाई कर्मचारियों के पहचान कार्ड बनाए जाएं, जिसमें रक्त ग्रुप भी दर्शाया गया हो। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा किट और उपकरण तथा यंत्र भी कर्मियों को प्रदान करना, उनका प्रयोग करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को कार्य के दौरान दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं पर अधिकारियों से फीड बैक भी लिया। गिल ने एमएस एक्ट 2013 के प्रावधानों को प्रभावी तौर पर लागू करने के निर्देश भी प्रशासन को दिए। उन्होंने नमस्ते (नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवेल्मेंट कॉरपोरेशन) पोर्टल के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के कल्याण को सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

# बिना वैध पासपोर्ट के एयरपोर्ट पर पकड़ा रूसी नागरिक गिरफ्तार

◆ फॉरेनर एक्ट के तहत मामला दर्ज, 2023 में खत्म हो चुकी थी पासपोर्ट वैधता

◆ बॉलीवुड में स्टंटमैन के तौर पर कर चुका है काम

अनंत ज्ञान

**गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे पर शनिवार को बिना वैध पासपोर्ट के पकड़े गए एक रूसी नागरिक के खिलाफ पुलिस ने फॉरेनर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मामले की पुष्टि करते हुए अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी वर्ष 2022 में भारत आया था। जानकारी के अनुसार शुरुआत में वह मुंबई में रहकर बॉलीवुड में स्टंटमैन के रूप में कार्य करता था। बाद में वह हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज क्षेत्र में आ गया। पुलिस जांच में सामने आया कि उसके पासपोर्ट की वैधता वर्ष 2023 में ही समाप्त हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद वह भारत में ही रह रहा था। डीएसपी अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी ने दो बार पासपोर्ट बनवाने की कोशिश भी की, लेकिन सफल नहीं हो पाया। शनिवार को वह दिल्ली जाने के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचा था। एयरपोर्ट के मुख्य द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान पुलिस सुरक्षा अधिकारी ने उससे पासपोर्ट मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद गगल पुलिस थाना को सूचना दी गई।

पूछताछ के दौरान रूसी नागरिक ने दावा किया कि ट्रैकिंग के दौरान मैक्लोडगंज में उसका पासपोर्ट खो गया था। हालांकि जांच में पता चला कि उसका पासपोर्ट पहले ही एक्सपायर हो चुका था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों द्वारा उसके भारत में रहने की पूरी अवधि और गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

# 3 माह की हिरासत में भेजे 2 कुख्यात तस्कर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धर्मशाला और बीड़ क्षेत्र के दो कुख्यात नशा तस्करों को पिट एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत तीन-तीन माह के लिए निवारक हिरासत में भेजा है।

पुलिस के अनुसार, धर्मशाला क्षेत्र के सराह निवासी अनिकेत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें चिट्टा की बरामदगी हुई थी।

वहीं, बीड़ क्षेत्र के कोटली निवासी सुनील कुमार के खिलाफ भी इसी अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी बार-बार गिरफ्तारी और जमानत के बावजूद नशा तस्करी में सक्रिय थे। पुलिस और खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों आरोपी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की आपूर्ति और वितरण में संलिप्त थे, जिससे युवाओं के स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस पर कार्रवाई करते हुए 6 अप्रैल 2026 को दोनों के विरुद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत निवारक हिरासत के प्रस्ताव तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को भेजे गए। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 3(1) के तहत आदेश जारी कर दोनों आरोपियों को तीन माह के लिए जिला कारागार कांगड़ा (धर्मशाला) में निरुद्ध करने के निर्देश दिए गए। 8 मई को बीड़ पुलिस ने सुनील कुमार को तथा 10 मई को धर्मशाला पुलिस ने अनिकेत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि कांगड़ा पुलिस अब तक 15 कुख्यात नशा तस्करों को पिट एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत निवारक हिरासत में भेज चुकी है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि नशा तस्करी के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

**सूरत-ए-हाल** अंदरेटा आर्ट गैलरी परिसर के पास बने भवन के दरवाजे और खिड़कियां टूटी

# पर्यटन विभाग का भवन अनदेखी का शिकार

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरदार शोभा सिंह आर्ट गैलरी, अंदरेटा (पंचरुखी) के समीप पर्यटन विभाग, हिमाचल प्रदेश की लगभग 10 कनाल भूमि पर बने चार भवनों की स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। स्थानीय जानकारी के अनुसार ये सभी भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। भवनों की स्लेटें लगातार गिर रही हैं, खिड़कियां और दरवाजे टूट चुके हैं तथा एक भवन में न तो खिड़कियां लगी हैं, न दरवाजे और न ही फर्श का कार्य पूरा हुआ है।

इसके साथ ही इसी सरकारी भूमि पर एक पानी का टैंक और बिजली का ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है, जिससे भूमि के उपयोग और प्रबंधन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि इस क्षेत्र की अनदेखी लंबे समय से जारी है और रखरखाव न होने के कारण भवन पूरी तरह उपेक्षित हालत में हैं। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने इस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।



10 कनाल भूमि पर बने चार भवनों की स्थिति खराब। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि इस जमीन के ऊपर सड़क निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिसके माध्यम से कथित रूप से भू-माफिया आसपास की जमीनों को पहले सस्ते दामों पर खरीदकर बाद में महंगे दामों पर बेचने की रणनीति बना सकता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आरोप जनचर्चा और प्राप्त सूचनाओं पर आधारित हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। काली दास ने प्रदेश सरकार, पर्यटन विभाग के उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली तथा स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादविंद्र गोमा से मांग की है कि इस पूरे क्षेत्र को एक सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि सरदार शोभा सिंह आर्ट गैलरी की पहचान और अधिक मजबूत हो सके और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस जमीन पर पूरी नजर रखे हुए है और इसे किसी भी कीमत पर अनियमित तरीके से उपयोग या 'कोडियों के भाव' बिकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी प्रकार की गलत प्रक्रिया अपनाई गई तो पार्टी इसका कड़ा विरोध करेगी और स्थानीय जनता के साथ मिलकर बड़ा जनआंदोलन भी किया जा सकता है।

# पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दें भाजपा नेता: मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता पुनीत मल्ली ने कहा कि भाजपा नेता धर्मशाला की जनता को गुमराह करने से पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दें। जिन लोगों ने स्मार्ट सिटी के नाम पर धर्मशाला के लोगों को अधूरे प्रोजेक्ट, खोदी गई सड़कों, बदहाल यातायात व्यवस्था और अव्यवस्थित विकास की सजा दी, वही आज विकास पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और अन्य भाजपा नेताओं द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर कांग्रेस सरकार पर लगाए आरोपों पर कहा कि भाजपा सरकार के समय धर्मशाला स्मार्ट सिटी परियोजना को सुनियोजित विकास मॉडल बनाने के बजाय राजनीतिक प्रचार का माध्यम बनाया गया। करोड़ों रुपए की घोषणाएं हुईं, लेकिन धरातल पर शहर को जाम, पार्किंग संकट, धूल, टूटी सड़कों और अधूरी परियोजनाओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल में शुरू की गई कितनी परियोजनाएं तय समय पर पूरी हुईं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने बीते साढ़े तीन साल में धर्मशाला की अव्यवस्थित परियोजनाओं को व्यवस्थित करने, वित्तीय अनुशासन लाने और शहर की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चरणबद्ध तरीके से इन समस्याओं के समाधान की दिशा में काम कर रही है। अगले एक साल में धर्मशाला को संतुलित विकास का मॉडल बनाया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### ग्वालपत्थर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन की ग्वालपत्थर पंचायत स्थित धार्मिक स्थल गुग्गा जाहरवीर मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस पर कालेश्वर महादेव मंदिर के पंच तीर्थ से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें करीब 100 महिलाओं ने भाग लिया। ग्वालपत्थर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का बैंड-बाजों के साथ स्वागत किया गया तथा विधि-विधान से कलश स्थापना की गई। कथा वाचक आचार्य सुमित भारद्वाज ने श्रीमद् भागवत के प्रथम श्लोक से कथा आरंभ करते हुए आत्मदेव ब्राह्मण, धुंधुकारी और गोकर्ण की कथा सुनाई तथा श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डाला।

### गलोड़ क्षेत्र में जिओ नेटवर्क ठप, उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र की कई पंचायतों में जिओ नेटवर्क की खराब व्यवस्था से लोग भारी परेशान हैं। पिछले चार दिनों से कॉल डिस्कनेक्ट, कॉल हैंगिंग और इंटरनेट सेवा बाधित होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। फाहल, उटप, मैड़, गोईस खास, गलोड़, सरेड़ी, लहड़ा, पनियाली और हरेटा सहित कई पंचायतें प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इंटरनेट की धीमी गति के कारण ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थियों और व्यापारियों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। जिओ कंपनी के प्रबंधक दिनेश कुमार ने कहा कि समस्या उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाई जाएगी और जल्द समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### हिम अकादमी में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में सीबीएसई के तत्वावधान में 'विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन सीपी लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक शिक्षण वातावरण के प्रति जागरूक करना था। विशेषज्ञ राकेश कुमार और शैली गुलाटी ने मानसिक तनाव, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय साझा किए। लगभग 60 शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लेकर अनुभव साझा किए और उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए।

### 8557 अभ्यर्थियों ने दी तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए सहित अन्य विषयों की प्रवेश परीक्षा (एचपीसीईटी-2026) प्रदेशभर में 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग 9661 में से 8557 अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज की हैं, जबकि 1140 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। प्रवेश परीक्षा देने के बीटेक और बी फार्मेसी के 8023, एमएससी भौतिक विज्ञान में 18 और एमबीए, एमसीए और एमबीए पर्यटन के 516 अभ्यर्थी आए। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रदेशभर में प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया है। जल्द ही प्रवेश परीक्षा की विषयानुसार उत्तर कुंजी जारी की जाएगी। इसके बाद ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा।

### मसियाना गांव में विद्या केंद्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वजनकल्याण सभा ने जंगल रोपा पंचायत के मसियाना गांव में ग्रामीण बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्या केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रो. यशवंत राणा मुख्य अतिथि और प्रो. पवन शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। प्रो. राणा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को स्कूल के बाद उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, ऐसे में यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। सभा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि कक्षा एक से दसवीं तक के 25 से अधिक बच्चों को निशुल्क शिक्षा और मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लेटलतीफी : 'ट्रैफिक जाम' रोज कर रहा परेशान

## कोहली-भगेड़ फोरलेन एलाइनमेंट कब होगी फाइनल?, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से परियोजना पर सवाल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर से होकर गुजरने वाले मटौर-शिमला फोरलेन सड़क मार्ग का असली हिस्सा कब बनेगा और रोज-रोज के ट्रैफिक जाम ने इस पर वाहनों की आवाजाही के लिए कई दुश्वारियां खड़ी कर रखी हैं, लेकिन कोहली से भगेड़ फोरलेन तक की एलाइनमेंट कब फाइनल होगी ? यह सवाल पिछले कई सालों से चर्चा में है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

इस पर लगता है राजनीतिक इच्छा शक्ति की अच्छी खासी कमी की वजह से जो पेंच फंसा है, उसका हल नहीं हो रहा। कारण क्या है कि हमीरपुर से कोटा तक 15 किमी का सफर बेहद 'स्लो डाउन' हो चुका है। वाहनों के जाम की लंबी-लंबी कतारें इस पर कई जगह पर अक्सर देखी जा सकती हैं। व्यस्त समय में तो हालात बेकाबू दिखते हैं। आप चाह कर भी अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच सकते। पिछले 3 साल से इसकी एलाइनमेंट फाइनल होने के लिए मंत्रालय में हिचकोले खा रही है उस पर आखिरी मोहर क्यों नहीं लग रही। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। सबसे अहम चीज यह है कि प्रयास भी नहीं दिख रहे। इस कारण इसका निर्माण लगातार लटका हुआ है। एक बात तो तय है कि निर्माण तो इसका फोरलेन ही होना है। कोहली से पीछे इसी फोरलेन का हिस्सा जो आजकल निर्माणाधीन है, उसे टू लेन बनाया गया है, लेकिन हमीरपुर के आगे ट्रैफिक का भार बहुत ज्यादा है, इसलिए इसकी तीन एलाइनमेंट तैयार हुई थीं। कई सर्वे भी ट्रैफिक को लेकर पिछले 4 सालों में हुए हैं, मगर असल समस्या यही है कि फाइल क्लियर क्यों नहीं हो रही।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 56 किलोमीटर लंबा नादौन से होशियारपुर तक अटारी-मनाली नेशनल हाईवे का एक पार्ट फोरलेन होने की तैयारी पर है। उसकी फाइनल एलाइनमेंट इसी महीने अपलोड होने वाली है। यही स्थिति ऊना जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले अंब नेशनल हाईवे की है, वह भी 29 किलोमीटर की सड़क फोरलेन हो रही है।

### ट्रैफिक का भारी दबाव

**चंडीगढ़** जाने के लिए सरकाघाट हमीरपुर पालमपुर बैजनाथ के वाहन चालकों के लिए निर्माणाधीन यही फोरलेन सबसे महत्वपूर्ण होगा। अब क्योंकि पालमपुर की सारी ट्रैफिक इसी हमीरपुर-भगेड़ रोड़ पर पहुंच चुकी है। इसी कारण ट्रैफिक बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। भोटा से पीछे हमीरपुर तक जो सड़क मार्ग है इसकी ज्यादातर सड़क 'घुमावदार' तो है ही, डिडवीं-टिककर में 2 किलोमीटर का हिस्सा जाम की भेंट रोजाना चढ़ रहा है। यही हालत भिड़ा के पास है। वहां भी सड़क तंग है और ट्रैफिक जाम रोजाना मुसीबत बन रहा है।

### 5 साल से बनी असमंजस की स्थिति

**अब** क्योंकि इस लगभग 40 किलोमीटर लंबे सड़क पर जहां-जहां भी नया भवन निर्माण होना है, उसको लेकर भी ऊहापोह वाली स्थिति इसलिए है, क्योंकि 'एलाइनमेंट' क्लीयर नहीं हो रही, जिनके मकान फोरलेन की गिरफ्त में आने हैं। उनकी बेचैनी भी बड़ी हुई है, क्योंकि फाइनल एलाइनमेंट हो जाती तो वे घरों का निर्माण कर सकते थे। कइयों ने कारोबार शुरू करने हैं। पिछले 5 साल से यही असमंजस वाली स्थिति बनी हुई है।

### क्या कहते हैं प्रोजेक्ट ऑफिसर राकेश यादव

**एनएचएआई** के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट ऑफिसर राकेश यादव का कहना है कि अभी मंत्रालय से कोई जानकारी नहीं आई है। इसकी एलाइनमेंट फाइनल होने की उम्मीद तो काफी समय से है। लेकिन जब तक इसकी सूचना नहीं आती, कुछ कहा नहीं जा सकता। इसका निर्माण एनएचएआई के द्वारा ही होना है। उनका कहना है कि कोहली से पीछे रानीताल तक का टू लेन बरसात से पहले तैयार होगा।

## शरारती तत्वों ने उद्घाटन पट्टिका को उखाड़कर फेंका




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह की ओर से क्षेत्र के विकास कार्यों के तहत निर्मित चबूतरा एवं वर्षाशालिका पर लगाई गई उद्घाटन पट्टिका को कुछ शरारती तत्वों की ओर से उखाड़कर फेंकने का मामला सामने आया है। इस घटना से क्षेत्र में रोष का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कृत्य न केवल जनभावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि विकास कार्यों के प्रति असम्मान को भी दर्शाता है। क्षेत्रवासियों ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि विधायक लगातार क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, ऐसे में इस प्रकार की हरकतें बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। युवा कांग्रेस नेता उदय कुमार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को कठोर कदम उठाने चाहिए।

## लिटिल एंजेल स्कूल टौणी देवी के 2 स्टूडेंट्स ने बनाई मेरिट में जगह

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल टौणी देवी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्थान मेरिट सूची में हासिल किए हैं। स्कूल प्रबंधन, अध्यापकों एवं अभिभावकों में विद्यार्थियों की इस सफलता पर खुशी का माहौल है।



छात्रा अदिति चौहान मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं साहिल ने मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। अनुभवी शिक्षकों एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के कारण विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। स्कूल स्टाफ, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## धमरोल स्कूल की छात्रा वर्षा शर्मा ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की होनहार छात्रा वर्षा शर्मा ने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्षा शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजकीय उच्च विद्यालय धमरोल की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। वर्षा शर्मा, पवन कुमार शर्मा एवं अनीता कुमारी की पुत्री हैं और गांव मनोह की निवासी हैं। उन्होंने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 673 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल तथा पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।अध्यापकों ने वर्षा को इस सफलता के लिए बधाई दी। वर्षा शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया है।

## न्यू गुरुकुल स्कूल की दो छात्राएं मेरिट में



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दसवीं की परीक्षा परिणाम में न्यू गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोपाल नगर की दो छात्रों ने मेरिट लिस्ट में आठवां और नौवां स्थान हासिल किया है। दसवीं कक्षा की अपूर्वा ने 692 अंक लेकर आठवां स्थान, अंशिका पटियाल ने 691 अंक लेकर नौवां स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य अश्वनी पुरी ने मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी है।

# हिम अकादमी स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा

## चार छात्रों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में बनाया स्थान




61 स्टूडेंट्स ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर किया स्कूल का नाम रोशन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्रों ने हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में अपना वर्चस्व कायम रखा है। क्षीरिन ठकुर व प्रिशा ठाकुर ने 694 अंक, चिरायु ने 693, रुद्रा प्रताप चौहान ने 690 अंक प्राप्त कर मेधा सूची में छठा, सातवां व दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम निकलने के बाद रविवार को यह स्टूडेंट्स स्कूल पहुंचे और स्कूल के साथ उनके अभिभावकों ने भी खुशियां बांटीं।

### 35 विद्यार्थियों ने झटके 95 फीसदी से अधिक अंक

**विद्यालय** के 35 विद्यार्थियों ने 95 फीसदी से अधिक अंक, 61 छात्रों ने 90% से अधिक अंक, 81 छात्रों ने 85% से अधिक अंक, 83 छात्रों ने 80% अधिक अंक, 84 छात्रों ने 75% से अधिक अंक, 80 छात्रों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर साइंस में 3 छात्रों के शतप्रतिशत अंक, विज्ञान में 28 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक, गणित में 7 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक, हिंदी में 1 छात्र ने शत-प्रतिशत अंक, सामाजिक विज्ञान में 3 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक व अंग्रेजी में 21 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल, विद्यालय निदेशक ई. पंकज लखनपाल, अकादमिक प्राचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा, प्राचार्या शशिबाला ने छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों माया शर्मा, विनोद शर्मा, दीपा शर्मा, पंकज शर्मा, अभिषेक राणा, विपिन शर्मा, ऊमा शर्मा, सुनील कुमार व समन्वयकों नीता सिंह, पूजा शर्मा, रोहित अग्निहोत्री, संजय ठाकुर को बधाई दी।

# किड बड्स स्कूल बिझड़ी के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गौरव

अनंत ज्ञान



पांच मेधावी विद्यार्थियों ने पाया मेरिट में स्थान। अनंत ज्ञान

**बड़सर।** हिमाचल प्रदेश बोर्ड की दसवीं कक्षा की मेरिट सूची में किड बड्स पब्लिक स्कूल बिझड़ी के पांच मेधावी विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अस्मिता शर्मा ने 696 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया, आरुषि ने 695 अंक प्राप्त कर 5वां स्थान, साहिति चंदेल ने 693 अंक प्राप्त कर सातवां व सूर्यांश ने 692 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया और साक्षी ने 690 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया।



यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के प्रभावी मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। 'मेहनत, अनुशासन और लगन ही सफलता की कुंजी है।' किड बड्स स्कूल हमेशा ही पढ़ाई के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षा संस्थान रहा है।

## नीलम पब्लिक स्कूल की छात्रा अश्विका ने झटका तीसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में नीलम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल बिहडू की अश्विका शर्मा ने 697 (99.57) अंक लेकर प्रदेश में तीसरा और जिला में पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक नीलम ठाकुर ने मेधावी छात्रा एवं उसके अभिभावकों को और स्कूल के मेहनती शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## राघवी ने 690 अंक लेकर प्रदेशभर में 10वें स्थान पर



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** नवदीप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गलोड़ की राघवी ने 690 अंकों के साथ प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल किया। उन्होंने यह परिणाम अपने दिवंगत माता-पिता, विशेष रूप से मातृ दिवस पर मां निशा वर्मा को श्रद्धांजलि के रूप में दिया। उसने कुछ समय पहले अपने माता-पिता को खो दिया था। उनकी दादी सीता देवी उनके साथ-साथ भाई कनिष्क वर्मा की भी देखभाल कर रही हैं। राघवी माता-पिता के बिना भी पढ़ाई कर मेरिट आई है, यह गर्व की बात है। गांव के लोगों में खुशी का माहौल है। हर कोई उसे बधाई देने आ रहा है। वह भविष्य में भारतीय पुलिस सेवा में शामिल होना चाहती है।

## पब्लिक मॉडल स्कूल की दो छात्राओं ने टॉप 10 में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** पब्लिक मॉडल स्कूल भमनोह उहल की छात्रा रश्मि पुत्री अनिल कुमार ने 691 अंक प्राप्त कर मेरिट में नौवां स्थान हासिल किया। वह भविष्य में बीटेक कर एचएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। इसी स्कूल की पलक कुमारी, पुत्री विजय कुमार ने 690 अंक लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं। दोनों छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।

## आर्यन पब्लिक स्कूल भोटा का 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, भोटा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में से स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 59 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल है। छात्रा नूपुर ठाकुर ने 700 में से 683 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, शगुन शर्मा ने 682 अंक लेकर द्वितीय तथा अनुराग ठाकुर ने 678 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 7 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इसके अतिरिक्त 15 विद्यार्थियों ने 80 से 85 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# बैरी भटां में दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय युवक की मौत

- साइकिल खड़ी करते समय पैराफिट सहित नाले में गिरने से गई जान
- ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के कार्य पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के भुक्कड़ क्षेत्र के गांव बैरी भटां में एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंकित कुमार पुत्र शशि पाल निवासी गांव बैरी भटां, डाकघर भुक्कड़, उपमण्डल भोरंज के रूप में हुई है।

अंकित ने हाल ही में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता निजी वाहन चालक हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार अंकित अपने दोस्तों के साथ साइकिल चला रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे साइकिल खड़ी करते समय वह अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क के साथ बने नाले में गिर गया। बताया जा रहा है कि नाले के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाया गया पैराफिट भी उसके साथ नीचे गिर गया, जिससे हादसा और गंभीर हो गया। पूर्व प्रधान भुक्कड़ किशोर चंद ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा युवक को सरकाघाट अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है और लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पैराफिट मजबूत होता तो शायद युवक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अंकित के असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम का माहौल है।

# सोहारी में रेनू बाला का जनसंपर्क तेज, विकास के नाम पर मांगे वोट

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** 15 वार्ड दांदडू से भाजपा समर्थित जिला परिषद प्रत्याशी रेनू बाला ने रविवार को सोहारी पंचायत में घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो वह क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि जनसेवा करना उनका पहला कर्तव्य है और वह हमेशा लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी। रेनू बाला को प्रचार अभियान के दौरान स्थानीय लोगों और भाजपा समर्थकों का भरपूर समर्थन मिलता दिखाई दिया। उनके साथ भाजपा समर्थित कार्यकर्ताओं की टीम भी मौजूद रही, जो गांव के विभिन्न वार्डों में जाकर उनके पक्ष में वोट मांग रही थी। हाल ही में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हुई रेनू बाला का यह राजनीति में पहला कदम है, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। एक अध्यापिका के रूप में उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई सराहनीय कार्य किए हैं, जिसकी चर्चा आज भी क्षेत्र में होती है। चुनावी मैदान में रेनू बाला प्रचार-प्रसार में काफी सक्रिय नजर आ रही हैं। हालांकि दांदडू वार्ड में मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है, लेकिन भाजपा समर्थित उम्मीदवार लगातार मेहनत और जनसंपर्क के दम पर अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटी हैं। क्षेत्र में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है और सभी प्रत्याशी जीत के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं।



रेनू बाला ने घर-घर जाकर अपने पक्ष में वोट मांगे। अनंत ज्ञान

# सौदान सिंह बताएं, विश्व बैंक का सबसे बड़ा कर्जदार कौन? : कौशल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह की ओर से प्रदेश कांग्रेस सरकार पर कर्ज लेने के विषय में टिप्पणी करने पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कड़ा जवाब दिया है।



मीडिया को जारी अपने वक्तव्य में प्रेम कौशल ने कहा कि सौदान सिंह को पहले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा भारत को विश्व बैंक का सबसे बड़ा कर्जदार बनाने पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कौशल ने बताया कि आजादी के बाद भारत का पहला बजट 171.15 करोड़ था और वर्ष 2014 तक कुल कर्ज केवल 56.70 लाख करोड़ था, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले वर्ष में ही भाजपा सरकार ने 62.42 लाख करोड़ का कर्ज लिया, जो पिछले 67 वर्षों में लिए गए कुल कर्ज से 6.28 लाख करोड़ अधिक है। वर्तमान में यह आंकड़ा 197 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आधारहीन बयानबाजी का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में आर्थिक संकट पैदा करने के कई प्रयास किए। बावजूद इसके सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए साहसिक और सार्थक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेता आजकल केवल गर्मी से राहत पाने के लिए हिमाचल प्रदेश आते हैं और राजनीतिक हाजिरी के लिए बयानबाजी करते हैं, जबकि कांग्रेस सरकार ने हर मोर्चे पर काम करते हुए प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रगतिशील नीतियां अपनाई हैं, जिससे भविष्य में केंद्र पर प्रदेश की निर्भरता समाप्त होगी।

# सुजानपुर नगर परिषद चुनाव: प्रचार तेज, कई जगह तिकोना मुकाबला

- कांग्रेस को वार्ड 9 में नहीं मिला उम्मीदवार

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में चुनाव प्रचार धीरे-धीरे जोर पकड़ता जा रहा है। आगामी रविवार को होने वाले चुनाव के लिए अब एक सप्ताह से भी कम समय रह गया है। कुछ वार्डों में प्रत्याशियों का सीधा मुकाबला है, जबकि कुछ वार्डों में तिकोना व कुछ में बहुकोणीय मुकाबला है। वार्ड नंबर 9 में कांग्रेस को कोई भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरने के लिए नहीं मिला, जबकि वार्ड नंबर आठ में कांग्रेस के टिकट पर पिछले चुनावों में जीती वीना धीमान ने कांग्रेस का टिकट मिलने के बावजूद निर्दलीय चुनाव में उतारने का फैसला किया। बाद में कांग्रेस को आनन-फानन में किसी और को अपना टिकट देना पड़ा। इस वर्ष चुनाव पार्टी के चिन्ह पर नहीं हो रहे हैं, लेकिन दोनों पार्टियों ने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं।

### वार्ड नंबर 2 में सबसे दिलचस्प मुकाबला

**वार्ड** नंबर 2 में दो बार के पूर्व प्रधान मनोज ठाकुर का मुकाबला पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और नगर परिषद उपाध्यक्ष रहे मनीष गुप्ता और पूर्व पार्षद रहे श्रवण कुमार के बीच है। मनोज ठाकुर वार्ड नंबर तीन के निवासी हैं, लेकिन वहां पर उन्होंने अपनी बहू को मैदान में उतरा है, जबकि वह वार्ड नंबर 2 से चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड 9 के निवासी मनीष गुप्ता का वार्ड रिजर्व होने के चलते वह वार्ड नंबर 2 से अपनी चुनावी ताल ठोंकी है। श्रवण कुमार का यह अपना वार्ड है। कांग्रेस और भाजपा के पदाधिकारी भी अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने की कोशिश करने में लगे हैं। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा और कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत भी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। शहर के 9 वार्डों के लिए इस बार 29 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस ने अधिकतर सीटों के लिए अपने पुराने उम्मीदवारों पर ही भरोसा जताया है, जो पहले भी नगर परिषद के पार्षद रह चुके हैं।

### पोस्टर व सोशल मीडिया पर प्रचार तेज

**नगर** परिषद में पार्षद का चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार घर-घर दस्तक देने के साथ-साथ पोस्टर बैनर से अपना प्रचार कर रहे हैं। सोशल मीडिया से भी प्रचार का जोर बहुत तेजी पकड़ रहा है। विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से उम्मीदवार अपना प्रचार कर रहे हैं। सभी उम्मीदवार अपना-अपना विजन जनता के पास रख रहे हैं तथा अपने-अपने वार्ड को सुंदर स्वच्छ बनाने की बात कह रहे हैं।

# आरुषि ने 10वीं में हासिल की 6वीं रैंक

## कहा- सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना सपना

अनंत ज्ञान



**चुवाड़ी।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र स्थित हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी की छात्रा आरुषि ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रदेशभर में 6वीं रैंक हासिल कर पूरे चंबा जिले को गौरवान्वित किया है। आरुषि की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों ने आरुषि की इस सफलता पर मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी बेहद शानदार रहा। स्कूल के कुल 39 विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी, जिनमें से 23 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 28 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आरुषि ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व कठिन परिश्रम को दिया है। उन्होंने बताया कि उनका सपना भविष्य में एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश और समाज की सेवा करना है।

विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विद्यालय के छात्र इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित कर चंबा जिले का नाम रोशन करते रहेंगे। आरुषि की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि पहाड़ की बेटियां अब हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और अपने सपनों को मेहनत के दम पर साकार कर रही हैं।

## सकरेरा विद्यालय का दसवीं परिणाम शत-प्रतिशत



**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सीमित संसाधनों के बावजूद राजकीय उच्च विद्यालय सकरेरा ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र में मिसाल कायम कर दी है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन के दम पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी सफलता के नए आयाम छू सकते हैं। विद्यालय की मेधावी छात्रा कुमारी रजनी ने 83 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं, प्रिया ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा व सिमरन ने 72 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। तीनों छात्राओं की सफलता पर स्कूल परिसर में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। दसवीं कक्षा की परीक्षा में विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि 4 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की। ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालय के लिए यह उपलब्धि किसी बड़ी कामयाबी से कम नहीं मानी जा रही।

विद्यालय प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर ने इस ऐतिहासिक परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण व अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने समस्त एसएमसी पदाधिकारियों, सदस्यों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। विद्यालय की इस उपलब्धि ने न केवल सकरेरा, बल्कि पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। ग्रामीण परिवेश से निकले इन होनहार विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया है कि सपनों की उड़ान के लिए बड़े शहर नहीं, बल्कि बड़ा हौसला जरूरी होता है।

# चुवाड़ी के किड्स स्कूल ने रचा इतिहास 10वीं बोर्ड मेरिट में चमके पांच सितारे

अनंत ज्ञान



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में चुवाड़ी स्थित किड्स कैंप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रदेश मेरिट सूची में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन व सही मार्गदर्शन के दम पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय की छात्रा प्रिया शर्मा ने 700 से 690 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया व स्कूल सहित पूरे चंबा जिले का नाम रोशन किया। वहीं, अर्पिता ने 688 अंक लेकर प्रदेश में 12वां स्थान, आकर्षित नारयल ने 687 अंक के साथ 13वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगा दिए। इसके अलावा ओजस्वी ने 677 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में 23वां स्थान हासिल किया, जबकि श्रुतिका ने 675 अंक लेकर 25वां स्थान अपने नाम किया। एक ही विद्यालय से पांच विद्यार्थियों का प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाना क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बना हुआ है।

विद्यालय परिसर में परिणाम घोषित होते ही खुशी व उत्साह का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यह केवल विद्यार्थियों की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रबंधन समिति ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की अथक मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन ने इस सफलता को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। शिक्षकों ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में इस प्रकार की उपलब्धि हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी शिक्षा, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे। किड्स कैंप पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे चुवाड़ी क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोग विद्यार्थियों की इस सफलता को क्षेत्र की नई पहचान के रूप में देख रहे हैं।

# पुलिस ने पिकअप से बरामद की हजारों एमएल अवैध शराब

**अनंत ज्ञान, तीसा।** जिला चंबा पुलिस ने नशे और अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीसा क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना तीसा की टीम ने नियमित गश्त के दौरान वाहन की जांच की।

तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने वाहन से करीब 392250 एमएल/सीएल, 78000 एमएल बीयर तथा 44640 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद की। मामले में आरोपी की पहचान जगदीश कुमार निवासी तीसा के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस थाना तीसा में अभियोग संख्या 48/2026 अधीनधारा 39 हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद शराब को कब्जे में लेकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है व यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। जिला पुलिस चंबा ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब तस्करी और नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मां केवल जन्म नहीं देती, पूरी जिंदगी संवारती है: नीरज

अनंत ज्ञान



**चंबा।** मदर्स-डे के अवसर पर सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर का भावुक संदेश हर किसी के दिल को छू गया।

उन्होंने कहा कि मां केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह अनमोल शक्ति है, जिसके त्याग, ममता और आशीर्वाद से पूरा परिवार और समाज मजबूत बनता है। मां वह आधार है, जिसके बिना जीवन अधूरा है और घर केवल दीवारों का ढांचा बनकर रह जाता है। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि एक मां अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए स्वयं के सपनों का त्याग कर देती है। वह हर परिस्थिति में अपने परिवार के लिए ढाल बनकर खड़ी रहती है। मां का प्रेम निस्वार्थ होता है, जिसमें केवल अपनापन, त्याग और अनगिनत दुआएं होती हैं। उन्होंने कहा कि सुबह की पहली प्रार्थना से लेकर रात की आखिरी चिंता तक मां का पूरा जीवन अपने परिवार के इर्द-गिर्द घूमता है। वह खुद दर्द सहकर भी बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहती है। समाज चाहे कितना भी आधुनिक क्यों न हो जाए, मां का स्थान कभी कोई नहीं ले सकता। नीरज नैय्यर ने कहा कि आज के समय में जरूरत इस बात की है कि हम केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन अपनी मां के सम्मान और भावनाओं को समझें। मां का सम्मान करना केवल संस्कार नहीं, बल्कि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि मां वह दीपक है, जो खुद जलकर पूरे परिवार के जीवन को उजाला भरती है। उसकी दुआएं जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं और उसका आशीर्वाद हर कठिन राह को आसान बना देता है। मदर्स-डे पर विधायक नीरज नैय्यर के इस भावुक व प्रेरणादायक संदेश ने लोगों को अपनी मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर भी उनका यह संदेश लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है और हर किसी को मां के महत्व का एहसास करा रहा है।

# बूथ नंबर-एक लुज बना सियासी रणक्षेत्र, एक ही गांव की दो बहुओं पर टिकी करयास वार्ड की नजरें

अनंत ज्ञान

**ध्यान सिंह, पांगी।** जनजातीय क्षेत्र पांगी के करयास जिला परिषद वार्ड में इस बार चुनावी मुकाबला बेहद दिलचस्प व कांटे का होता नजर आ रहा है। भाजपा द्वारा पहले ही सुनीता नेगी को मैदान में उतारे जाने के बाद अब कांग्रेस ने भी बड़ा राजनीतिक दांव खेलते हुए बूथ नंबर-1 लुज से जुड़ी युवा और शिक्षित चेहरा रंजना कुमारी चोपड़ा को समर्थित उम्मीदवार घोषित कर दिया है।

पांगी के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चौहान ने रविवार शाम सोशल मीडिया के माध्यम से रंजना चोपड़ा के नाम की आधिकारिक घोषणा की, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का दौर तेज हो गया। रंजना चोपड़ा करयास पंचायत की पूर्व प्रधान रह चुकी हैं और क्षेत्र में उनकी सक्रिय सामाजिक भागीदारी तथा जनसंपर्क को देखते हुए कांग्रेस ने उन पर भरोसा जताया है। पार्टी उन्हें जमीनी स्तर से जुड़ा, शिक्षित और मजबूत महिला चेहरा मानकर चुनावी मैदान में उतार रही है। इस चुनाव की सबसे खास और



सुभाष चौहान।



रंजना चोपड़ा।

चर्चित बात यह बन गई है कि भाजपा प्रत्याशी सुनीता नेगी का ससुराल जिस गांव लुज में है, उसी गांव की बेटी रंजना चोपड़ा को कांग्रेस ने चुनावी रण में उतार दिया है। ऐसे में अब पूरा सियासी फोकस बूथ नंबर-1 लुज पर आकर टिक गया है। राजनीतिक जानकारों की मानें, तो करयास वार्ड में इस बार मुकाबला सीधा प्रतिष्ठा की लड़ाई बनता जा रहा है।

दोनों दलों ने सामाजिक समीकरणों और स्थानीय जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार की है। एक ओर भाजपा अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने की कोशिश में है, तो वहीं कांग्रेस ने स्थानीय बेटी के चेहरे पर दांव खेलकर मुकाबले को और भी रोमांचक बना दिया है। क्षेत्र में अब चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं।

# नशे के खिलाफ मैदान में उतरे अधिकारी और डॉक्टर

## डीसी इलेवन की डॉक्टर्स इलेवन पर शानदार जीत

अनंत ज्ञान




**चंबा।** रविवार को एनएचपीसी के खेल मैदान करियां में डीसी कार्यालय चंबा और डॉक्टर्स इलेवन मेडिकल कॉलेज चंबा की टीमों के मध्य नशा निवारण थीम पर एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल मैदान में उत्साह और खेल भावना का शानदार माहौल देखने को मिला।

डॉक्टर्स इलेवन चंबा की टीम की कप्तानी डॉ. दिलबाग सिंह ने, जबकि उपायुक्त कार्यालय चंबा की टीम की कमान जोगिंदर पाल ने संभाली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उपायुक्त कार्यालय चंबा की ओर से जोगिंदर पाल, ओपी कालिया, मनोहर लाल, विजय कुमार, बंटी कुमार, पंकेश कुमार, योगेश कुमार, कुनाल, शुभम, जोगिंदर कुमार और युवराज ने हिस्सा लिया। वहीं, डॉक्टर्स इलेवन की तरफ से डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. मणिक सहगल, डॉ. सोनम नेगी, डॉ. अरुण नेगी, डॉ. विजय यादव, डॉ. सुनील, डॉ. उमर जलाली, डॉ. नरेंद्र, डॉ. हनीश, डॉ. अमर सिंह और डॉ. महिंदर राणा मैदान में उतरे। मैच के दौरान डीसी कार्यालय क्रिकेट टीम के कप्तान जोगिंदर पाल ने कहा कि खेल जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल गतिविधियों की ओर बढ़ना चाहिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 239 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ओमप्रकाश और जोगिंदर पाल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 170 रनों की साझेदारी की। ओमप्रकाश ने तूफानी अंदाज में 99 रन बनाए, जबकि जोगिंदर पाल ने 70 रनों की दमदार पारी खेली। पंकेश कुमार ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 48 रन जोड़े। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर्स इलेवन की टीम 180 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह डीसी इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। नशा निवारण के संदेश के साथ आयोजित इस क्रिकेट मुकाबले ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सशक्त संदेश दिया।

# मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलू को विस्तारपूर्वक समझाया

अनंत ज्ञान



**चंबा।** नगर परिषद चंबा के आगामी चुनावों को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के उद्देश्य से बचत भवन चंबा में मतदान कर्मियों के लिए पहली रिहर्सल आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से महिला अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को नई पहचान दी।

रिहर्सल की अध्यक्षता मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर अविनाश ने की, जिन्होंने मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलू को विस्तारपूर्वक समझाया। पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मतदान कर्मियों को कंट्रोल यूनिट व बैलेट यूनिट को संचालित करने, मतदान के दौरान आवश्यक प्रपत्रों और एनेक्सचर को सही तरीके से भरने तथा चुनाव प्रक्रिया को त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करवाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान से पहले आयोजित होने वाले 'मॉक पोल' की प्रक्रिया, मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से सील करने तथा चुनावी प्रक्रिया में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक समस्या उत्पन्न न हो। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती ने बताया कि नगर परिषद चंबा चुनावों में पहली बार 16 में से 5 पोलिंग स्टेशन पूरी तरह महिला कर्मियों के अधीन रहेंगे। इन मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारी से लेकर पोलिंग ऑफिसर तक पूरी टीम महिलाओं की होगी। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि महिलाओं की क्षमता, नेतृत्व और लोकतंत्र में उनकी मजबूत भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इससे पहले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में भी महिला बूथ बनाए गए थे, लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों में इस बार महिलाओं की भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशिक्षण के पहले सत्र में लगभग 60 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। एसडीएम प्रियांशु खाती ने कहा कि दूसरी रिहर्सल 12 मई को आयोजित की जाएगी, जिसमें मतदान कर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि 17 मई को होने वाले मतदान के दौरान पूरी प्रक्रिया सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। बचत भवन में आयोजित इस रिहर्सल के दौरान प्रशासनिक तैयारियों और महिला कर्मियों के उत्साह ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि चंबा में इस बार नगर परिषद चुनाव लोकतंत्र के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की भी नई मिसाल पेश करने जा रहे हैं।

# सत्संग से लौटते वक्त मातम में बदली खुशियां: तेलका-झौड़ा मार्ग पर हादसा

## 100 फुट गहरी खाई में गिरी कार, मां की मौत, बेटा गंभीर

अनंत ज्ञान



**तेलका।** जिला चंबा के सलूणी उपमंडल के तहत तेलका-झौड़ा मार्ग पर रविवार शाम एक ऐसा दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। सत्संग सुनकर घर लौट रहे मां-बेटे की कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 100 फुट से गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौके के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि कार चला रहा उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई है। मृतक महिला की पहचान सीता देवी (60) पत्नी धर्म चंद निवासी गांव भेड़ोई, डाकघर डंडी, तहसील सलूणी के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक की पहचान दर्शन कुमार के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शन कुमार अपनी माता सीता देवी को लेकर कार नंबर एचपी 73-9172 आल्टो 800 में सत्संग सुनने गए थे। बताया जा रहा है कि सत्संग स्थल से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर, नहेली मोड़ के पास अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क से सीधे गहरी खाई में जा गिरा।

प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार कार करीब 100 फीट नीचे जा गिरी, जिससे घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। कार के खाई में गिरने की तेज आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़े और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने जान जोखिम में डालकर दोनों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सालवां पहुंचाया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। प्राथमिक उपचार के दौरान बुजुर्ग महिला सीता देवी ने दम तोड़ दिया। वहीं बेटे दर्शन कुमार की हालत गंभीर होने के चलते उसे मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही चम्बा पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और हादसे का जायजा लिया। पुलिस ने घायल युवक और परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम सोमवार को करवाया जाएगा। मेडिकल कॉलेज चंबा से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि घायल युवक का अस्पताल में उपचार जारी है। उन्हें मामूली चोट आई है वहीं एसपी चम्बा विजय कुमार सकलानी ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस ने हादसे का मामला दर्ज कर लिया है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारणों की गहन जांच की जा रही है। इस हृदयविदारक हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी सड़कों पर सावधानी और सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। सत्संग से लौटते समय परिवार ने कभी नहीं सोचा होगा कि कुछ ही पलों में खुशियां मातम में बदल जाएंगी।

# गैस लीकेज हादसे में झुलसे बीएसएफ सिपाही दिनेश का निधन, क्षेत्र में शोक

अनंत ज्ञान

◆ राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**बढ़ूही/ऊना।** उपमंडल अंब के तहत एक दुखद हादसे में बीएसएफ के जवान दिनेश कुमार का निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसएफ में वर्ष 2007 बैच के सिपाही दिनेश कुमार (39) छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे।

बताया जा रहा है कि 3 मई 2026 को घर में चाय बनाते समय अचानक गैस लीकेज होने से आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों द्वारा तुरंत उन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। पीजीआई में कई दिनों तक उनका उपचार चलता रहा, लेकिन जिंदगी की जंग लड़ते हुए शनिवार रात करीब 11:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। जवान के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका अंतिम संस्कार पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग, रिश्तेदार, सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। बीएसएफ की ओर से श्रद्धांजलि देने के लिए सहायक प्रशिक्षण केंद्र खड़का, होशियारपुर से जवानों की टुकड़ी पहुंची, जिन्होंने दिवंगत जवान को सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

दिवंगत दिनेश कुमार अपने पीछे पत्नी सुदेश कुमारी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और क्षेत्र के लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। पूर्व विधायक बलवीर चौधरी ने भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश सेवा में समर्पित जवान का इस तरह असमय चले जाना अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

# भाजपा गांव-गांव में लोकतंत्र का गला घोंट रही: मनीष

अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** पूर्व 2022 डलहौजी विधानसभा प्रत्याशी व सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने भारतीय जनता पार्टी पर पंचायतीराज व्यवस्था की आत्मा को कुचलने और लोकतंत्र को पार्टी कंट्रोल सिस्टम में बदलने का गंभीर आरोप लगाया है।

मनीष सरीन ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में इतनी चूर हो चुकी है कि अब वह उन संस्थाओं पर भी राजनीतिक कब्जा जमाने में लगी है, जिन्हें संविधान ने गैर-दलीय व स्वतंत्र लोकतांत्रिक मंच के रूप में स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि पंचायत, जिला परिषद, ब्लॉक समिति और नगर परिषद जैसी संस्थाओं का उद्देश्य गांव व वार्ड स्तर पर आम लोगों, महिलाओं, किसानों, युवाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को बिना किसी राजनीतिक दबाव के लोकतांत्रिक भागीदारी देना था, लेकिन भाजपा अब इन संस्थाओं को भी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से चलाना चाहती है।

मनीष सरीन ने भाजपा द्वारा खुले तौर पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की सूची जारी करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब स्थानीय निकाय चुनाव आधिकारिक रूप से गैर-दलीय हैं तो फिर राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवार घोषित करना लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था को 73वें व 74वें संविधान संशोधन के जरिए इसलिए मजबूत किया गया था, ताकि लोकतंत्र गांव-गांव तक पहुंचे, लेकिन आज भाजपा उसी व्यवस्था को राजनीतिक कब्जे का माध्यम बना रही है। सरीन ने कहा, यह केवल राजनीतिक समर्थन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सुनियोजित हमला है। भाजपा गांवों और स्थानीय निकायों को भी पार्टी कंट्रोल सिस्टम में बदलना चाहती है। सत्ता की भूख अब पंचायतों तक पहुंच चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि जो कार्यकर्ता वर्षों तक पार्टी के लिए काम करते रहे, यदि वे किसी तथाकथित पार्टी समर्थित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला लेते हैं तो उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। उन्होंने इसे लोकतंत्र नहीं बल्कि तानाशाही मानसिकता का खुला प्रदर्शन बताया। मनीष सरीन ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि गांव स्तर पर स्वतंत्र सोच और निष्पक्ष लोकतांत्रिक माहौल को खत्म किया जा रहा है।

## कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की राय से तय होंगे प्रत्याशी : सुरजीत



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने कहा है कि पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता की राय को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह शिमला से प्रत्याशियों की सूची थोपने का काम कांग्रेस नहीं करेगी, बल्कि हर वार्ड में पार्टी कार्यकर्ताओं की सहमति से उम्मीदवार तय किए जाएंगे। भरमौरी ने कहा कि पार्टी ऐसे निष्ठावान और जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका देगी, जो लंबे समय से जनता के बीच काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई वार्डों में प्रत्याशियों को लेकर सहमति बन चुकी है और 14 मई तक सभी नाम तय कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सक्रिय

# दंगल जलाल ईरान वाले ने किया खिताब अपने नाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के गोपालपुर में हर साल की भांति इस वर्ष भी छिंज कमेटी गोपालपुर द्वारा महा दंगल का आयोजन कमेटी सदस्यों अध्यक्ष प्रेम चंद राव, रमेश एल ससवाल, रूप लाल कपूर, हेम राज कपूर, अमृत कपूर, चौधरी जसवाल, रवि जसवाल, गौरव राव, राजेंद्र पुरी, शशि पाल शर्मा तथा हेम राज व गांव वालों के सहयोग से एक महादंगल का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर से आए पहलवानों हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के पहलवानों ने अपने दमखम दिखाए व लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। सभी मुकाबले आर पार करवाए गए। छिंज कमेटी की तरफ से छोटी माली व बड़ी माली के मुकाबले भी करवाए गए। छिंज में मुखतिथि के रूप में सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप ठाकुर ने शिरकत की, जिसमें विधायक दलीप ठाकुर ने दंगल में आए दो बुजुर्ग 90+ को भी सम्मानित किया। देर रात तक चली कुश्ती में छोटी माली का मुकाबला नहीं हो पाया और बड़ी माली का मुकाबला जलाल ईरान और चीनू रायवाल के बीच खेला गया। यह कड़ा मुकाबला देर रात नौ बजे तक चला, जिसमें जलाल ने चीनू को हराकर खिताब अपने नाम किया। कमेटी की तरफ से जीतने वाले को 81000 रुपए और हारने वाले को 71,000 रुपए दिए गए।

# पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के हितों पर मंथन, कुल्लू में कल्याण समिति की बैठक

## मंडी में सीजीएचएस सेंटर खोलने व कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर जोर : एसएस हार्टा

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** पूर्व अर्धसैनिक बल कर्मियों और उनके आश्रितों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण समिति कुल्लू जिला की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व आईजी एसएस हार्टा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में बीते एक वर्ष की उपलब्धियों, लंबित मांगों व भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने संबोधन में एसएस हार्टा ने कहा कि समिति ने पिछले एक वर्ष में पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के हितों के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि जिला मंडी मुख्यालय में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर की स्वीकृति समिति की बड़ी सफलता है, जिससे सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा प्रदेश के प्रमुख मेडिकल कॉलेजों तथा पीजीआई में पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के लिए विशेष काउंटर स्थापित करने व सीजीएचएस कार्ड धारकों को कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी सकारात्मक पहल हुई है। बैठक में पेंशन संबंधी समस्याओं और मोबाइल कैंटीन सेवा को दोबारा शुरू करने के मुद्दे पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। एसएस हार्टा ने कहा कि जिला व तहसील स्तर पर मोबाइल कैंटीन सेवा को पुनः बहाल करने के लिए आईटीबीपी महानिदेशालय स्तर पर उच्च अधिकारियों से लगातार संवाद जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सुविधा जल्द शुरू होने पर दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों को आवश्यक वस्तुएं रियायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कई वरिष्ठ सदस्य व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व अर्धसैनिक कर्मियों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर संगठन की सक्रियता और एकजुटता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

**त्योहार** साल की गति के पड़ाव हैं, जहां भिन्न-भिन्न मनोरंजन हैं, भिन्न-भिन्न आनंद हैं, भिन्न-भिन्न क्रीडास्थल हैं।

-बर्स्आ

## संपादकीय

## क्रिकेट से पर्यटन

हिमाचल प्रदेश में इस बार गर्मियों का पर्यटन सीजन पूरे शबाब पर है। शिमला, मनाली, धर्मशाला और मैक्लोडगंज जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, जिससे राज्य की वादियों में फिर से रौनक लौट आई है। होटल, रेस्तरां, टैक्सी सेवाएं, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। इसी बीच धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में 11 मई से शुरू होने वाले आईपीएल टी-20 मुकाबलों ने पर्यटन को और अधिक गति देने का काम किया है। क्रिकेट और पर्यटन का यह संगम हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनकर उभरा है।

धर्मशाला का एचपीसीए स्टेडियम दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदानों में गिना जाता है। धौलाधार पर्वतों की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित यह मैदान केवल खेल प्रेमियों को ही नहीं बल्कि प्रकृति प्रेमियों को भी आकर्षित करता है। यही कारण है कि जब भी यहां बड़े मुकाबले आयोजित होते हैं, तो देश-विदेश से हजारों पर्यटक और क्रिकेट प्रशंसक धर्मशाला पहुंचते हैं। इस बार पंजाब किंग्स के घरेलू मुकाबलों के कारण पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों के आने की संभावना है।

मैच देखने आने वाले दर्शक केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे धर्मशाला, मैक्लोडगंज, भागसूनाग, नड्डी और त्रिउंड जैसे पर्यटन स्थलों का भी आनंद लेते हैं। इससे स्थानीय पर्यटन अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलता है। होटल और होमस्टे की बुकिंग पहले ही 60 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की उम्मीद है। टैक्सी चालकों, होटल व्यवसायियों, रेस्तरां संचालकों और छोटे दुकानदारों के लिए यह सीजन बड़ी राहत लेकर आया है। कोरोना महामारी और प्राकृतिक आपदाओं के बाद पर्यटन उद्योग को जो नुकसान हुआ था, उससे उबरने में यह सीजन काफी मददगार साबित हो रहा है। आईपीएल जैसे बड़े खेल आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि रोजगार और आय सृजन का भी महत्वपूर्ण जरिया बनते जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर अस्थायी रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं, जैसे परिवहन, आतिथ्य सेवाएं और छोटे व्यापार।

हालांकि, इस बढ़ते पर्यटन और बड़े आयोजन के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने हैं। सबसे बड़ी चुनौती यातायात और भीड़ प्रबंधन की है। पर्यटन सीजन में पहले से ही धर्मशाला और मैक्लोडगंज की सड़कों पर दबाव रहता है, और अब आईपीएल मैचों के दौरान हजारों अतिरिक्त वाहन पहुंचने से जाम की स्थिति गंभीर हो सकती है। यदि समय रहते प्रभावी योजना नहीं बनाई गई, तो पर्यटकों का अनुभव प्रभावित हो सकता है। इसके लिए प्रशासन को पहले से विस्तृत ट्रैफिक प्रबंधन योजना तैयार करनी होगी। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, रूट डायवर्जन, अस्थायी पार्किंग स्थल और शटल बस सेवाएं जरूरी होंगी। संकरी सड़कों पर वाहनों का दबाव नियंत्रित करना खास चुनौती रहेगा। साथ ही हेल्प डेस्क और डिजिटल सूचना प्रणाली से पर्यटकों को सही मार्गदर्शन दिया जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। स्टेडियम, होटल और पर्यटन स्थलों पर भीड़ को देखते हुए कड़े सुरक्षा इंतजाम आवश्यक होंगे। पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इसके साथ ही हिमाचल की मेहमाननवाजी की परंपरा को बनाए रखना भी जरूरी है। पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार, पारदर्शी दरें और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना स्थानीय लोगों और प्रशासन की जिम्मेदारी है। ओवरचार्जिंग या किसी तरह की अनियमितता पर्यटन की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है।

पर्यटन हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। लाखों लोगों की आजीविका इसी पर निर्भर है। ऐसे में आईपीएल जैसे आयोजन राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में मदद करते हैं। यदि बेहतर प्रबंधन किया जाए तो भविष्य में भी ऐसे बड़े आयोजन राज्य को मिल सकते हैं। निस्संदेह, धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मुकाबले हिमाचल के पर्यटन उद्योग के लिए सुनहरा अवसर हैं। सही योजना और सहयोग से यह आयोजन राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है और हिमाचल को पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिला सकता है। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### मशहूर कहानीकार और लेखक



सआदत हसन मंटो
जन्म : 11 मई, 1912
मृत्यु : 18 जनवरी, 1955

**सआदत हसन मंटो** उर्दू साहित्य के उन महान कहानीकारों में गिने जाते हैं जिन्होंने समाज की कड़वी सच्चाइयों, इंसानी मनोविज्ञान और विभाजन की त्रासदी को बेहद साहस और ईमानदारी से अपनी कहानियों में प्रस्तुत किया। उनका जन्म 11 मई 1912 को पंजाब के समराला में हुआ था और निधन 18 जनवरी 1955 को लाहौर में हुआ।

मंटो केवल कहानीकार ही नहीं थे, बल्कि रेडियो लेखक, पटकथा लेखक और पत्रकार भी थे। उनकी लेखनी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने समाज के उन पहलुओं को सामने रखा, जिन पर लोग खुलकर बात करने से बचते थे। उनकी कहानियां मानवीय संवेदनाओं, हिंसा, वासना, विभाजन और सामाजिक पाखंड की गहरी पड़ताल करती हैं। मंटो ने अपनी शुरुआती पढ़ाई अमृतसर में की। वे बचपन में शरारती थे और पढ़ाई में विशेष रुचि नहीं लेते थे। उर्दू विषय में कमजोरी के कारण वे एंट्रेंस परीक्षा में दो बार असफल भी हुए। बाद में उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण की, जहां प्रगतिशील विचारों और साहित्यिक माहौल ने उनकी रचनात्मकता को नई दिशा दी। मंटो की पहली चर्चित कहानी तमाशा थी, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड से प्रेरित थी। उन्होंने इस घटना को एक बच्चे की दृष्टि से प्रस्तुत किया।

उनकी प्रमुख कहानियों में, टोबा टेक सिंह, खोल दो, ठंडा गोश्त, काली शलवार शामिल हैं। इन कहानियों में विभाजन की हिंसा, इंसानी क्रूरता और सामाजिक विडंबनाओं को बेहद प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया गया है। मंटो पर रूसी साहित्य और लेखकों का गहरा प्रभाव था। उन्होंने आंतोन चेखव, विक्टर ह्यूगो, ऑस्कर वाइल्ड और मक्सिम गोर्की जैसे साहित्यकारों को पढ़ा और अनुवाद भी किए। 1947 के विभाजन के बाद मंटो पाकिस्तान चले गए। विभाजन की त्रासदी ने उनकी रचनाओं को और अधिक तीखा और मानवीय बना दिया। उन्होंने दंगों, विस्थापन और मानसिक विघटन पर कई कहानियां लिखीं। ■




कविता

### हौसलों से उम्मीद...!

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

**अंधेरों** से क्यों डरना है, जब भीतर दीप जला है,
रास्ते चाहे कठिन हों, हौसलों से उन्हें सजाना है।
ये ठोकरें ही सिखाती हैं, कैसे आगे बढ़ जाना है,
गिरकर फिर उठ जाना, ये जीवन का 'तराना' है।
सपनों को मत सोने दो, उन्हें हकीकत बनाना है,
आज नहीं तो कल ही, 'मंजिल' तक तो जाना है।
हवा तेज हो या आंधी, दीपक फिर भी जलता है,
जो खुद पर विश्वास रखे, वही सदा 'संभलता' है।
उम्मीद की ये छोटी लौ, अंधेरा सब 'हर' जाती है,
जो कभी हार नहीं माने, वो जीत वरण करता है।
उजालों की ओर जो देखें, वहीं तो 'टिक' पाता है,
ख्वाब और ख्वाहिशें बड़ी, वही प्रेम गीत गाता है।

# विकास के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती दूरी



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

जनता को सब्जबाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिये तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद है, देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है, देश में विकास की गंगोत्री बह रही है।

और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों? आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग,एस आईआर, इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी, बीएसएफ,सीआरपी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है, परंतु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है? याद कीजिये 2013 में, जब डॉलर के मुबाबले रुपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि रुपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रुपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया : कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था। मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रुपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा, परंतु आज तो मोदी शासनकाल में डॉलर के मुकाबले वही रुपया 95.18 तक पहुंच चुका है, परंतु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रुपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाये इसके अक्तूबर 2022 में जब रुपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि भारतीय रुपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमेरिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा है। क्या यह तर्क 2014 से पहले यूपीए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परंतु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के कुतर्क रुपी तर्क देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रूपए के आंकड़े को छूने के करीब होने





बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है? इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देशभर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61 रुपए से लेकर 70 रुपए प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे, परंतु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रूपए के करीब तो कहीं 100 रुपए पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है, परंतु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल ईरान-इसराइल युद्ध के कारण देश के कई हिस्सों में गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं।

गैस की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है, लेकिन आम जनता से जुड़े ऐसे गंभीर मुद्दों पर न तो पर्याप्त चर्चा होती है और न ही ठोस समाधान दिखाई देता है। हां, मीडिया के माध्यम से सरकार का यही संदेश लगातार प्रचारित किया जाता है कि 'सब कुछ सामान्य है।' इसी बीच केंद्र सरकार ने एक नया राजनीतिक वर्ग तैयार किया है, जिसे अब लाभार्थी वोट बैंक कहा जाने लगा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश की लगभग 80 करोड़ आबादी, यानी करीब 57 प्रतिशत लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पात्र लोगों को प्रति सदस्य हर महीने 5 किलोग्राम गेहूं या चावल मुफ्त दिया जाता है। इस योजना को लेकर अलग-अलग मत हैं। सरकार इसे गरीबों के लिए राहत और सामाजिक सुरक्षा का बड़ा कदम बताती है, जबकि आलोचकों का कहना है कि यदि देश की आधी से अधिक आबादी मुफ्त राशन पर निर्भर है, तो यह आर्थिक व्यवस्था और रोजगार नीति की विफलता का संकेत भी माना जा सकता है। कुछ लोग यह भी तर्क देते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के बजाय सरकारी सहायता पर निर्भर कर देती हैं।

इसके बावजूद सरकार इन योजनाओं को अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करती है और स्वाभाविक रूप से इन लाभार्थियों से राजनीतिक समर्थन की अपेक्षा भी रखती है। दूसरी ओर, यह भी एक विडंबना है कि बड़ी संख्या में लोग रोजगार, बेहतर शिक्षा और आत्मनिर्भरता की मांग करने के बजाय इसी सीमित राहत को अपनी नियति मानकर संतुष्ट दिखाई देते हैं। यह वर्तमान राजनीति की रणनीति का ही प्रभाव है कि जीएसटी और नोटबंदी से प्रभावित व्यापारी तथा आम लोग अब उन मुद्दों पर खुलकर चर्चा नहीं करते।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# बंगाल में भाजपा के सामने सत्ता नहीं, संगठन को बचाना चुनौती



हरिराम धीमान
स्वतंत्र लेखक, नालागढ़

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

जैसा कि लंबे समय से राजनीतिक विश्लेषकों और जनमत सर्वेक्षणों में संकेत मिल रहे थे, पश्चिम बंगाल में भाजपा ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बना ली है। यह जीत अचानक नहीं आई, बल्कि वर्षों की कठिन मेहनत, संघर्ष और संगठन निर्माण का परिणाम है।

कभी बंगाल में तीन सीटों तक सीमित रहने वाली भाजपा ने पहले 77 सीटों तक पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास कराया और फिर 207 सीटों के आंकड़े तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने धरातल पर लगातार काम किया। इस सफलता के पीछे केवल बड़े नेताओं की सभाएं या चुनावी रणनीतियां ही नहीं थीं, बल्कि उन हजारों सामान्य कार्यकर्ताओं का पसीना, संघर्ष और बलिदान भी शामिल है जिन्होंने गांव-गांव जाकर पार्टी को खड़ा किया। अनेक कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक हिंसा झेली, कई ने अपने परिवार खोए और अनेक लोग वर्षों तक सामाजिक तथा आर्थिक प्रताड़ना सहते रहे। इसलिए यह जीत केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि लंबे राजनीतिक संघर्ष का परिणाम मानी जा रही है, लेकिन सरकार बनाने के बाद भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती अब शुरू होती है। यह चुनौती विपक्ष को हराने की नहीं, बल्कि स्वयं को टीएमसी बनने से बचाने की है।

बंगाल की राजनीति का इतिहास बताता है कि यहां सत्ता केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर प्रभाव, भय और संगठित दबाव के माध्यम से भी चलती रही है। यही कारण है कि बंगाल की राजनीति अन्य राज्यों से अलग मानी जाती है। पश्चिम बंगाल में 34 वर्षों तक वामपंथी सरकार सत्ता में रही। इतनी लंबी अवधि तक किसी सरकार का बने रहना सामान्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कहीं अधिक राजनीतिक नियंत्रण का



परिणाम माना जाता रहा। माकपा यहां लगातार इसलिए नहीं जीतती रही कि जनता हर बार उसे भारी समर्थन देती थी अपितु वास्तविकता यह थी कि स्थानीय स्तर पर पार्टी का ऐसा ढांचा तैयार कर दिया गया था जिसमें पार्टी कैडर ही प्रशासनिक और सामाजिक शक्ति बन गया था। गांवों और कस्बों में वही तय करते थे कि कौन बोलेगा, कौन विरोध करेगा और चुनाव में किसे वोट मिलेगा। चुनावों के दौरान विरोधी मतदाताओं को डराना, बूथों पर कब्जा करना और स्थानीय दबाव बनाना बंगाल की राजनीति का हिस्सा बन गया था। लोकतंत्र धीरे-धीरे कैडर आधारित राजनीतिक संस्कृति में बदल गया। 2011 में सत्ता से हटने के बाद मार्क्सवादी पार्टी का आधार भी समाप्त हो गया और 2014 के लोकसभा चुनाव मे 42 मे से केवल 2 सीटें मिली थी। 2019 के चुनाव सीट मिलना तो दूर, 42 में से 41 सीटों पर जमानत जब्त हुई थी। बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक संस्कृति को बदलने की होगी। 2011 में ममता बनर्जी के नेतृत्व में सत्ता परिवर्तन के समय लोगों को उम्मीद थी कि हिंसा और राजनीतिक दबाव की राजनीति समाप्त होगी, लेकिन समय के साथ वही आरोप तृणमूल कांग्रेस पर भी लगने लगे।

अब यदि भाजपा मजबूत स्थिति में आती है, तो उसके सामने सबसे बड़ा खतरा विपक्ष नहीं बल्कि वे अवसरवादी तत्व होंगे, जो सत्ता बदलते ही अपना राजनीतिक रंग बदल लेते हैं। वर्षों तक सत्ता के संरक्षण में सक्रिय रहे स्थानीय दबंग और प्रभावशाली लोग भाजपा के करीब आने की कोशिश कर सकते हैं। यदि पार्टी ऐसे लोगों को बिना जांच-परख के महत्व देती है, तो सबसे अधिक नुकसान उन पुराने कार्यकर्ताओं को होगा जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में संगठन को खड़ा किया। भाजपा की असली परीक्षा चुनाव जीतने के बाद शुरू होगी। यदि वह भी पूर्ववर्ती दलों की तरह सत्ता और प्रभाव की राजनीति में उलझ जाती है, तो जनता का विश्वास टूट सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बच्चे, युवा और बड़े सभी होते जा रहे हैं फास्ट फूड के आदी



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आज का आधुनिक जीवन तेज रफ्तार, व्यस्तता और बदलती जीवनशैली का प्रतीक बन चुका है। समय की कमी और स्वाद की बढ़ती चाहत ने लोगों को फास्ट फूड की ओर तेजी से आकर्षित किया है।

कभी-कभार स्वाद बदलने के लिए खाया जाने वाला फास्ट फूड अब बच्चों, युवाओं और बड़ों की रोजमर्रा की आदत बनता जा रहा है। पिज्जा, बर्गर, नूडल्स, फ्रेंच फ्राइज, मोमोज, कोल्ड ड्रिंक्स और पैकेटबंद स्नैक्स आज लगभग हर उम्र के लोगों की पसंद बन चुके हैं लेकिन स्वाद के पीछे छिपा यह आकर्षण धीरे-धीरे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे का रूप लेता जा रहा है।

सबसे अधिक प्रभाव बच्चों पर दिखाई देता है। रंग-बिरंगे विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और खिलौनों के साथ मिलने वाले खाद्य पदार्थ बच्चों को आसानी से लुभा लेते हैं। कई बार माता-पिता भी बच्चों की जिद के आगे झुक जाते हैं। परिणामस्वरूप कम उम्र में ही बच्चों में मोटापा, दांतों की समस्याएं, कमजोरी, पाचन संबंधी रोग और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी जैसी दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। पौष्टिक भोजन से दूरी बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित कर रही है।

युवाओं में फास्ट फूड केवल भोजन नहीं, बल्कि एक फैशन और सामाजिक ट्रेंड बन चुका है। कॉलेज, कोचिंग संस्थान और बाजारों के आसपास फास्ट फूड की दुकानों की भरमार इसका प्रमाण हैं। दोस्तों के साथ समय बिताना हो, जन्मदिन मनाना हो या घूमने जाना-फास्ट फूड अक्सर हर अवसर का हिस्सा बन जाता है।

लगातार जंक फूड खाने से मोटापा, हार्मोन असंतुलन, तनाव, त्वचा संबंधी समस्याएं



और हृदय रोग जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। बड़े लोग भी इससे अछूते नहीं हैं। नौकरीपेशा लोग समय बचाने के लिए बाहर का भोजन या पैक्ड फूड लेने लगे हैं। देर रात तक काम, अनियमित दिनचर्या और घर के भोजन से दूरी ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बढ़ा दिया है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

फास्ट फूड की लोकप्रियता के पीछे कई कारण हैं। यह जल्दी तैयार हो जाता है, स्वादिष्ट होता है, आसानी से उपलब्ध रहता है और देखने में आकर्षक लगता है। सोशल मीडिया और विज्ञापनों ने इसकी मांग को और अधिक बढ़ा दिया है।

कई लोग इसे आधुनिक जीवनशैली और स्टेटस से भी जोड़कर देखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकांश फास्ट फूड में अत्यधिक मात्रा में तेल, नमक, चीनी और कृत्रिम प्रिजर्वेटिव्स पाए जाते हैं। इनमें आवश्यक पोषक तत्व बहुत कम होते हैं। लगातार सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ सकती है और कई गंभीर बीमारियां जन्म ले सकती हैं। इस समस्या से बचने के लिए परिवार और समाज दोनों को जागरूक होना होगा। बच्चों को बचपन से ही घर का पौष्टिक भोजन, फल, सलाद और दूध की आदत डालनी चाहिए। युवाओं को नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन और अनुशासित दिनचर्या अपनानी चाहिए। बड़े लोगों को भी सुविधा के बजाय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए घर के भोजन को महत्व देना चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं को भी स्वस्थ खानपान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

बहरहाल, यह बात सत्य है कि बेशक फास्ट फूड स्वाद तो दे सकता है, लेकिन अच्छा स्वास्थ्य नहीं। यदि समय रहते इस आदत पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर सकती हैं। इसलिए हमें स्वाद से अधिक स्वास्थ्य को महत्व देना होगा, क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# काश! समाज की बेहतरी के लिए भी हम इतने ही एकजुट होते



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

आज के दौर में जिस प्रकार हर क्षेत्र में राजनीति का बोलबाला देखने एवं सुनने को मिलता है, तो वहीं इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राजनीति ही क्षेत्र समाज और किसी भी प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने में अहम् भूमिका निभा सकता है जो कि लोकतांत्रिक रूप में विशेषाधिकार माना जाता है।

जिस प्रकार हाल ही में पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है और अपने अपने दलों एवं गुटों में उम्मीदवारों एवं कार्यकर्ताओं में ऐसी सक्रियता देखने एवं सुनने को मिलती है जिसे देखकर हर शिक्षित,जागरूक और बुद्धिजीवी वर्ग अचंभित नजर आता है, परंतु अगर अपने क्षेत्र समाज में कोई सामूहिक समस्या और गंभीर मुद्दे पर विचार विमर्श और सहयोग की बात आती है तो निसंदेह ऐसी स्थिति में चंद लोग भी राजनीति और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर एकत्रित होने में दिलचस्पी नहीं दिखाते। यह बहुत ही लज्जा और आत्मचिंतन करने का विषय है। साथ ही अपने क्षेत्र के पिछड़ने और विकास के रूप में सफल न होने का भी मुख्य कारण यही माना जाता है कि हम राजनीति से ऊपर उठकर और एकजुटता होने में कहीं न कहीं गुरेज करते हैं,राजनीति रूप से यह गंभीर स्थिति पंचायत चुनाव में ही नहीं बल्कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भी बखूबी देखने एवं सुनने को मिलती हैं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति को अपने विवेक और बुद्धिमत्ता के अनुसार किसी भी दल को अपना बहुमूल्य समर्थन देने का विशेषाधिकार प्राप्त है,जो हमेशा रहना चाहिए, परंतु केवल चुनाव के समय ही एकता और सक्रियता नहीं दिखनी चाहिए बल्कि चुनाव के उपरांत और चुनाव से पूर्व भी आपसी सौहार्द,भाईचारा और अपने क्षेत्र समाज के विकास और उत्थान के लिए राजनीति से ऊपर उठकर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभिन्न विकासात्मक कार्यों को



करवाने में भी सक्रियता दिखनी चाहिए। साथ ही कभी कभी परिस्थितियां इस प्रकार से बनती हैं कि हम राजनीति के लिए अपने रिश्तों और आपसी भाईचारे को भी दांव पर लगा लेते हैं,जिससे राजनीति के कारण वर्षों तक समाज में आपसी मन मुटाव और बेवजह की तकरारें विभिन्न क्षेत्रों में देखने एवं सुनने को मिलती हैं। इस प्रकार मीडिया बंधुओं के माध्यम से निवेदन और जनहित में सुझाव रहेगा कि हम चुनाव बेला की तरह ही अपने क्षेत्र समाज के विकास और उत्थान के लिए भी कुछ यूं ही अपनी सक्रियता और एकजुटता का परिचय देने का प्रयास करें ताकि भविष्य में हम आपका क्षेत्र विकास की दृष्टि से अग्रणी भूमिका में नजर आएं। अगर हम ऐसे विभिन्न क्षेत्रों को देखने को समझने का प्रयास करते हैं जो क्षेत्र विकास के रूप में अग्रणी भूमिका में माने जातें हैं तो ऐसे क्षेत्रों में सर्वप्रथम उन क्षेत्रों की जनता शिक्षित, जागरूक और निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर जनहित में अपनी सहभागिता और अहम् भूमिका निभाने का प्रयास करते हैं। इसी का कारण है कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं मिलता और हर जनप्रतिनिधि विकास को आगे बढ़ाने में ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ क्षेत्र के विकास को लेकर सक्रिय नजर आते हैं। साथ ही इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जब हम अपने क्षेत्र की किसी भी महत्वपूर्ण उचित समस्याओं को राजनीति व निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर प्रयास करते हैं तो निस्संदेह किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी यकीनन सामूहिक कार्यों को करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, और हम आप कहीं न कहीं विकास और सुविधाओं के लिए भविष्य में लाभान्वित होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आस्था ने 10वीं की मेरिट में पाया 10वां रैंक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल मुख्यालय पर स्थित निजी विद्यालय हिमालय पब्लिक स्कूल की आस्था ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गत मार्च महीने में हुई दसवीं कक्षा की परीक्षा में 98.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में दसवां स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। आस्था ठाकुर नगर परिषद के वार्ड नंबर दो रामनगर निवासी है उसके पिता संजय कुमार ने बताया कि वह प्रतिदिन आठ से दस घंटे पढ़ाई करती थी। तथा वह पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करती थी। आस्था के पिता और माता दोनों ही प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक हैं। संजय कुमार ने बताया कि उनकी बेटी ने मेरिट लिस्ट में शामिल होकर उनका मस्तक ऊंचा किया है। आस्था ठाकुर ने बताया कि उसका सपना भविष्य में डाक्टर बनने का है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह बिलासपुर जिले की घुमारवीं तहसील में निजी कोचिंग सेंटर में कोचिंग ले रही है। आस्था की शिक्षक माता दीपा कुमारी ने बताया कि वह पढ़ाई के साथ साथ घरेलू कार्यों में भी सहायता करती थी। आस्था ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अध्यापकों को दिया है।



### यशस्वी ने मेरिट में हासिल किया 9वां स्थान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा की होनहार छात्रा यशस्वी ने हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में मेरिट लिस्ट में 9वां स्थान हासिल कर विद्यालय तथा पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। यशस्वी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा कठिन मेहनत को दिया है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में यशस्वी विद्यालय में 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में अध्ययनरत हैं और आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यशस्वी के पिता किशोरी लाल एक कॉन्ट्रैक्टर हैं तथा माता पुष्पा एक गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और प्रेरणा ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि यशस्वी शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी एवं मेहनती छात्रा रही हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। प्रधानाचार्य संजय कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि यशस्वी भविष्य में भी विद्यालय और क्षेत्र का नाम इसी प्रकार रोशन करती रहेंगी। यशस्वी की इस सफलता ने विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में भी नई प्रेरणा का संचार किया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से यशस्वी एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। विद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।



### निहरी स्कूल की वंशिका का आठवां स्थान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निहरी की छात्रा वंशिका वर्मा ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर स्कूल, क्षेत्र और जिला का नाम रोशन किया है। वंशिका के पिता एलडी वर्मा पंचायत में प्रधान के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। नेहरी गांव की वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और स्वजनों को दिया है। वंशिका ने परीक्षा में 692 अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र और परिवार में खुशी का माहौल है। वंशिका के पिता एलडी वर्मा ने बताया कि उनकी बेटी पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी हमेशा आगे रहती है।



### भंगरोटू की दिवांशिका का मेरिट में 9वां स्थान

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में भंगरोटू स्थित ला मोंटेसरी स्कूल की छात्रा दिवांशिका ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में 9वां स्थान हासिल कर मंडी जिला का नाम रोशन किया है। दिवांशिका की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।दिवांशिका नियर ढांगू क्षेत्र की रहने वाली हैं। उनके पिता कोऑपरेटिव बैंक नटनादी रोड में कार्यरत हैं, जबकि माता सुनीता रत्ती स्कूल में टीजीटी साइंस शिक्षिका हैं। एक छोटी बहन है जो अभी 8 साल की है और चौथी कक्षा (फोर्थ) में पढ़ती है। दिवांशिका भविष्य में सिविल सर्विस में जाकर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और पड़ोस की अपनी बड़ी बहन वंशिका गुलरिया को दिया है। जो समय समय पर पढ़ाई में इनकी मदद करती थी। दिवांशिका ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत, लगन और सही दिशा में निरंतर प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मिली परिवार और शिक्षकों की प्रेरणा उनकी सफलता का आधार बनी।



### डीएवी जोगिंद्रनगर की अन्वेषा का 9वां रैंक

**अनंत ज्ञान, अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा अन्वेषा ने 700 में से 691 अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में 9वीं रैंक हासिल करने के साथ-साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की छात्रा श्रीनिका ने 700 में से 683 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि छात्र अनमोल ने 682 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को साबित किया है। विद्यालय के कुल 29 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि एक विद्यार्थी ने 78 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों में खुशी की लहर देखने को मिली।



### गुरुकुल झलवां का 19वीं का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झलवां के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है।विद्यालय की छात्रा श्वेता ने 700 में से 685 अंक प्राप्त कर 97.85 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, अवंतिका ने 665 अंक लेकर 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि अर्नव ने 643 अंक हासिल कर 91.85 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के लिए गर्व की बात यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है।

### वैदिक स्कूल शानन का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 मई को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानन स्थित वैदिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार सफलता से स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है।विद्यालय के छात्र एंजल तथा अर्नव ने 665 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं खुशबू ने 91 प्रतिशत तथा चिराग ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अभिभावकों एवं शिक्षकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर तथा निदेशक मेघ सिंह ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं प्रशंसा के पात्र हैं, जिन्होंने बच्चों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ शिक्षा प्रदान की।

# सिया के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दे सरकार

## जिले के पूर्व सैनिक संगठनों ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल से उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिक संगठनों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह तथा प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता के नाम मांग पत्र प्रेषित किए हैं तथा मांग उठाई है कि 13 अप्रैल की सुबह 9 बजे गोपालपुर क्षेत्र के नैन गांव में कॉलेज जाती हुई छात्रा सिया गुलरिया की निर्मम हत्या से पीड़ित गरीब परिवार को सरकार द्वारा मानवता के आधार पर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने से उन्हें एक बहुत बड़ी आर्थिक सहायता प्राप्त हो जाएगी तथा निर्मम हत्या का शिकार परिवार फिर से पटरी पर लौट आने का प्रयास कर सकता है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के चैयरमेन कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, सरकाघाट इकाई के के अध्यक्ष कप्तान अशोक कुमार, टीहरा एक्स सर्विसस लीग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा अन्य संगठनों के समर्थन से एक प्रेस विज्ञप्ति में यह बात कही।

इस बारे में बात करते हुए कैप्टन जगदीश वर्मा ने आगे बताया कि उन्होंने मरीतका सिया के पिता जोगिंदर गुलरिया से मिलकर बातचीत की थी तथा उन्होंने बताया था कि उनकी उम्र तो 50 से ज्यादा हो गई है तथा उन्हें सरकार की तरफ से नौकरी मिलना संभव नहीं है परंतु उन्होंने आगे बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।



सिया की फाइल फोटो।

हत्या की घटना होने से पूरा परिवार सदमे में है तथा सिया की मां को भी शारीरिक तकलीफें होना शुरू हो गई है , जिसके लिए उनका अपनी पत्नी के साथ रहना अति आवश्यक है तथा दूसरा कोई भी आय का सहारा नहीं है। एक बेटी उनकी प्लस टू की छात्रा है तथा दूसरी ने 23 वर्षीय प्रिया ने सी आर आई कसौली से लैब टेक्नीशियन का कोर्स किया है। उन्होंने इस बाबत आग्रह किया कि अगर उन्हें एक सरकारी नौकरी मिल जाती है तो यह उनके परिवार के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक रूप से सहारा मिल जाएगा।

इसी मांग को लेकर पूर्व सैनिकों ने सरकार के मुख्यमंत्री तथा प्रदेश के गवर्नर को पत्र लिखकर या मांग उठाई है कि जल्दी से जल्दी इस परिवार की बेटी को किसी सरकारी नौकरी पर मानवता के आधार पर रखा जाए, ताकि प्रभावित परिवार की आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार हो सके।

# एचआरटीसी कर्मियों का वेतन लटका यूनियन ने सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने का मामला एक बार फिर गरमा गया है। हिमाचल ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन ने निगम प्रबंधन और प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव पर सवाल खड़े किए हैं। यूनियन के अनुसार निगम के लगभग 12 हजार कर्मचारियों को अप्रैल का वेतन अभी तक जारी नहीं किया गया है। मई माह का दूसरा सप्ताह शुरू होने के बावजूद 9 मई तक कर्मचारियों के खातों में वेतन नहीं पहुंचा, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन के महासचिव संजय बड़वाल ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि परिवहन निगम के कर्मचारी दिन-रात मेहनत करके प्रदेश की परिवहन सेवाओं को सुचारू रूप से चला रहे हैं, लेकिन सरकार समय पर वेतन देने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वेतन में लगातार देरी होने से कर्मचारियों की बैंक किश्तें, घरेलू खर्च और अन्य जरूरी भुगतान प्रभावित हो रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है। यूनियन ने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारियों को हर महीने पहली तारीख को वेतन मिल जाता है, तो एचआरटीसी कर्मचारियों के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जा रहा है। यूनियन ने निगम प्रबंधन की कार्यप्रणाली को प्रशासनिक विफलता बताते हुए भविष्य में वेतन भुगतान की निश्चित तिथि तय करने की मांग की है।साथ ही यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कर्मचारियों का वेतन जारी नहीं किया गया और इस रवैये में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में कर्मचारी संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## टीहरा में बिल्लू ने बड़ी और अली ने जीती छोटी माली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जय लखदाता दंगल कमेटी टीहरा द्वारा आयोजित 12वें विशाल दंगल ने क्षेत्र में खेल, उत्साह और परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। इस भव्य दंगल में देश-प्रदेश के नामी पहलवानों ने अखाड़े में उतरकर अपने दांव-पेंच और ताकत का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। दंगल के मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश चंद पठानिया रहे, जो वर्तमान में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। बड़ी माली में रोमांचक मुकाबले के बाद बिल्लू होशियारपुर विजेता बने, जबकि गुरु सेवक खन्ना उपविजेता रहे, वहीं छोटी माली में अली जम्मू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि सुनील बाघा उपविजेता रहे।

# एनएच निर्माण से बनाल के डेढ़ दर्जन मकानों पर मंडराया खतरा : भूपेंद्र

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कार्य के चलते धर्मपुर के समीप बनाल क्षेत्र में लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पूर्व जिला पार्षद एवं हिमाचल किसान सभा नेता भूपेंद्र सिंह ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बताया कि कंपनी और ठेकेदारों द्वारा अवैध डंपिंग की जा रही है, जिससे आगामी बरसात में फिर भारी नुकसान का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि रियूर अनुसूचित एवं ओबीसी बस्ती, खडेला तपवालका और बनाल गांव के करीब डेढ़ दर्जन मकान खतरे की जद में हैं। पिछले वर्ष बरसात के दौरान कई परिवारों को प्रशासन ने रियूर स्कूल में शिफ्ट किया था, लेकिन आज तक सुरक्षा दीवारें और रास्तों का निर्माण नहीं किया गया। कंपनी द्वारा तोड़े गए रास्ते, पानी की बाबड़ियां और हैंडपंप भी अब तक बहाल नहीं किए गए हैं। भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि दिसंबर 2025 में उच्च स्तरीय जांच दल ने निरीक्षण कर मार्च तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मई आधा बीतने के बावजूद हालात जस के तस हैं। उन्होंने कहा कि कटिंग वाले क्षेत्रों में सुरक्षा दीवारें न लगने से दर्जनों मकानों के गिरने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन, कंपनी और विधायक पर अनदेखी के आरोप लगाए हैं। प्रभावित परिवारों का कहना है कि कई लोग पिछले एक साल से किराये के मकानों में रहने को मजबूर हैं। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि बरसात से पहले समाधान नहीं हुआ तो प्रभावित लोगों को साथ लेकर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## घरवासड़ा से शुरू हुआ नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर खंड ज्ञान विज्ञान एवं नशा मुक्ति अभियान समिति सज्याओ ने आज से पँचायत चुनावों में नशे के खिलाफ मुहिम घरवासड़ा शुरू कर दी। जिसका नेतृत्व हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के खंड अध्यक्ष भोलादत कशयप और नशा मुक्ति अभियान की अध्यक्षता डॉ. वीना राठौर महासचिव हेमराज कर रहे हैं।आज माता कंचनापूरी मन्दिर कमेटी कार्यालय घरवासड़ा से जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। विज्ञान समिति के ज़िला उपाध्यक्ष एवं खंड अध्यक्ष भोलादत कशयप, डॉ. वीना राठौर के अलावा महासचिव हेमराज,रेखा देवी,मेहर सिंह, मनोज कुमार,पूर्व प्रधान दान सिंह,रूपलाल बिष्ट, अजय कुमार, सुरेश कुमार,रवि कुमार,सुनिल कुमार, विनोद, अनिल, दलेर सिंह, सरोजनी,अरुणा, रीना, हेमलता, इंदुवाला इत्यादि ने भाग लिया।भोलादत कशयप और डॉ वीना राठौर ने इस अवसर पर कहा कि हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति और नशा मुक्ति अभियान समिति के सँयुक्त तत्वावधान में 10 से 30 मई तक नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसकी शुरुआत घरवासड़ा से की गयी।इस अभियान का मुख्य कार्य पंचायत चुनावों में वोट लेने के लिए हो रहे प्रचार प्रसार के साथ साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाना और ऐसे उमीदवारों को समर्थन एवं वोट देने का आह्वान करना है जो चिट्टे, भांग, चरस, पोस्त का उपभोग न तो स्वयं करते हैं और न ही औरों को करवाते हैं। वैसे तो पंचायत चुनावों में बतौर उम्मीदवार बन रहे सभी उम्मीदवारों को नामांकन प्रपत्र दाखिल करती बार ये अनुबंध करना अनिवार्य है।

## किसान की बेटी के 10वीं में 99.29 % अंक

# सरस्वती स्कूल हटगढ़ की दीक्षा ने मेरिट में पाया 5वां स्थान

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में सरस्वती विद्या मंदिर हटगढ़ की छात्रा दीक्षा ने 99.29 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। दीक्षा की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। बधाई देने वालों का दिनभर घर पर तांता लगा रहा। दीक्षा ग्राम पंचायत दयारगी के छलखी गांव की रहने वाली हैं। उनके पिता राजेंद्र किसान हैं, जबकि माता भावना गृहिणी हैं। साधारण परिवार से संबंध रखने वाली दीक्षा की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन के दम पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विशेष रूप से अपनी नानी को दिया है। दीक्षा भविष्य में प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हैं। उनका सपना नवभारत के निर्माण में शिक्षा के माध्यम से योगदान देने का है। दीक्षा की इस उपलब्धि पर सरस्वती विद्या मंदिर हतगढ़ के प्रबंधक सोहन सिंह ठाकुर ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीक्षा ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है, जो सभी के लिए गर्व की बात है।



# डीबीपीएस स्कूल की रीतिका ने प्रदेश में झटका 8वां स्थान




रीतिका को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल (डीबीपीएस) का दसवीं का परीक्षा परिणाम शात-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने बताया कि स्कूल की रीतिका ठाकुर ने 692 अंक लेकर प्रदेश में 8वां और स्कूल में पहला स्थान पाया वहीं अर्शिया राणा ने 689 अंक लेकर प्रदेश में 11वां और स्कूल में दूसरा, अन्वेषा बावा 684 अंक लेकर तीसरा, दिव्यांशी ने 682 अंक लेकर चौथा और नव्या ने 675 अंक लेकर पांचवां स्थान पाया। दसवीं की परीक्षा में 45 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 31 बच्चों ने 600 से अधिक अंक लिए हैं। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सैक्रेटरी विजय जमवाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, उप प्रधानाचार्य लता राणा, पूर्व प्रधानाचार्य कर्नल शोभा सिंह और ओपी ठाकुर, पीटीए प्रधान अजय ठाकुर व प्रबंधन समिति ने सभी बच्चों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## श्रेयशी के दसवीं कक्षा में 691 अंक

**अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरला की मेधावी छात्रा श्रेयशी धरवाल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 691 अंक प्राप्त कर प्रदेश भर में नवां स्थान हासिल किया है। श्रेयशी की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल, अभिभावकों तथा समूचे पधर क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। श्रेयशी धरवाल शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाती रही है। मेधावी छात्रा श्रेयशी का सपना भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। उसकी इस उपलब्धि के पीछे परिवार और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी अहम माना जा रहा है। श्रेयशी के पिता भूप सिंह धरवाल पेशे से व्यवसायी हैं तथा माता पम्मी धरवाल टीजीटी अध्यापिका हैं।



# बेटियों ने बढ़ाया मंडी की सम्मान

## 10वीं की मेरिट में अलीशा तीसरे, अनन्या नौवें स्थान पर

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में मंडी जिला की दो बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की छात्रा अलीशा ठाकुर ने प्रदेश भर में तीसरा स्थान हासिल किया, वहीं सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनन्या कटोच ने मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों छात्राओं की सफलता से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ऑक्सफोर्ड स्कूल कोटली की मेधावी छात्रा अलीशा ठाकुर एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। उनके पिता प्रकाश चंद ट्रक चालक हैं, जबकि माता घर पर सिलाई का कार्य कर परिवार का सहयोग करती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अलीशा ने कठिन मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। अलीशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के संघर्ष, गुरुजनों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया है। उनका सपना भविष्य में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रशासनिक अधिकारी बनने का है। स्कूल की चेयरमैन श्रुति वर्मा ने अलीशा को बधाई देते हुए कहा कि उसकी मेहनत और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। वहीं सर्वोदय इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अनन्या कटोच ने 700 में से 691 अंक प्राप्त कर प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में नौवां स्थान हासिल किया। अनन्या ने अपनी सफलता का श्रेय निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास, गुरुजनों और माता-पिता के मार्गदर्शन को दिया। उनका भी लक्ष्य भविष्य में आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। अनन्या के पिता सरकारी विद्यालय में अध्यापक हैं, जबकि माता निजी विद्यालय में अंग्रेज़ी व्याख्याता हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इन बेटियों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और संकल्प के दम पर हर सपना पूरा किया जा सकता है।



◆ प्रशासनिक अधिकारी बन देश की सेवा करना अलीशा का सपना

**उपलब्धि** पैराडाइज स्कूल सुंदरनगर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

# सुनिधि सिंह ने मेरिट लिस्ट में पाया 8वां स्थान

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर के लिए एक अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण रविवार को सामने आया है। पाठशाला की मेधावी छात्रा सुनिधि सिंह ने 10वीं कक्षा की हिमाचल प्रदेश बोर्ड परीक्षा में 8वां स्थान प्राप्त कर स्कूल, माता-पिता एवं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

सुंदरनगर के गांव अरठी डाकघर कपाही से संबंध रखने वाली सुनिधि सिंह राजेंद्र सिंह एवं रीना कुमारी की पुत्री हैं। उनके पिता एक दुकानदार हैं, जबकि माता एक गृहिणी हैं। सुनिधि ने 700 में से 692 अंक 98.85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बोर्ड परीक्षा में 8वां स्थान हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। सुनिधि का जीवन लक्ष्य आर्किटेक्ट बनकर समाज में अपनी विशेष पहचान स्थापित करना है। पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि नृत्य, शतरंज खेलना, कविता लेखन एवं कैलिग्राफी जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भी है। अपनी सफलता का मंत्र बताते हुए सुनिधि ने कहा कि निरंतरता के साथ स्वयं पर विश्वास रखें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, अपनी बहन, गुरुजनों तथा पैराडाइज पब्लिक स्कूल परिवार को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी।



उन्होंने विद्यार्थियों के लिए संदेश देते हुए कहा कि लगातार मेहनत करते रहें, कभी हार न मानें और अपने लक्ष्य पर विश्वास बनाए रखें। निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। वहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अभिनव वर्मा ने 679 अंक 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, प्रेरणा ठाकुर ने 670 अंक 95.71 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान तथा पर्णिका ने 666 अंक 95.14 प्रतिशत प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त निशिता ने 643 अंक 91.85 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवा, सचिन ने 637 अंक 91 प्रतिशत प्राप्त कर छठा स्थान प्राप्त किया। देवांश शर्मा ने 629 अंक 89.85, अंतरा ने 627 अंक 89.57, तथा आर्यन शर्मा ने 614 अंक 87.71 प्रतिशत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दसवें स्थान पर अनमोल ठाकुर एवं ऋतु कुमारी ने संयुक्त रूप से 613 अंक 87.57 प्रतिशत प्राप्त किए।

काजल ने 598 अंक 85.42 प्राप्त कर 11वां तथा पुष्पेंद्र पाल ने 589 अंक 84.14 प्रतिशत के साथ 12वां स्थान हासिल किया। अन्य विद्यार्थियों में आदित्य ठाकुर ने 583 अंक 83.28, चिराग शर्मा ने 577 अंक 82.42 तथा आलोक भारद्वाज ने 570 अंक 81.43 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# समैला के आर्यन ने 10वीं की मेरिट में झटका 7वां स्थान



अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत तहसील बल्द्वाडा के संस्कार पब्लिक सीनियर सकेंडरी स्कूल समैला के छात्र आर्यन शर्मा ने 700 में से 693 अंक लेकर मेरिट में सातवां स्थान हासिल किया है । आर्यन की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकों तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने आर्यन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आर्यन शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और अनुशासित छात्र रहा है। आर्यन ने बताया कि वह रोज सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई करता था।

उन्होंने अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा और इसी रिवीजन की वजह से आज यह मुकाम हासिल किया है। आर्यन शर्मा ने बताया कि बड़े होकर वह आईएएस बनना चाहता है। आर्यन शर्मा के पिता सीनियर सकेंडरी स्कूल चंदैश में फिजिक्स के लेक्चर है और माता गृहिणी हैं ।बड़ा भाई अनुराग शर्मा बीटेक की पढ़ाई कर रहा हैं। आर्यन की इस सफलता से परिवार को बहुत खुशी है कि उनके बेटे ने दसवीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# हिमाचल बोर्ड दसवीं परीक्षा में ऊना के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में ऊना जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

जिले के नौ मेधावी विद्यार्थियों ने प्रदेश की शीर्ष-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर न केवल अपने विद्यालयों, बल्कि पूरे ऊना जिले का नाम भी रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से जिलेभर में खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है। अंब क्षेत्र स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिपोह मिसरां के छात्र अभिनव मेहता व छात्रा रूहानी धीमान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 700 में से 698 अंक प्राप्त किए हैं। दोनों विद्यार्थियों ने 99.71 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेशभर में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों तथा क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी है। इसी प्रकार एसडी वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक विद्यालय संतोषगढ़ की छात्रा रिद्धि चब्बा ने 693 अंक हासिल कर 99 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं, गुरुकुल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पक्का परोह की छात्रा वंशिका जस्सल तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सूरी की छात्रा अंशिका ने 692 अंक लेकर संयुक्त रूप से प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया। मेरिट सूची में नौवें स्थान पर गुरुकुल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पक्का परोह की छात्रा रीत खड़वाल रहीं, जिन्होंने 691 अंक प्राप्त किए। वहीं, संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनोली की छात्रा भावना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अरलू की छात्रा आंचल कौंडल तथा सेंट डीआर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गगरेट की छात्रा गौरी शर्मा ने 690 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट सूची में स्थान बनाया।

◆ **नौ मेधावियों ने प्रदेश मेरिट में बनाई जगह**

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि ऊना जिले के स्टूडेंट्स शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन, अध्यापकों व अभिभावकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन व शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को इस सफलता का प्रमुख कारण बताया है। जिलेभर से मेधावी विद्यार्थियों को बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है।

## मदर्स-डे के उपलक्ष्य में गुरूकुल के बच्चों ने दिया अपनी माताओं को उपहार




अनंत ज्ञान

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल, पक्का परोह, अंब ने बारहवीं के बाद दसवीं कक्षा के परिणाम में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस स्कूल ने लगातार मेरिट ला कर अपने क्षेत्र, जिले व प्रदेश भर में अपना नाम रोशन किया है। वशिंका जसल ने 692/700 हासिल कर प्रदेश भर में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं, रीत खड़वाल ने 691/700 अंक लेकर प्रदेश भर में नौवां स्थान हासिल कर मां-बाप और स्कूल का नाम रोशन किया।

सफलता की इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 45 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए व 70 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किए। हर बार की तरह इस बार भी स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

# अरलू स्कूल की आंचल ने बोर्ड मेरिट में बनाया स्थान, 10वां रैंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अरलू की मेधावी छात्रा आंचल कौंडल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है। आंचल ने 700 में से 690 अंक प्राप्त कर बोर्ड की मेरिट सूची में दसवां स्थान हासिल किया। उसकी इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय, अध्यापकों तथा परिवार में खुशी का माहौल है।

आंचल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों व माता-पिता को दिया। उसने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन व शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल करना संभव हो पाया। आंचल का सपना भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है, जिसके लिए वह लगातार कड़ी मेहनत कर रही हैं।

आंचल के पिता अश्विनी कुमार निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि माता राजेश कुमारी गृहिणी हैं। साधारण परिवार से संबंध रखने वाली आंचल की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत व लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य तिलक राज धीमान ने आंचल कौंडल, उसके अभिभावकों तथा समस्त अध्यापक वर्ग को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आंचल विद्यालय की अनुशासित, मेहनती व संस्कारी छात्रा है तथा उसकी लगन व व्यवहार उसे भविष्य में बड़ी सफलता दिलाएंगे। उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों के अथक प्रयासों की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं।

# संतोषगढ़ में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक बना समस्या, चुनावी वादों के बीच समाधान की आस

अनंत ज्ञान

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** नगर पंचायत से नगर परिषद तक का सफर तय कर चुके संतोषगढ़ शहर में विकास के दावे भले ही लगातार किए जा रहे हों, लेकिन जमीनी स्तर पर कई मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। इनमें सबसे गंभीर समस्या शहर में तेजी से बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या है, जिससे स्थानीय लोग खासे परेशान हैं।

लोगों का कहना है कि नगर परिषद व जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या की ओर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार शहर की अधिकांश गलियों व बाजारों में दिन-प्रतिदिन आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब कुत्तों के झुंड गलियों में डेरा जमाए बैठे रहते हैं, ऐसे में अकेले व्यक्ति का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। खासकर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह समस्या चिंता का विषय बन चुकी है। लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट भी आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीर मानते हुए आबादी वाले क्षेत्रों से उन्हें नियंत्रित करने और सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दे चुका है, लेकिन संतोषगढ़ नगर परिषद में बीते पांच वर्षों के दौरान इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, अब नगर परिषद चुनावों का माहौल गर्म है व सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, ऐसे में जनता यह देखने को उत्सुक है कि चुनाव जीतने के बाद भी क्या इस समस्या पर ध्यान दिया जाएगा या फिर यह मुद्दा केवल चुनावी भाषणों तक ही सीमित रहेगा। स्थानीय लोगों ने मांग उठाई है कि नगर परिषद बनने के बाद शहर की इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ठोस नीति बनाई जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके और शहर में सुरक्षित माहौल सुनिश्चित हो सके।



**वार्ड-5** निवासी अजय कुमार ने कहा कि हर वार्ड में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन किसी भी पार्षद ने आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकाला। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधि केवल चुनावों के समय ही जनता के बीच दिखाई देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि लावारिस कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करवाई जानी चाहिए, ताकि उनकी बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके।



**वार्ड-2** के समाजसेवी नरेश चौधरी ने कहा कि कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए भय का कारण बन चुकी है। रात के समय गलियों में पैदल चलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि कई बार कुत्ते अचानक हमला कर देते हैं व बचाव करना कठिन हो जाता है।



**वहीं** वार्ड-6 निवासी सोनू का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति कुत्ता पालता है, तो उसका नगर परिषद में पंजीकरण अनिवार्य किया जाना चाहिए। इससे पालतू और आवारा कुत्तों की पहचान आसान होगी तथा समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने नई नगर परिषद कमेटी से इस दिशा में गंभीर पहल की उम्मीद जताई।



**वार्ड-8** निवासी रविंद्र कुमार ने कहा कि कई लोग अपने घरों के आसपास आवारा कुत्तों को नियमित रूप से खाना डालते हैं, जिससे वे वहीं स्थायी रूप से रहने लगते हैं व राहगीरों को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए व प्रत्येक वार्ड पार्षद को इस समस्या के समाधान के लिए जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# कोटला खुर्द में श्रद्धा व भक्ति के साथ हुआ विशाल संत समागम और मूर्ति स्थापना दिवस समारोह

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला ऊना के कोटला खुर्द स्थित व्यास नगर में रविवार को विशाल संत समागम व मूर्ति स्थापना दिवस समारोह श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज जी के आशीर्वाद तथा साध्वी कृष्ण प्रिया दासी के सानिध्य में वृंदावन निकुंज निवास, श्री श्री 1008 उमा माता जी की कुटिया में आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सत्संग और विशाल भंडारे का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 पूज्य श्री विष्णु देवानंद जी की 21वीं पुण्यतिथि तथा पूज्य साध्वी उमा माता जी का मूर्ति स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व 8 और 9 मई को कुटिया परिसर में गरीबदास बाणी का अखंड पाठ आयोजित किया गया, जिसका समापन रविवार को पूर्ण धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ। अखंड पाठ में भी क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज जी ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को प्रभु रस और सत्संग सुनाते हुए मानव जीवन में सत्कर्म, सेवा और भक्ति का महत्व बताया। वहीं संत सम्मेलन में पहुंचे विभिन्न संत-महात्माओं ने भी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देकर धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। समारोह में श्री कृष्ण दास जी महाराज अंबाला वाले, रामानंद स्वामी अजनौली वाले, संत योगदास होशियारपुर, संत सोम प्रकाश जी मलेरकोटला, साध्वी यमुना माता सलोह, संत मंगलानंद महादेव मंदिर, संत श्री ध्यान प्रकाश आनंद जी महाराज अमृतसर, संतोषानंद जी महाराज गरली प्रागपुर तथा संत ब्रह्मानंद जी महाराज लुधियाना सहित अनेक संत-महात्माओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में स्थानीय कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने भी विशेष रूप से शिरकत कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी मृदु शर्मा, कुटलैहड़ मंडल अध्यक्ष विवेक मिंका तथा राजीव शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर साध्वी कृष्ण प्रिया दासी जी ने सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं सम्मान किया।



विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि संत-महात्माओं का सानिध्य समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। ऐसे धार्मिक आयोजन भाईचारे, सेवा भावना और संस्कारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज जी सहित संत-महात्माओं के सत्संग से लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। साध्वी कृष्ण प्रिया दासी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने सभी संत-महात्माओं का आत्मीय स्वागत किया तथा उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना रहा।

## बतौर पंचायत सदस्य गोंदपुर बनेहड़ा में करवाया विकास

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा (लो) पंचायत की पूर्व पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने मात्र पंच होते हुए गांव के विकास कार्यों में अनुकरणीय भूमिका निभाई। पंचायत की पूर्व सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने कोरोना काल के दौरान उन्हें बतौर पंचायत सदस्य मिलने वाली सैलरी भी नहीं ली। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिले इस विषय में लोगों को सदैव जागरूक किया। जरूरतमंद लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगवाई व गोंदपुर बनेहड़ा का ऐतिहासिक तालाब के सौंदर्यकरण में अनुकरणीय भूमिका निभाई, जब इसका कार्य प्रभावित हुआ, तो इस तालाब कार्य को शुरू करवाने के लिए न्यायालय में पैरवी भी की। वहीं, अपने वार्ड के अंतर्गत स्कूल परिसर में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करवाने में अनुकरणीय भूमिका निभाई। स्कूल परिसर में सोलर लाइट की व्यवस्था करवाई। इसके अलावा गांव के लोगों के आपसी लड़ाई झगड़ों को अपने लेवल पर सुलझाने का प्रयास किया व प्रयास किया कि मामला थाने में न पहुंचे, गांव में हर जगह विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। हालांकि, एडवोकेट का कहना है कि पंचायतीराज संस्था में शक्तियां केवल प्रधान के पास ही होती हैं ऐसा नहीं है, लेकिन उपप्रधान या पंचायत सदस्य भी चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं, उनको भी अपने शक्तियों के बारे में जागरूक रहना चाहिए व विकास में अपना सहयोग करना चाहिए।

## मनीषा ने 690 अंक लेकर मेरिट में बनाई जगह



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय मलांगन (झंडूत्ता ब्लॉक, बिलासपुर) की छात्रा मनीषा शर्मा ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 700 में से 690 अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। इस उपलब्धि पर विद्यालय व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने मनीषा को अनुशासित और होनहार बताते हुए उसकी मेहनत की सराहना की। परिजनों और क्षेत्रवासियों ने इसे गर्व की उपलब्धि बताया। मनीषा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और कठिन परिश्रम को दिया।

## लुहणू मैदान में अंडर-23 क्रिकेट टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-23 पुरुष क्रिकेट टीम का चयन रविवार को लुहणू क्रिकेट मैदान में किया गया। इस चयन प्रक्रिया में बिलासपुर जिले के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सचिव विशाल जगोता ने बताया कि 1 सितंबर 2003 से पहले जन्मे खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया। चयनकर्ताओं ने प्रदर्शन के आधार पर संभावित टीम का चयन किया, जिसमें रिषभ ठाकुर, पियूष शर्मा, आदित्य शर्मा सहित कुल 23 खिलाड़ियों को जगह दी गई। चयन प्रक्रिया में अध्यक्ष महेंद्र चंदेल और संयोजक उमेश गौतम सहित कई चयनकर्ता मौजूद रहे। अब टीम का प्रशिक्षण शिविर लुहणू मैदान में शुरू होगा और पहला मैच 18 मई को नादौन में किन्नौर के साथ खेला जाएगा।

## राजा परीक्षित व कलियुग से जुड़े प्रसंगों का वर्णन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र की घराण पंचायत के टिहरी गांव स्थित शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित सुरेश भारद्वाज ने राजा परीक्षित और कलियुग से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि धूर्त व्यक्ति पर भरोसा करना स्वयं को धोखे में रखने जैसा है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति हर परिस्थिति में छल ही करता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने कलियुग को जुआ, मद्यपान, परस्त्रीगमन और हिंसा जैसे स्थानों में रहने की अनुमति दी, लेकिन बाद में कलियुग ने स्वर्ण में भी स्थान प्राप्त कर लिया, जिससे धर्म में गिरावट शुरू हुई। आयोजक रमेश ठाकुर ने बताया कि कथा का समापन 14 मई को विशाल भंडारे के साथ होगा।

## साहित्यकारों को लेखक संघ सम्मान से नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक, काव्य गोष्ठी एवं साहित्यिक सम्मान समारोह का आयोजन सदस्य आद राम सांख्यान के गांव पलासला में नियोजन एवं पर्यावरण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि रहे, जिन्हें शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार वीरेंद्र शर्मा वीर को भी सम्मानित किया गया तथा आद राम सांख्यान की पुस्तक 'भाव का बहाव' का विमोचन किया गया। द्वितीय सत्र में कई साहित्यकारों को लेखक संघ सम्मान से नवाजा गया। तृतीय सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें बिलासपुर व मंडी के साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर समाज को संदेश दिया।

## ट्रैफिक पुलिस कर्मी सरदार कुलदीप का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर पुलिस में तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी सरदार कुलदीप सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। अपनी मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ छवि के लिए पहचाने जाने वाले कुलदीप सिंह बिलासपुर के कॉलेज चौक सहित विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालते थे। इससे पहले उन्होंने बरठीं क्षेत्र में भी सेवाएं दी थीं। उनके निधन से पुलिस विभाग और स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## आरएलए विभाग पर बीडीटीएस प्रबंधन ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बीडीटीएस प्रबंधन ने आरएलए विभाग बिलासपुर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए ट्रक ऑपरेटरों को हो रही परेशानियों को लेकर नाराजगी जताई है। पूर्व चेयरमैन गंगा सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधान राकेश ठाकुर, पूर्व महासचिव प्रदीप ठाकुर सहित कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि गाड़ियों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद आरसी और पासिंग समय पर जारी नहीं हो रही है। ऑपरेटरों का कहना है कि कई वाहनों की ऑनलाइन एंट्री नहीं होने से उन्हें फैक्ट्री में काम नहीं मिल पा रहा, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। बैंक की किस्तें और ड्राइवरों का वेतन देना मुश्किल हो गया है। बीडीटीएस ने प्रशासन से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

# बिलासपुर की होनहार बेटी पूर्णिमा शर्मा ने रचा इतिहास




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर की होनहार छात्रा पूर्णिमा शर्मा ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्रा पाठशाला बिलासपुर की छात्रा पूर्णिमा की इस शानदार उपलब्धि से स्कूल में जश्न का माहौल है।

छात्रा की सफलता पर विद्यालय में मिठाइयां बांटी गईं और शिक्षकों सहित विद्यार्थियों ने खुशी व्यक्त की। पूर्णिमा शर्मा की इस ऐतिहासिक सफलता से परिवार भी बेहद गौरवान्वित है। परिजनों ने बताया कि पूर्णिमा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही है। उसकी लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत का ही परिणाम है कि उसने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर यह मुकाम हासिल किया है। अपनी सफलता पर पूर्णिमा शर्मा ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्णिमा ने बताया कि उनका सपना भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का है। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रिया पोसवाल ने पूर्णिमा शर्मा की उपलब्धि पर पूर्णिमा को बधाई दी।

◆ **10वीं कक्षा के परिणाम में प्रदेशभर में पाया दूसरा स्थान**

## कनौण गांव की दो बेटियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** धौंन कोठी पंचायत के कनौण गांव की दो मेधावी छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजगांई की छात्रा नविता शर्मा ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया, जबकि महिमा शर्मा मात्र एक अंक से टॉप-10 में जगह बनाने से चूक गईं और 11वां स्थान हासिल किया। दोनों छात्राएं हमेशा पढ़ाई में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देती रही हैं। हर परीक्षा में उनके अंकों में बहुत कम अंतर रहता था, जो इस बार भी देखने को मिला। नविता शर्मा पीडब्ल्यूडी में कनिष्ठ अभियंता प्रद्युम्न शर्मा की पुत्री हैं, जबकि महिमा शर्मा के पिता राजीव शर्मा बैंक मैनेजर हैं। वर्तमान में दोनों छात्राएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजगांई में अध्ययनरत हैं। नविता भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती हैं, जबकि महिमा डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती हैं। प्रधानाचार्य सुरेंद्र चड्ढा और प्रवक्ता संजीव कौशल ने दोनों छात्राओं की मेहनत और लगन की सराहना की। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और अभिभावकों को दिया तथा बताया कि सोशल मीडिया से दूरी और नियमित अध्ययन उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा।

◆ **नविता ने 9वां और महिमा शर्मा 11वां स्थान पर किया हासिल**

# शक्तिपीठ श्री नयना देवी में उमड़ा भक्तों का सैलाब, 20 हजार ने किए दर्शन



श्री नयना देवी मंदिर में दर्शनों के लिए लाइनों में लगे भक्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की छुट्टी के चलते लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर प्रशासन द्वारा सुबह 4 बजे ही मंदिर के कपाट दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे, लेकिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। दोपहर की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ सेक्टर-2 तक पहुंच गई। मंदिर परिसर के बाहर होमगार्ड के जवानों ने भीड़ को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई, जबकि मंदिर के भीतर एक्स-सर्विसमैन जवान व्यवस्था संभालते नजर आए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जल सेवा भी लगाई गई।

मंदिर के मुख्य द्वार पर पंजाब के बस्सी पठाना की समाजसेवी संस्था द्वारा श्रद्धालुओं को ठंडा पेयजल उपलब्ध करवाया गया। वहीं, निकासी द्वार पर रोपड़ की संस्था द्वारा भी जल सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच इन सेवाओं से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। दर्शन करने के बाद श्रद्धालु शांतिपूर्वक अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

## ग्लोरी पब्लिक स्कूल की छात्रा परांशी ने किया नौवा रैंक हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर की होनहार छात्रा परांशी गुप्ता ने शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में नौंवा रैंक हासिल किया है। छात्रा की इस सफलता से खुशी का माहौल है। वहीं, परिजन भी अपनी बेटी की सफलता से बेहद खुश हैं। परांशी गुप्ता के पिता हेमंत गुप्ता बैंक मैनेजर हैं और माता मीनू गुप्ता गृहिणी हैं। यह बेटी भी भविष्य में इंजीनियर बनकर देश करने का सपना संजोए हुए है। परांशी गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों और शिक्षकों को दिया है। स्कूल प्रशासन की ओर से इस बेटी को बधाई दी है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि बेटी के साथ ही स्कूल स्टाफ सदस्यों की कड़ी मेहनत के चलते ही इस तरह के परिणाम सामने आए हैं।



## एसआईवीटी में मेधावी विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा की बढ़ाई सीटें




दिनेश भुट्टो की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं में रविवार को शिवम इंस्टीट्यूट फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर सोसायटी (एसआईवीटी) की बैठक चेयरमैन दिनेश भुट्टो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संस्थान के उत्थान और भविष्य की गतिविधियों को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। एसआईवीटी के प्रबंध निदेशक सतीश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026 में जमा दो कक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा की सीटें 40 से बढ़ाकर 80 कर दी गई हैं। संस्थान की प्रत्येक शाखा में पांच-पांच सीटें आवंटित की गई हैं। उन्होंने कहा कि 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रतिभाशाली विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकेंगे। इन विद्यार्थियों को ओ-लेवल, टैली, फाइनेंशियल अकाउंटिंग विद जीएसटी, डीएमसीए सहित कई कोर्स निशुल्क करवाए जाएंगे। इसके अलावा निर्धन, दिव्यांग तथा बिना अभिभावकों वाले बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। सतीश शर्मा ने बताया कि नाइलेट परीक्षा में इस बार 442 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 271 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए क्वालीफाई किया है। ये विद्यार्थी लगभग 32.52 लाख रुपए की छात्रवृत्ति के पात्र बनेंगे।

# मिनर्वा संस्थान के 6 विद्यार्थियों ने एनडीए-1 परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए-1) लिखित परीक्षा में मिनर्वा संस्थान के छह मेधावी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर संस्थान, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

चयनित विद्यार्थियों में वरिन, मेधांस, प्रागुन, सोहम, आरव और अंशुल शामिल हैं। इन विद्यार्थियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। संस्थान प्रबंधन के अनुसार सफल विद्यार्थी मिनर्वा संस्थान के घुमारवीं और धर्मशाला सेंटर से संबंधित हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से दोनों केंद्रों में खुशी का माहौल है। संस्थान के निदेशक और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रबंधन ने बताया कि एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए मजबूत शैक्षणिक तैयारी, मानसिक क्षमता, व्यक्तित्व विकास और नियमित अभ्यास आवश्यक होता है। मिनर्वा संस्थान पिछले कई वर्षों से रक्षा सेवाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और संस्थान के सकारात्मक एवं अनुशासित वातावरण को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट सेशन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने उन्हें सफलता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि एनडीए और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष एक वर्षीय कोर्स भी शुरू किए गए हैं।

विद्यार्थियों की सफलता पर अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने भी खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बेसहारा और अनाथ बच्चों का सहारा 'राधा मां'

## बच्चों को अर्श से फर्श तक पहुंचाने में करीब 32 सालों से जुटी हैं मनाली की सुर्दशना

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में एक ऐसी मां है, जो बेसहारा व अनाथ बच्चों का सहारा बनी हुई हैं। जी हां, आज हम आपको ऐसी ही एक मां के बारे में बताएंगे, जो अनाथ व बेसहारा बच्चों को अर्श से फर्श तक पहुंचाने में पिछले करीब 32 सालों से जुटी हुई हैं और बेसहारा बच्चों को अपनाकर उनका जीवन संवारने में दिन रात लगी हुई हैं।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति से संबंध रखने वाली और वर्तमान में मनाली के खखनाल में रहने वाली सुदर्शना ठाकुर ( राधा मां) ने अपना पूरा जीवन बेसहारा, अनाथ, जरूरतमंद व गरीब बच्चों और परिवारों की सेवा में लगा दिया है। करीब 32 साल पहले सुदर्शना ठाकुर ने राधा एनजीओ का गठन किया था, तो असहाय व जरूरतमंद महिलाओं को सहारा देना प्राथमिकता में रखा। राधा मां अनाथ और गरीब बच्चों का सहारा बनकर जिंदगी के 32 साल इन बच्चों को समर्पित कर चुकी हैं। वर्तमान में राधा मां के पास जहां 10 से अधिक अनाथ बच्चों के अलावा एक बेसहारा महिला



राधा एनजीओ परिवार की नन्ही बच्चियां पढ़ाई के साथ-साथ स्वेटर बुनते हुए।

अनंत ज्ञान

है वहीं, सात अन्य गरीब परिवार के बच्चों के कॉलेज व स्कूल का खर्चा भी राधा एनजीओ ही उठा रहा है। राधा एनजीओ परिवार के सभी सदस्य वर्तमान में खखनाल में किराए पर कमरे लेकर रह रहे हैं व बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ इन बच्चों को अन्य विभिन्न कार्यों में भी दक्ष बनाया जा रहा है, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में सक्षम हों व आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन मे आगे बढ़ सकें।

राधा एनजीओ की संस्थापक सुदर्शना ठाकुर इन गरीब व जरूरतमंद बच्चों के लिए किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। इन बच्चों को सुदर्शना ठाकुर न केवल मां बनकर पाल रही हैं, बल्कि उन्हें पढ़ा-लिखाकर अपने पैरों पर खड़ा होने के काबिल भी बना रही हैं। इसके लिए सुदर्शना को प्रशासन व सरकार की ओर से कोई मदद नहीं मिलती है। अपनी मेहनत के दम पर वे बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। सुदर्शना ठाकुर के राधा एनजीओ के पास 10 बच्चे हैं और एक महिला है। खास बात यह है कि मनाली के साथ लगते खखनाल में चल रहे राधा एनजीओ में यह सभी लोग सुदर्शना के साथ एक परिवार की तरह रहते हैं। पिछले 32 सालों से सुदर्शना इस नेक काम को कर रही हैं। राधा एनजीओ की संस्थापक सुदर्शना बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें शौक के आधार पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी दे रही हैं।

बच्चों की शिक्षा के साथ साथ अन्य कार्यों में भी सक्षम बनाया जा रहा है। यहां पर इन बच्चों को आचार व जुराबें, स्वेटर सहित अन्य कार्यों को सिखाने के अलावा लकड़ी की नक्काशी के गुर सिखाये जाते हैं। अब यह बच्चे लकड़ी मंदिर व अन्य कलाकृतियां बनाना सीख गए हैं और इन्हें बेचकर अपनी आर्थिकी को सुदृढ करने के साथ साथ आत्मनिर्भर बन रहे हैं। समय समय पर राधा एनजीओ का यह परिवार देश व प्रदेशभर में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी व मेलों में भाग लेकर अपने उत्पादों की बिक्री करते हैं। इसके अलावा समय समय पर पौधरोपण करने के अलावा स्वच्छता व अन्य अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी करते हैं। बकौल सुदर्शना ठाकुर शिक्षित, स्वच्छ और स्वस्थ सक्षम भारत की उनकी परिकल्पना है। उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों को कम साधन में खुश रहना सिखाया जाता है। उन्होंने बताया कि आज से 32 साल पहले जब बेसहारा बच्चे सड़क पर ठोकर खाते देखे तो मन नहीं माना और महिलाओं के उत्थान के साथ बच्चों की हमदर्द बनी। मां बाप के प्यार से वंचित रही एक बच्ची ने कल्याण आश्रम में होने वाले दुर्व्यवहार कर बारे में बताया तो मुझे लगा मेरा जीवन ऐसे ही बच्चों के लिये है। उसके बाद इसी कार्य को सब कुछ मानकर पिछले कई सालों से लगी हुई हूं।

### समाज सेवा में स्वयं को समर्पित कर चुकी सुदर्शना

**बेसहारा** बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के साथ साथ भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के गुर भी सीखा रही हैं। हालांकि, अब उनके पास मात्र 10 बच्चे ही हैं, लेकिन उनके आंचल से प्यार पाकर कॉलेज व स्कूलों में पढ़ाई कर रहे इन बच्चों के लिए सब कुछ राधा मां ही है। उनका कहना है कि उन्होंने हर बच्चे में अपनापन तलाशा व उसे मां का प्यार दिया। बच्चे अपने हो या पराए उन्हें बस प्यार चाहिए। अपने बच्चों को तो जानवर भी प्यार करते हैं हम तो इंसान है। उन्होंने बताया कि मातृ दिवस पर यह जरूर कहना चाहती हूं कि धरती पर मौजूद हर इंसान का अस्तित्व मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता है। हमारे हर विचार और भाव के पीछे मां द्वारा रोपित किए गए संस्कार के बीज हैं। जिनकी बदौलत हम एक अच्छे इंसान की श्रेणी में आते हैं। मातृ दिवस को मनाना आवश्यक है। हमें हर दिन मां की सेवा कर इस दिवस को मनाना चाहिए।हमारे लिये ईमानदारी और इंसानियत की डिग्री ज्यादा मायने रखती है। एक सपना व परिकल्पना है शिक्षित, सक्षम, स्वच्छ व स्वस्थ भारत बनाने की जिसे पूरा करने को प्रयासरत हूं। अपने इस कार्य के लिए समाजसेवी सुदर्शना ठाकुर को अभी तक कई नेशनल व राज्य, जिला स्तरीय अवार्ड से भी नवाजा गया है। सुदर्शना की सरकार से मांग है कि हमें थोड़ी सी भूमि और बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं मिल जाएं इसके अलावा हमें कुकु नहीं चाहिए।

# लोकगीतों व पहाड़ी धुनों पर देर रात तक झूमते रहे दर्शक

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी उपमंडल के ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जिला स्तरीय आनी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या लोक संस्कृति, संगीत व मनोरंजन के नाम रही।



मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायिका गीता भारद्वाज, रमना भारती, राजीव शर्मा तथा स्थानीय कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विकास खंड अधिकारी आनी विवेक कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि का आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ स्थानीय कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना व पहाड़ी नाटी से किया गया। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पहाड़ी, पंजाबी व लोकगीत प्रस्तुत कर मेले में आए हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गीता भारद्वाज ने अपने लोकप्रिय पहाड़ी गीतों से खूब वाहवाही लूटी, जबकि रमना भारती की मधुर आवाज पर दर्शक देर रात तक थिरकते रहे। वहीं, राजीव शर्मा ने अपनी दमदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में अलग ही रंग जमा दिया। स्थानीय कलाकारों ने भी मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचली संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिला व पूरा मेला मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्यातिथि विवेक ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं के परिचायक हैं, ऐसे आयोजन क्षेत्रीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि आनी मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# लगघाटी की माता फुंगणी के दर पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगघाटी के ऐतिहासिक तिउन माता फुंगणी मंदिर में वैशाख संक्रांति के अंतिम रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

पारंपरिक रीति-रिवाजों व अपार श्रद्धा के साथ मनाए गए इस उत्सव में घाटी के कोने-कोने से आए भक्तों ने माता के चरणों में शीश नवाया व आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार सुबह से ही मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर शांतिपूर्ण ढंग से माता फुंगणी के दर्शन किए। मान्यता है कि वैशाख संक्रांति के अंतिम रविवार को माता के दर्शन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और परिवार में खुशहाली आती है। भक्तों ने धूप-दीप जलाकर माता से अपने परिवार, समाज और संपूर्ण क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की इस विशेष अवसर पर मंदिर कमेटी और स्थानीय भक्तों के



सहयोग से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर दर्शन के उपरांत भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने विशेष योगदान दिया। माता फुंगणी के कारदार रामलाल ठाकुर ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैशाख संक्रांति के अंतिम रविवार को माता के मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा है। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि युवा पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और देवी-देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखती है। सभी श्रद्धालुओं ने बहुत ही अनुशासित और शांतिप्रिय तरीके से दर्शन किए। उन्होंने आगे कहा कि माता के दरबार में जो भी सच्ची श्रद्धा लेकर आता है, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटता। उन्होंने माता से प्रार्थना की है कि पूरी घाटी में खुशहाली रहे और कृषि व बागवानी के क्षेत्र में भी लोगों को माता का भरपूर आशीर्वाद मिले। रामलाल ठाकुर ने बताया कि लगघाटी में होने वाले इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि ये स्थानीय लोगों के बीच आपसी भाईचारे और मेल-जोल को भी बढ़ावा देते हैं।

# मैट्रिक परीक्षा में गीताली चमकी, 17 छात्रों ने हासिल किए 90 फीसदी से अधिक अंक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मैट्रिक का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही भारत-भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुल्लू में जश्न का माहौल है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी बेहद शानदार रहा, जिससे स्कूल परिसर में छात्रों व अभिभावकों के बधाई संदेशों का तांता लगा रहा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. निरंजन देव शर्मा ने परीक्षा परिणाम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि स्कूल की छात्रा गीताली भारद्वाज ने 97 फीसदी अंकों के साथ स्कूल टॉप किया है। वहीं, शगुन ठाकुर ने 96 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। काव्यांश ने 95 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। इस वर्ष स्कूल का परिणाम न केवल शत-प्रतिशत रहा, बल्कि गुणवत्ता के मामले में भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कुल 66 विद्यार्थियों में से 17 छात्रों ने 90 फीसदी से 97 फीसदी के बीच अंक प्राप्त किए। 21 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से 89 फीसदी के मध्य अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्रों ने व्यक्तिगत विषयों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। काव्यांश और कलश नितेश जोशी ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए।

कुल 10 छात्रों ने 100 फीसदी अंक हासिल किए। इनमें अक्षिता, अवंतिका वर्मा, छाया ठाकुर, डेजी हांडा, गीताली, लवलीना, मन्नत ठाकुर, शीतल, आदर्श और काव्यांश के नाम शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### भारत-भारती स्कूल का दबदबा

यह गौरवमयी उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन व अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। मैं सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।
**डॉ. निरंजन देव शर्मा, प्रधानाचार्य भारत भारती स्कूल।**

### आयुष प्रथम, किंजल द्वितीय व उपलक्ष महाजन ने झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। गलोबल विलेज स्कूल हुरला का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा। आयुष ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, किंजल ने 88 फीसदी अंक लेकर द्वितीय व उपलक्ष महाजन ने 87 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। गौरव 85 फीसदी अंक व सोनाली 83 फीसदी अंक प्राप्त करके क्रमशः चौथे व पांचवें पायदान पर आए। स्कूल के प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज व प्रशासक कैलाश गौतम ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी। क्लास टीचर इंद्रा ठाकुर ने शतप्रतिशत परिणाम हासिल करने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### काव्यांश ने मेरिट सूची में हासिल किया आठवां स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में काव्यांश ने मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। विद्यार्थी ने परीक्षा में चार विषयों में शत-प्रतिशत और तीन विषयों में 95 से अधिक अंक लिए हैं। विद्यार्थी ने कुल्लू के बोर्ड की मेरिट सूची से बाहर होने से लाज बचाई है। हालांकि, उपमंडल आनी की छात्रा निधि ठाकुर ने भी सूची में 98.71 फीसदी अंक लेकर नौवां स्थान हासिल किया है। वहीं, स्नोर वैली सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थी काव्यांश ने कहा कि उन्हें न्यूरोलॉजिस्ट बनना है। इसके लिए वे कड़ी मेहनत करेंगे और आगामी पढ़ाई विज्ञान संकाय में जारी रखेंगे। न्यूरोलॉजिस्ट बन मरीजों की सेवा करना उनका लक्ष्य है।



## न्यूज ब्रीफ

### ज्येष्ठ संक्रांति से शुरू होगा मेलों का दौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले में ज्येष्ठ संक्रांति से एक बार फिर मेलों का दौर शुरू होगा। 15 मई को ज्येष्ठ संक्रांति के कई देवी-देवता अपने देवालयों से बाहर निकलेंगे। पार्वती घाटी के तहत आने वाले सरानाहुली में तीन दिवसीय सरानाहुली मेले की भी इसी दिन शुरूआत होगी। माता पार्वती के दर्शनों के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ग्रामीणों की ओर से मेलों की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम ठाकुर ने कहा कि मेलों को लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

### महिला मंडलों की महिलाओं ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला स्तरीय आनी मेले का दूसरा दिन महिला मंडल की प्रस्तुतियों के नाम रहा। देव आगमन व नृत्य के साथ दिन के मेले का का भव्य आगाज हुआ। मुख्यातिथि के रूप में मेला कमेटी अध्यक्ष बीडीओ आनी विवेक टेसू उपस्थित रहे। महिला मंडल कंडा, काथला, शाई, बुछैर वन तथा वीर हनुमंत बुछैर ने लोक संस्कृति का सुंदर नमूना प्रस्तुत करते हुए बेहतरीन लोकनृत्य प्रस्तुत किए। लोकनृत्य प्रतियोगिता में महिला मंडल शाई प्रथम तथा महिला मंडल काथला दूसरे स्थान पर रहा। महिला रस्साकस्सी प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। इसमें महिला मंडल जयपुर जूहड प्रथम तथा महिला मंडल कांडा दूसरे स्थान पर रहे। स्थानीय लोककारों विवेक, उर्मिला, ललित, गुनगुन आदि ने भी अपनी प्रस्तुतियां से समान बांधा। इस अवसर पर दिनभर लोगों की काफी संख्या रही। मेला कमेटी अध्यक्ष, बीडीओ आनी विवेक टेसू, एसई बीपीओ विनोद कटोच, प्रधानाचार्य जवाहर ठाकुर, मनमोहन शर्मा, कुंदन शर्मा, देवी सिंह, संजय ठाकुर, पंचायत निरीक्षक जोगिंदर शर्मा, सचिव बिशु भारती, प्रेम ठाकुर, ईश्वर कटोच सहित विभिन्न गणमान्य व मेला कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। मेले का समापन कल 11 मई को होगा।

# शिंकुला में खोया केरल के पर्यटक का बैग लाहौल-स्पीति पुलिस ने चंद घंटों में ढूंढा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश अपनी खूबसूरती के साथ-साथ अपनी ईमानदारी व पुलिस की मुस्तैदी के लिए भी जाना जाता है। इसका ताजा उदाहरण दुर्गम शिंकुला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां लाहौल-स्पीति पुलिस ने एक पर्यटक का गुम हुआ बैग बरामद कर न केवल सामान लौटाया, बल्कि 'अतिथि देवो भव:' के संकल्प को भी चरितार्थ किया।

केरल के त्रिशूर जिले से आए पर्यटक अमीर एम (पुत्र मोहम्मद अली) शिंकुला दर्रे की यात्रा पर थे। इस दौरान उनका एक बैग कहीं गिर गया। बैग में काफी महत्वपूर्ण दस्तावेज व सामान मौजूद था, जिसमें वाहन से संबंधित दो आरसी, वाहन की दो चाबियां, कपड़े और अन्य जरूरी कागजात। अनजान जगह व शून्य से नीचे के तापमान के बीच अपना कीमती सामान खो जाने से पर्यटक काफी परेशान और चिंतित थे, जैसे ही इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली। पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला के निर्देशानुसार एक टीम तुरंत सक्रिय हुई। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों व कठिन रास्तों की परवाह न करते हुए पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। केरल के पर्यटक अमीर एम ने लाहौल-स्पीति पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता व ईमानदारी ने मेरा दिल जीत लिया। इतनी कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने मेरा बैग सुरक्षित ढूंढ निकाला। राहत की बात यह रही कि बैग के अंदर रखा एक-एक सामान सुरक्षित था। पुलिस टीम ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बैग अमीर एम को सौंप दिया। पर्यटक ने हिमाचल पुलिस की कार्यप्रणाली और मानवीय संवेदनाओं की जमकर सराहना की। वहीं, जिला पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्यटकों की सुरक्षा और उनकी सहायता करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लाहौल-स्पीति पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटी है, बल्कि कठिन समय में पर्यटकों के लिए एक भरोसेमंद साथी की भूमिका भी निभा रही है।

# राज्यपाल ने किया 'एक परिवार: सौ किस्से' पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने पिछले दिनों राजभवन में 'एक परिवार: सौ किस्से' पुस्तक का विमोचन किया। जिला शिमला के कुमारसैन क्षेत्र से संबद्ध जोगिंद्री ठाकुर द्वारा लिखित तथा हिमतरु प्रकाशन समिति, कुल्लू द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में लेखिका ने उनके स्व. पिता पुरुषोत्तम की जीवनी तथा उनके जीवनकाल में किए गए जन-कल्याण के कार्यों का उल्लेख किया है। साथ ही इस पुस्तक में उनके परिवार के अनेक किस्से प्रकाशित हैं। विविध विधा के यह पुस्तक पाठकों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस अनेक ऐतिहासिक स्थलों का विवरण तथा उनकी महत्ता का व्याख्यान है। लोकापर्ण समारोह के अवसर पर राज्यपाल ने बताया कि यह पुस्तक जहां रोचक किस्सों से भरपूर है, वहीं जानकारियों से भी परिपूर्ण है, निश्चित तौर पर यह पुस्तक पाठकों को भाएगी। इस दौरान लेखिका जोगिंद्री ठाकुर, लेखक किशन तथा शोदार्थी दिनेश मेहता भी मौजूद रहे।

# पर्यटकों से गुलजार हुई पर्यटन नगरी मनाली

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में वीकेंड पर फिर से रौनक लौट आई है। दो दिन में मनाली में 35000 से अधिक पर्यटक पहुंचने का अनुमान है। वहीं, शनिवार और रविवार को मनाली में 6500 से अधिक वाहन पहुंचे। मनाली के अलावा मढ़ी तक पर्यटकों का मेला लगा हुआ है। बड़े होटलों की आक्यूपेंसी 70 से 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। छोटे होटलों व होम स्टे में भी 50 प्रतिशत कमरे पैक चल रहे हैं।

शुक्रवार और शनिवार को बाहरी राज्यों से 6500 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे हैं। इसके अलावा 200 से अधिक वोल्वो बसों में भी पर्यटकों ने मनाली का रुख किया। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के अनुसार रोजाना औसतन 2000 से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं, जबकि पिछले सप्ताह तक यह आंकड़ा 1200 से 1500 चल रहा था। इन दिनों मनाली के प्रमुख पर्यटन स्थल अंजनी महादेव, सोलंग नाला, अटल टनल व मढ़ी में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। हालांकि, सोलंग नाला की ओर ट्रैफिक जाम की भी भारी दिक्कत पर्यटकों को झेलनी पड़ रही है। रविवार को खिली धूप के



बीच मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का खूब तांता लगा रहा। पर्यटक सुबह व शाम के समय हिडिंबा मंदिर, वशिष्ट, सोलंगनाला, नग्गर, जाणा फाल, अंजनी महादेव में सैर का लुत्फ ले रहे हैं, तो शाम होते ही मनाली के प्रसिद्ध माल रोड पर्यटकों से लबालब हो रहा है। होटल संचालक भूपेश सिंह ने बताया कि उनके होटलों में वर्तमान में 70 से 80 फीसदी ऑक्यूपेंसी चल रही है। होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ने भी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी की पुष्टि की। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के उपमहाप्रबंधक बीएस ओक्टा के अनुसार, निगम के होटलों में 80 फीसदी फीसदी कमरे बुक हो चुके हैं। आने वाले दिनों मे पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। यदि मौसम इसी तरह सुहाबना बना रहा, तो आने वाले समय में मनाली व आसपास के इलाकों में पर्यटकों का भारी भीड़ देखने को मिलेगी।

### मढ़ी में परमिट लेकर पहुंच रहे पर्यटक

**वहीं,** लगभग पांच महीने के लंबे इंतजार के बाद मढ़ी तक का रास्ता बहाल होने के बाद सैलानियों के चेहरे खिल उठे हैं। प्रशासन ने हालांकि गुलाबा से आगे मढ़ी तक वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी है, लेकिन यहां पर बर्फ के बीच मस्ती के लिए पर्यटकों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों के तहत परमिट लेकर जाना पड़ रहा है। मढ़ी के पास स्थित ब्यास नाला व सागु फाल में बर्फ के विशाल ढेर लगे हैं, जहां सैलानी मंगलवार को छोड़कर बाकी सभी दिनों में बर्फ के साथ अठखेलियां कर रहे हैं।

# पारंपरिक वेशभूषा में एक साथ थिरके सैकड़ों कदम



अनंत ज्ञान

**सैंज।** घाटी के देहुरी में आयोजित मेले में कुल्लवी संस्कृति व परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

माता दुर्गा व देवता पंडीर ऋषि के सम्मान में आयोजित इस पारंपरिक उत्सव में घाटी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जीवंत हो उठी। मेले का मुख्य आकर्षण सामूहिक नाटी रही। इसमें स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी पारंपरिक कुल्लवी वेशभूषा में सज-धज कर भाग लिया। वाद्य यंत्रों की थाप पर सैकड़ों लोगों ने एक साथ कदम से कदम मिलाकर नाटी डाली, जिसे देख वहां मौजूद हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। रंग-बिरंगी टोपियों और पारंपरिक परिधानों में सजे ग्रामीणों ने अपनी लोक संस्कृति के प्रति अटूट प्रेम का प्रदर्शन किया।कारदार लोतम राम ने बताया कि इस वर्ष का मेला विशेष रहा।

घाटी के आराध्य देव भगवान लक्ष्मी नारायण को विशेष निमंत्रण भेजकर अतिथि देव के रूप में बुलाया गया था। तीन देवी-देवताओं के देव मिलन के अलौकिक दृश्य ने मेले की शोभा में बढ़ाया। धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ संपन्न हुए इस मेले में न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि बाहरी क्षेत्रों से आए पर्यटक भी कुल्लवी संस्कृति से रूबरू हुए।

## सियासत: पंजाब यूनिवर्सिटी के आंगन में तैयार हुई लाहौल-स्पीति राजनीति नेतृत्व की नई पौध


# 'पीयू' के 'छात्र नायकों' का लाहौल-स्पीति की राजनीति में दबदबा

### छात्र संघ बना राजनीति की नर्सरी

अनंत ज्ञान


**ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की राजनीति में इन दिनों एक खास 'पैटर्न' उभर कर सामने आ रहा है।


जिला व राज्य स्तर पर अपनी धाक जमाने वाले मौजूदा नेताओं के बीच एक बात साझा है पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़। छात्र जीवन से लेकर मुख्यधारा की सियासत तक, इन नेताओं ने पीयू के गलियारों से जो नेतृत्व कौशल सीखा, वह आज लाहौल-स्पीति की भौगोलिक और राजनीतिक परिस्थितियों को नई दिशा दे रहा है। यह स्पष्ट है कि पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि लाहौल-स्पीति के लिए एक 'लीडरशिप ट्रेनिंग ग्राउंड' साबित हुई है। उच्च शिक्षा के साथ-साथ छात्र संगठनों का अनुभव इन नेताओं को जटिल मुद्दों को समझने व उन्हें हल करने की क्षमता प्रदान करता है। छात्र राजनीति ने इन नेताओं को टीम प्रबंधन व रणनीति बनाना सिखाया। चंडीगढ़ में रहते हुए भी इन नेताओं ने जनजातीय हितों को कभी ओझल नहीं होने दिया। शिक्षित नेतृत्व के कारण लाहौल-स्पीति का युवा वर्ग भी सक्रिय राजनीति की ओर आकर्षित हो रहा है।




**शिक्षा** व संगठन के मेल ने लाहौल-स्पीति को ऐसे नेता दिए हैं जो न केवल शिक्षित हैं, बल्कि सांगठनिक ढांचे को गहराई से समझते हैं। प्यारे लाल शर्मा (कांग्रेस): 1994-95 में लाहौल-स्पीति छात्र संघ चंडीगढ़ के प्रधान रहे।

प्यारे लाल शर्मा आज कांग्रेस पार्टी के राज्य सचिव हैं। छात्र राजनीति के दौरान जनजातीय छात्रों के हक की आवाज बुलंद करने का उनका अनुभव आज उनके राजनीतिक जीवन की मजबूत नींव है। वहीं, रिग्जिन हायरपा (भाजपा) भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रिग्जिन हायरपा भी पीयू के एलुमनी हैं।







1996-97 में लाहौल स्पीति छात्र संघ के सिल्वर जुबली समारोह के सफल आयोजन से चर्चा में आए हायरपा ने आज सांगठनिक स्तर पर अपनी पार्टी को जिले में सुदृढ़ बनाया है।

इसके अलावा कुंगा बोध (पूर्व जिप सदस्य): पूर्व जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध ने भी पीयू से पोस्ट ग्रेजुएशन की और छात्र संघ चंडीगढ़ के प्रधान रहे। छात्र नेतृत्व से जनप्रतिनिधित्व तक का उनका सफर यह साबित करता है कि कैंपस की सक्रियता सीधे जनता से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। इस फेहरिस्त में केवल पारंपरिक छात्र नेता ही नहीं, बल्कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा भी शामिल हैं। सोनम ठाकुर, जो सिस्सू वार्ड से जिला परिषद प्रत्याशी हैं, इसका सटीक उदाहरण हैं। (चंडीगढ़) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करने वाली सोनम ने 1995 में 'ऑल इंडिया ट्राइबल स्टूडेंट्स एसोसिएशन' का गठन किया था। उनकी शैक्षणिक योग्यता व संगठनात्मक अनुभव उन्हें युवाओं के बीच एक आधुनिक और सुलझे हुए चेहरे के रूप में पेश कर रहा है।

# सफाई अभियान से संत निरंकारी मिशन ने जगाई सामाजिक चेतना

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को एक प्रेरणादायक संदेश दिया गया। मिशन के सेवादारों ने पूरे उत्साह व समर्पण के साथ मैदान की सफाई कर स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वच्छ वातावरण व सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित करना भी था। इस अवसर पर गांधीनगर स्थित संत निरंकारी भवन में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें मानवता, सेवा व स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी भव्य आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मिशन के सदस्यों ने बताया कि संत निरंकारी मिशन समय-समय पर सफाई अभियान, पौधरोपण, रक्तदान शिविर व अन्य सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। हाल ही में ढालपुर मैदान में आयोजित यह अभियान भी उसी कड़ी का हिस्सा रहा, जिसने लोगों को समाज व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने की प्रेरणा दी। संत निरंकारी मिशन का यह प्रयास न केवल स्वच्छता की मिसाल बना, बल्कि यह संदेश भी दे गया कि जब समाज मिलकर जिम्मेदारी निभाता है, तब बदलाव निश्चित रूप से संभव होता है।

## सोलन के यशपाल कपूर को मिलेगा नेशनल यूथ लीडरशिप अवार्ड-2026

- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री व श्रीलंका के राजदूत करेंगे सम्मानित
- आज दिल्ली में शांति और सद्भावना के लिए मिलेगा पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन के यशपाल कपूर को नेशनल यूथ लीडरशिप अवार्ड-2026 मिलेगा। 11 मई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भव्य समारोह में यह पुरस्कार केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम और श्रीलंका की भारत में राजदूत महिषिणी कोलोन द्वारा दिया जाएगा। प्रोजेक्ट प्वाइंट की ओर से दिल्ली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, माय भारत के सहयोग से युवा संवाद जिसका विषय है यूथ इन डेमोक्रेसी और गवर्नमेंट फॉर विकसित भारत @ 2047 का आयोजन किया जा रहा है।



इसमें भारत के अलावा दूसरे देशों के यंग लीडर भी हिस्सा लेंगे। प्रोजेक्ट प्वाइंट के चेयरमैन डॉ संग्राम केसरी ने बताया कि इस मौके पर देश में युवाओं के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दो दर्जन यूथ लीडर को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिमाचल से यशपाल कपूर को यह पुरस्कार शांति और सद्भावना के क्षेत्र में किए गए कार्य को लेकर प्रदान किया जा रहा है। यशपाल कपूर हिमाचल प्रदेश में नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के समन्वयक हैं। देशभर में शांति और सद्भावना स्थापित करने की दिशा में दशकों से कार्य कर रहे हैं।

# सोलन नगर निगम चुनाव: भाजपा में भितरघात का खतरा, 4 वार्डों में बढ़ी चिंता

## बागियों की नाराजगी बनी सिरदर्द, संगठन डैमेज कंट्रोल में जुटा; पार्टी विरोधी गतिविधियों पर कार्रवाई के संकेत

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार बाहरी चुनौती से ज्यादा अंदरूनी कलह बड़ी परेशानी बनती दिख रही है। पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत से जहां हिमाचल के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, वहीं सोलन नगर निगम चुनाव में टिकट वितरण के बाद उपजी नाराजगी ने संगठन की चिंता बढ़ा दी है।

टिकट नहीं मिलने से नाराज बागी नेताओं और कार्यकर्ताओं की



सक्रियता कई वार्डों में पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है। खासतौर पर वार्ड नंबर 2, 3, 7 और 10 में भाजपा को भीतरघात का बड़ा खतरा बताया जा रहा है। संगठन को लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे चुनावी रणनीति प्रभावित होने की आशंका है।

सूत्रों के अनुसार कई वार्डों में भाजपा के भीतर ही एक वर्ग पार्टी प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाने में लगा है। ऐसे हालात में यदि समय रहते डैमेज कंट्रोल नहीं हुआ तो भाजपा को चुनावी नुकसान झेलना पड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भीतरघात और बागियों की काट से कांग्रेस की राह अपेक्षाकृत आसान हो सकती है।

यह चुनाव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की प्रतिष्ठा से भी जुड़ा माना जा रहा है। पिछले नगर निगम चुनाव में भी पार्टी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, जिससे संगठन को आलोचना का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार नेतृत्व किसी भी तरह की चूक से बचना चाहता है।

सूत्र बताते हैं कि संगठन के पास पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं की पूरी फीडबैक पहुंच रही है। पार्टी रणनीतिकार नाराज नेताओं को मनाने के लिए लगातार संपर्क साध रहे हैं, लेकिन साथ ही कड़ा संदेश भी दिया जा रहा है कि यदि कोई कार्यकर्ता पार्टी विरोधी गतिविधियों से बाज नहीं आया तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है।

पार्टी के भीतर चर्चा है कि गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति में छह साल के निष्कासन जैसी सख्त कार्रवाई हो सकती है। साथ ही भविष्य में संगठन और सत्ता में मिलने वाले अवसरों से भी ऐसे नेताओं को वंचित रहना पड़ सकता है। भीतरघात की बढ़ती आशंकाओं के बीच भाजपा नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती संगठन को एकजुट रखना और बागियों को साधना है। अब देखना होगा कि चुनावी रण में भाजपा डैमेज कंट्रोल कर स्थिति संभाल पाती है या अंदरूनी खींचतान विपक्ष के लिए अवसर बन जाती है।

## आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित बनाएं सभी उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने शहरी एवं पंचायती राज निकाय-2026 के दृष्टिगत सभी उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि आदर्श आचार संहिता की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित बनाएं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि पारदर्शी एवं त्रुटिरहित निर्वाचन स्वास्थ्य लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अंग है और इस दिशा में उम्मीदवारों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए प्रचार, पोस्टर, झंडों, सूचना पत्रों, होर्डिंग इत्यादि के उपयोग, बैठकों और निर्वाचन व्यय के विषय में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इनकी अनुपालना आवश्यक है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के अनुसार किसी भी दल या उम्मीदवार या उनके समर्थकों अथवा अनुयायियों द्वारा किसी निजी या सार्वजनिक सम्पत्ति पर बिना अनुमति झंडे, सूचना पत्र अथवा पोस्टर नहीं चिपकाए जाएंगे एवं नारे इत्यादि नहीं लिखे जाएंगे।

### नगर निगम सोलन चुनाव: महिला आरक्षित वार्ड 11 में रोचक हुआ मुकाबला

## प्रत्याशी अब घर-घर जाकर मांग रहे वोट

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव में महिला आरक्षित वार्ड नंबर 11 का चुनावी मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी हेमा शर्मा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है और घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधते हुए अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रही हैं। वार्ड में विकास और मूलभूत सुविधाओं को केंद्र में रखकर कांग्रेस प्रत्याशी जनता के बीच पहुंच रही हैं।

हेमा शर्मा ने वार्ड के लिए अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि एंबुलेंस मार्ग का निर्माण, खेल मैदान का जीर्णोद्धार, सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पक्के रास्तों का निर्माण, नालों का चैनलाइजेशन, पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था में सुधार और पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाना उनके चुनावी एजेंडे में प्रमुखता से शामिल है। उनका कहना है कि इन समस्याओं के समाधान से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

कांग्रेस प्रत्याशी ने यह भी वादा किया कि नगर निगम में शामिल

- **एंबुलेंस मार्ग, खेल मैदान के जीर्णोद्धार, सीवरेज व पार्किंग समेत कई मुद्दों को बनाया चुनावी एजेंडा**

कृषि क्षेत्रों को वापस पंचायत के अधीन लाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों की मूल पहचान और वहां की व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके। यह मुद्दा भी वार्ड में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। वहीं, पूर्व प्रत्याशी अभय शर्मा भी अपनी माता हेमा शर्मा के समर्थन में लगातार प्रचार कर रहे हैं। अभय शर्मा अपने कार्यकाल और विकास कार्यों के आधार पर जनता से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। उनका दावा है कि आपदा प्रभावित वार्ड होने के बावजूद क्षेत्र में करीब तीन करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए गए, जिससे कई मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिली।

अभय शर्मा का कहना है कि प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों के बावजूद वार्ड में विकास कार्यों की गति रुकने नहीं दी गई और अब आगे भी विकास के इस क्रम को जारी रखने के लिए जनता का समर्थन जरूरी है।

वार्ड 11 में कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान लगातार तेज हो रहा है और प्रत्याशी मतदाताओं के घर-द्वार पहुंचकर समर्थन जुटाने में लगी हैं। ऐसे में महिला आरक्षित इस वार्ड का चुनावी मुकाबला दिन-ब-दिन और रोचक होता जा रहा है।

## प्रदेश के हर संकट में मजबूती से खड़े रहे सीएम सुक्खू: चौहान





अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम शिमला के मेयर सुरिंदर चौहान ने भाजपा पर जोरदार और तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश के कठिन समय में अगर कोई मजबूती से हिमाचल के साथ खड़ा रहा, तो वह वर्तमान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू रहे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब प्रदेश संकट से जूझ रहा था, तब ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी निजी आय से 11 लाख रुपए की सहायता दी और लगभग डेढ़ वर्ष तक वेतन तक नहीं लिया। वहीं प्रदेश में आई सदी की सबसे बड़ी आपदा के दौरान उन्होंने अपनी जीवनभर की कमाई में से 51 लाख रुपए प्रदेश हित में समर्पित किए।

भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि भाजपा बताए कि उनके सांसदों व नेताओं ने प्रदेश की नगर निगमों एवं आपदा राहत के लिए कितना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वह स्वयं राजीव बिंदल से भाजपा कार्यालय दीपकमल में मिले थे, लेकिन प्रदेश की पीड़ा को लेकर भाजपा नेतृत्व के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

## शानदार परीक्षा परिणाम से चमका लक्ष्य स्कूल अमोदिनी व एना ने हासिल किए 680 अंक

अनंत ज्ञान

**अर्की/दाड़लाघाट।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। अमोदिनी गुप्ता और एना ने 680-680 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं तनय अंगिरस ने 677 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त गरिमा ने 654, गुंजन ने 648 तथा शिवांगी ने 647 अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की।

विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की। गणित विषय में तनय, एना और गरिमा ने शत-प्रतिशत यानी 100 में से 100 अंक प्राप्त









किए। कंप्यूटर विषय में सोनाक्षी कंवर, अमोदिनी गुप्ता और एना ने 100 अंक हासिल किए। वहीं संस्कृत विषय में अमोदिनी गुप्ता ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मेहनत, लगन से दसवीं की परीक्षा में पारुल ने हासिल किए 93.7 प्रतिशत अंक

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा पारुल ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 700 में से 656 अंक प्राप्त कर लगभग 93.7 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पारुल एक अनुशासित, मेहनती एवं प्रतिभाशाली छात्रा है। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेलों में भी विशेष रुचि रखती है और एक अच्छी खिलाड़ी के रूप में जानी जाती है। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने पारुल को उसकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

### नगर निगम सोलन में जोर-शोर से उठ रहे मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे

## वार्ड नंबर 16 के मतदाता ने रखी शर्त-वोट उसी को जो क्षेत्र का करवाए समुचित विकास

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन नगर निगम चुनाव के बीच वार्ड-16 में पिछले पांच वर्षों के विकास कार्य चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। सड़कों, रास्तों, नालियों के निर्माण और पेयजल पाइप लाइनों को सुव्यवस्थित करने पर विशेष फोकस किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलीं।

जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत होने से बड़ी संख्या में वार्डवासियों को लाभ हुआ। इन उपलब्धियों और जनसमर्थन को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व पार्षद सीमा पर फिर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कार्यकाल में सड़कों, स्वच्छता और सुविधाओं में हुए सुधारों ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी। भाजपा प्रत्याशी



सीमा ने कहा कि मेरी प्राथमिकता वार्ड-16 को स्वच्छ, सुंदर और सुविधा संपन्न बनाना है।

आंजी रबोन में पानी का टैंक, सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करना और रबोन में फुटओवर ब्रिज का निर्माण प्रमुख योजनाएं हैं।' उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का सहयोग मिला तो विकास की रफ्तार तेज होगी, और वार्ड-16 नगर निगम सोलन का आदर्श वार्ड बनकर उभरेगा।

क्षेत्रवासी विकास कार्यों की सराहना कर रहे हैं और आगामी चुनाव में सीमा को मजबूत समर्थन देने का ऐलान कर चुके हैं। वहीं सीमा और उनके पति पूर्व प्रधान अनिल कुमार अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं के घर द्वार पहुंचकर क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए वोट की अपील कर रहे हैं।

## त्रुटिरहित और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : मनमोहन शर्मा

### नगर निगम सोलन के निर्वाचन के दृष्टिगत द्वितीय चरण का पूर्वाभ्यास संपन्न

अनंत ज्ञान

**सोलन।** ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी व बिना किसी विवाद के पूर्ण करने में नियुक्त पीठासीन अधिकारी, सेक्टर अधिकारी व पोलिंग अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

मनमोहन शर्मा आज यहां नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों के चुनावों के लिए द्वितीय चरण के पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन को पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से आग्रह किया कि पूर्वाभ्यास प्रशिक्षण में बताई गई जानकारी और उपायों को आत्मसात करें और कोई भी गलती करने से बचें ताकि त्रुटिरहित निर्वाचन सम्पन्न किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि



किसी भी पीठासीन अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर के रिश्तेदार निर्वाचन के लिए खड़े है तथा ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति उसी वार्ड में हो जाती है तो इसकी सूचना उच्च स्तर पर शीघ्र देना सुनिश्चित करें ताकि उनकी ड्यूटी को समय पर बदला जा सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम के 17 वार्डों के लिए 54 निर्वाचन दलों के 216 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, तहसीलदार निर्वाचन ऊषा चौहान, मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी व कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### करियर एकेडमी स्कूल में मातृ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन स्थित करियर एकेडमी स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मां के प्रेम, त्याग, समर्पण और परिवार में उनके महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता एवं लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी प्रस्तुतियों में मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रही। इंटर हाउस माइम प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय 'मां का प्रेम एवं परिवार में उनका योगदान' रखा गया। विद्यार्थियों ने बिना संवाद के केवल अभिनय व भाव-भंगिमा के माध्यम से सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

## वार्ड-12 में कांग्रेस का चुनाव प्रचार तेज

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम के वार्ड नंबर 12 से कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वर दत्ता के चुनाव प्रचार को और अधिक धार देने तथा जनसंपर्क अभियान को व्यापक स्तर पर मजबूत करने के लिए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष विरमानी, वार्ड 12 के प्रभारी एवं जोगिंद्रा बैंक के चेयरमैन मुकेश शर्मा, अजय वर्मा, संजय भंडारी और निशांत मकोल ने महत्वपूर्ण बैठक कर विस्तृत रणनीति तैयार की।

बैठक में वार्ड के प्रत्येक बूथ तक कांग्रेस की नीतियों और जनहितकारी सोच को पहुंचाने, घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने तथा युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वर दत्ता को वार्डवासियों का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है तथा जनता



विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति के पक्ष में मजबूती से खड़ी है।

नेताओं ने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी वार्ड नंबर 12 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ चुनाव प्रचार में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के विश्वास, विकास के विजन और मजबूत संगठनात्मक शक्ति के दम पर विजय हासिल करेगी।

### डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, अर्की।** डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति अपना सम्मान व प्रेम व्यक्त एवं मां के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए आकर्षक कार्ड तैयार किए और पत्र लिखकर उनके प्रति अपनी भावनाएं एवं कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय की प्रिंसिपल रीना पांटा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती है और उनका स्थान सबसे सर्वोच्च होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी माताओं का सम्मान करने और उनके प्रति सदैव आभार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया।

**कृषि** | सिरमौर में बिजामृत विधि से बढ़ रही पैदावार, किसानों की आय में हो रहा इजाफा

## जिमीकंद की खेती में 'बिजामृत' बना सफलता का मंत्र

अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पंकज मित्तल और जिला सिरमौर के कृषि उपनिदेशक डॉ. साहब सिंह ने बताया कि जिमीकंद की खेती में 'बिजामृत' विधि किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बिना उपचार किए जिमीकंद लगाने से फसल में सड़न, फफूंद और कई प्रकार के रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है, जबकि बिजामृत से उपचारित बीज तेजी से अंकुरित होते हैं और पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।



### बिजामृत एक प्राकृतिक जैविक उपचार पद्धति

**विशेषज्ञों** के अनुसार बिजामृत एक प्राकृतिक जैविक उपचार पद्धति है, जिसमें गाय का गोबर, गौमूत्र, गुड़, बेसन या दाल का आटा तथा खेत की मिट्टी मिलाकर विशेष घोल तैयार किया जाता है। जिमीकंद के बीज या कंद के टुकड़ों को इस घोल में डुबोकर उपचारित किया जाता है, जिससे हानिकारक जीवाणु और फफूंद नष्ट हो जाते हैं। उपचार के बाद बीजों को छाया में सुखाकर खेत में लगाया जाता है।

### उत्पादन और मिट्टी की उर्वरता में सुधार

500 से 750 ग्राम वजन वाले कंद के टुकड़े सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। बिजामृत विधि से उत्पादन में वृद्धि, मिट्टी की उर्वरता में सुधार और रासायनिक दवाओं के उपयोग में कमी आती है। वैज्ञानिकों ने बताया कि सिरमौर की जलवायु जिमीकंद उत्पादन के लिए अनुकूल है और किसान अब 'गजेंद्र' किस्म को तेजी से अपना रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर आय प्राप्त हो रही है। यह किस्म स्वाद, गुणवत्ता और कम ऑक्जेलिक एसिड के कारण बाजार में अधिक पसंद की जा रही है। वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि खेती में पारंपरिक तरीकों के साथ वैज्ञानिक सलाह को भी अपनाएं, ताकि सिरमौर में जिमीकंद की खेती को नई पहचान मिल सके और किसानों की आय में स्थायी बढ़ोतरी हो।

> **जिमीकंद** की खेती छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है। वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर एक बीघा भूमि से डेढ़ लाख से दो लाख रुपये तक की आय प्राप्त की जा सकती है।
>
> **डॉ. साहब सिंह, कृषि उपनिदेशक, जिला सिरमौर**

# यूएस, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा की यूनिवर्सिटी पर साइबर अटैक

**एजेंसी, वॉशिंगटन, मेलबर्न**



अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालयों और स्कूलों पर बड़े पैमाने पर हुए साइबर हमलों ने शिक्षा व्यवस्था को हिला दिया है। हैकर समूह शाइनीहंटर्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हमले का निशाना बना कैनवस नाम का ऑनलाइन शैक्षणिक मंच, जिसका इस्तेमाल दुनिया भर के हजारों विश्वविद्यालय और स्कूल पढ़ाई, असाइनमेंट और परीक्षाओं के संचालन के लिए करते हैं। हमले के कारण अंतिम परीक्षाओं और असाइनमेंट के महत्वपूर्ण दौर में व्यापक अव्यवस्था फैल गई।

कई विश्वविद्यालयों को परीक्षाएं स्थगित करनी पड़ीं, जबकि छात्रों और शिक्षकों को अपने डाटा और कार्य के सुरक्षित रहने को लेकर चिंता सताने लगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कैनवस की मालिक कंपनी इंस्ट्रक्चर ने शूक्रवार देर रात अपनी वेबसाइट पर बताया कि अधिकांश उपयोगकर्ताओं के लिए सेवाएं बहाल कर दी गई हैं,

### ◆ परीक्षाओं के बीच मांगी बिटकॉइन फिरौती

लेकिन शनिवार तक भी कई संस्थानों में भारी व्यवधान बना रहा। रिपोर्टों के अनुसार इस साइबर हमले से दुनिया भर के लगभग 9000 शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए।

कई उपयोगकर्ताओं की स्क्रीन पर बिटकॉइन में फिरौती मांगने वाला संदेश दिखाई दिया, जिसमें दावा किया गया कि शाइनीहंटर्स ने इंस्ट्रक्चर के सिस्टम में सेंध लगा ली है और यदि भुगतान नहीं किया गया तो चोरी किया गया डेटा सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

# पूरी दुनिया भारत के आध्यात्मिक मूल्यों से प्रभावित : प्रधानमंत्री मोदी

## बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना समारोह में शामिल हुए पीएम ▶ ध्यान मंदिर के उद्घाटन के अलावा कई सेवा पहलों का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान टीम**

**शिमला/धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने तथा संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नव निर्मित ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया तथा शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी कई राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'जब संकल्प स्पष्ट हो और कार्य सेवा भाव से किया जाए, तब हर प्रयास सफल होता है।' उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान तब सफल होता है, जब उसके साथ समाज की शक्ति जुड़ जाती है।



उन्होंने कहा कि समाज, राजनीति और सरकारों से भी अधिक शक्तिशाली होता है। कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है, जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में योग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के सेवा कार्यों की सराहना की।

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के साथ आत्मीय क्षण साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं आपका ही हूं और जहां हूं, वहां भी आपकी वजह से ही हूं' जिस पर उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी। आर्ट ऑफ लिविंग हिमाचल प्रदेश की राज्य मीडिया कोऑर्डिनेटर तृप्ता शर्मा के अनुसार, माहभर चले इस वैश्विक उत्सव में 182 देशों से एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, सांसद, उद्योगपति, प्रशासनिक अधिकारी, किसान तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बढ़े आत्मविश्वास और सकारात्मक परिवर्तन की सराहना करते हुए कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आर्ट ऑफ लिविंग ने बताया कि संगठन पिछले साढ़े चार दशकों से योग, ध्यान, शिक्षा और सेवा कार्यों के माध्यम से विश्वभर में करोड़ों लोगों तक पहुंचा है।

# कश्मीर में गोल्फ पर्यटन को दिया जाएगा बढ़ावा : उमर

**एजेंसी, श्रीनगर**

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि सरकार कश्मीर को एक प्रमुख गोल्फिंग डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर के आयोजन करेगी। घाटी के गोल्फ कोर्स देश के सर्वश्रेष्ठ गोल्फ कोर्सों में शुमार हैं। मुख्यमंत्री ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में इंडिया गोल्फ कार्निवल 2026 का उद्घाटन करने के बाद मीडिया से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि कश्मीर का गोल्फ से एक लंबा और ऐतिहासिक संबंध है और यहां विश्व स्तरीय गोल्फिंग बुनियादी ढांचा मौजूद है। उन्होंने कहा, 'गोल्फ के साथ कश्मीर का बहुत पुराना रिश्ता है। अगर आप देश के सबसे खूबसूरत गोल्फ कोर्सों को देखें तो श्रीनगर, गुलमर्ग और पहलगाम के कश्मीरी कोर्स आसानी से उनमें गिने जा सकते हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थानीय गोल्फ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और साथ ही जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस खेल का उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट कश्मीर में गोल्फ को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। हम अपने स्थानीय गोल्फ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं और साथ ही युवा खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को इस खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।



उमर ने कहा कि टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रतिभागियों सहित 100 से अधिक गोल्फ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उमर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बाहर के गोल्फ खिलाड़ी लंबे सप्ताहांतों के दौरान विशेष रूप से गोल्फ खेलने के लिए श्रीनगर आने लगे हैं और उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस तरह की खेल गतिविधियां पर्यटन क्षेत्र को और मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में जब भी लंबा सप्ताहांत होता है कई गोल्फ खिलाड़ी अब केवल गोल्फ खेलने के लिए श्रीनगर आते हैं। हमें उम्मीद है कि इससे पर्यटन को निश्चित रूप से लाभ होगा।


## इस साल में अब तक 2 लाख करोड़ रुपए की हुई बिकवाली

# विदेशी निवेशकों ने भारत से मई में 14,231 करोड़ रुपए निकाले

**एजेंसी, मुंबई**

मई महीने में भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की निकासी जारी है। वैश्विक आर्थिक चिंताओं के कारण इस साल अब तक विदेशी निवेशक बाजार से 2 लाख करोड़ से ज्यादा निकाल चुके हैं।

एनएसडीएल के डेटा के अनुसार, अकेले मई महीने में विदेशी निवेशकों ने अब तक 14,231 करोड़ की बिकवाली की है। इस साल विदेशी निवेशकों का रुख ज्यादातर निगेटिव ही रहा है। जनवरी में 35,962 करोड़ के शेयर




बेचे गए थे। हालांकि, फरवरी एक अपवाद रहा जब निवेशकों ने 22,615 करोड़ का निवेश किया, जो पिछले 17 महीनों का सबसे बड़ा मंथली निवेश था। लेकिन यह बढ़त ज्यादा समय तक नहीं टिक पाई। मार्च में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर दिखा और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ बाजार से बाहर निकल गए। इसके बाद अप्रैल में भी 60,847 करोड़ की निकासी दर्ज की गई है।

### 2025 के मुकाबले इस साल ज्यादा दबाव

**साल** 2026 में अब तक की कुल निकासी पिछले पूरे साल के मुकाबले काफी ज्यादा है। साल 2025 में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से कुल 1.66 लाख करोड़ निकाले थे। इस साल अब तक यह आंकड़ा 2 लाख करोड़ के पार जा चुका है, जो बाजार पर निरंतर बने बिकवाली के दबाव को दर्शाता है।

# टॉप-10-कंपनियों में से 4 की वैल्यू 1 लाख करोड़ घटी

**एजेंसी, मुंबई**

मार्केट कैप के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 4 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 1 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान एसबीआई की मार्केट वैल्यू सबसे ज्यादा घटी है। एसबीआईकी मार्केट वैल्यू 44,722 करोड़ रुपए घटकर 9.41 लाख करोड़ पर आ गई। इसके अलावा एयरटेल, टीसीएस और लार्सन एंड टुब्रो की मार्केट वैल्यू भी घटी है। वहीं, रिलायंस, एचडीएफसी और आईसीआईसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एलआईसी की मार्केट वैल्यू बढ़ी। बीते हफ्ते के कारोबार में इन सभी 6 कंपनियों का मार्केट कैप टोटल 46,685 करोड़ रुपए बढ़ा। बता दें कि पिछले हफ्ते सेंसेक्स 414.69 (0.53%) अंक और निफ्टी 178.6 (0.74%) अंक चढ़ा था। वहीं बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 516 अंक की गिरावट के साथ 77,328 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 150 अंकों की गिरावट रही, ये 24,176 पर आ गया।




# इसराइली हमले से लेबनान में 24 की मौत

## अमेरिका की दोनों देशों में संघर्ष विराम करवाने की तमाम कोशिशें नाकाम

**एजेंसी, बेरूत**

अमेरिकी मध्यस्थता से लेबनान और इसराइल के बीच जारी संघर्ष विराम के दौरान यहां पल भर की शांति नजर नहीं आती। लेबनान पर इसराइल की लगातार बमबारी जारी है। शनिवार को हुए हमलों में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी लेबनान पर इसराइली हवाई और तोपखाने के हमलों में काफी तेजी आई है।

अल जजीरा की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इसरायल ने शनिवार को दक्षिणी लेबनान के नौ कस्बों और गांवों को खाली करना आदेश जारी किया। इसके बाद दक्षिण के कई इलाकों में हमले किए। दक्षिणी लेबनान में मरने वालों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।



पिछले लगभग 48 घंटों में इसराइली हवाई, ड्रोन और तोपखाने के हमलों में काफी तेजी आई है। आरोप है कि दक्षिणी लेबनान में कई जगहों पर इजराइली सैनिकों ने तोड़फोड़ भी की है। बताया जा रहा है कि यह सब उस 'येलो जोन' के अंदर हो रहा है जिसे इजराइल ने घोषित किया है। यह येलो जोन लेबनानी सीमा के अंदर 10 किलोमीटर तक फैला हुआ है। यह चिंताजनक इसलिए भी है कि लेबनान और इसरायल वॉशिंगटन की मेजबानी में होने वाली निचले स्तर की कूटनीतिक बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि संघर्ष-विराम को आगे बढ़ाने की कुछ उम्मीद है।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी में 500 स्टूडेंट्स ने ली नशे के खिलाफ सामूहिक शपथ

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** नशा मुक्त और प्रगतिशील समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रेट नवभारत मिशन फाउंडेशन द्वारा सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली में 'उज्ज्वल पंजाब: नशे को न, तरक्की को हां' विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



इस पहल का नेतृत्व 'फादर ऑफ एजुकेशन' से सम्मानित तथा सीजीसी के माननीय चांसलर रशपाल सिंह ढालीवाल ने किया, जिनकी सामाजिक परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा प्रेरणादायक रही है। कार्यक्रम में न्यायपालिका, रक्षा सेवाओं, पुलिस प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया तथा पंजाब में बढ़ती नशे की समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम में पूर्व जज इमानबीर सिंह ढालीवाल, ब्रिगेडियर राज कुमार (पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल, मिलिट्री इंटेलिजेंस), ब्रिगेडियर एचपीएस बेदी, सेवानिवृत्त कर्नल मोहन लाल भंडारी, इंस्पेक्टर विजिलेंस लखवीर सिंह राणा, मोरिंडा एसएचओ गुरमुख सिंह, लेखक एवं 'मदर्स अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के सह-संस्थापक खुशवंत सिंह, मनोवैज्ञानिक हनी ग्रेवाल तथा समाजसेवी इशुपाल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नशे के सामाजिक और मानसिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इस समस्या के समाधान के लिए सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया।

इस अवसर पर नशा उन्मूलन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, न्यायपालिका के सदस्यों, पूर्व सैनिकों और समाजसेवियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके बाद चांसलर रशपाल सिंह ढालीवाल के नेतृत्व में सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त भविष्य के निर्माण की शपथ ली, जिसने युवाओं में नया उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषणों और प्रस्तुतियों के अलावा एक विशाल ड्रग अवेयरनेस रैली भी निकाली गई, जिसमें 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से 'नशे को ना और तरक्की को हां' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।



# हरियाणा निकाय चुनाव में 54.1 प्रतिशत मतदान, कई जगह फर्जी वोटिंग के आरोप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सात नगर निगमों और पंचायतीराज संस्थाओं के 528 पदों के लिए रविवार को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार शाम सात बजे तक प्रदेश में 54.1 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। रोहतक में सबसे अधिक 79.2 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि सोनीपत में सबसे कम 47.4 प्रतिशत वोट पड़े। अंबाला, पंचकूला और सोनीपत के शहरी क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। चुनाव के दौरान कई जगह फर्जी मतदान और अव्यवस्थाओं के आरोप भी लगे। रेवाड़ी में एक युवक फर्जी वोट डालते पकड़ा गया, जबकि सोनीपत और अंबाला में मतदाताओं ने आरोप लगाया कि उनकी वोट पहले ही डाली जा चुकी थी। कई बूथों पर व्हीलचेयर जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी शिकायतें सामने आईं। सांपला और धारूहेड़ा में प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच झड़प और पैसे बांटने के आरोपों से माहौल गरमाया रहा। राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि अंतिम मतदान प्रतिशत बाद में जारी किया जाएगा।

### ◆ रोहतक में सबसे ज्यादा, सोनीपत में सबसे कम मतदान

# रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में एचआर कॉन्क्लेव-2026 का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के अल्फा स्कूल ने 'एआई-संचालित दुनिया में करियर का भविष्य' विषय पर एचआर कॉन्क्लेव-2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख एचआर पेशेवरों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा विद्यार्थियों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से प्रभावित करियर के बदलते रुझानों पर अपने विचार साझा किए।

अल्फा स्कूल की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) पूजा शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्रेजिटी इंटरएक्टिव की एचआर हेड यामिनी मेहता मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं। अपने मुख्य भाषण में उन्होंने आज के अत्यंत प्रतिस्पर्धी और तकनीक-आधारित पेशेवर परिदृश्य में अनुकूलनशीलता, नवाचार और निरंतर सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तेजी से हो रहे डिजिटल परिवर्तन के दौर में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने कौशल को लगातार उन्नत करने के लिए प्रेरित किया।



चांसलर गुरविंद्र सिंह बाहरा ने अपने संबोधन में उद्योगों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को अपने पाठ्यक्रम को भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना होगा। वहीं, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जहां एआई नौकरी की भूमिकाओं को पुनर्परिभाषित कर रहा है, वहीं यह कुशल पेशेवरों के लिए नए अवसर भी सृजित कर रहा है।

पैनल चर्चा में ग्रेजिटी इंटरएक्टिव में लर्निंग एंड डेवलपमेंट की प्रमुख शिखा गुप्ता, वॉटरमार्क में एसोसिएट डायरेक्टर जलज शर्मा, प्रथम एचआर एंड लीगल सॉल्यूशंस की चेयर आईटी वूमेन एवं संस्थापक पूजा नायर, तथा एआईआर सॉल्यूशंस एलएलपी के संस्थापक ओम कनौजिया सहित कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए।

# चंडीगढ़ तमिल संगम द्वारा 56वां चित्रई तिरुविझा समारोह धूमधाम से संपन्न

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ तमिल संगम (साउथ इंडियन सोशल कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा आयोजित 56वां वर्षगांठ समारोह- चित्रई तिरुविझा 2026 रविवार को भारती भवन, सेक्टर 30-बी, चंडीगढ़ में बड़े उत्साह एवं पारंपरिक गरिमा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में तमिल समुदाय के सदस्यों, सांस्कृतिक प्रेमियों एवं गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्यातिथि मनीष तिवारी, सांसद, चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र रहे। समारोह में वरिष्ठ अधिकारी अरविंद आईएएस सहित विभिन्न संस्थाओं के गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर, पटियाला की सांस्कृतिक टीम तथा प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य संस्था लास्य क्षेत्रम द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने समारोह की शोभा को और बढ़ाया।

समारोह में भरतनाट्यम, लोक नृत्य, भक्ति संगीत तथा बच्चों एवं महिलाओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने तमिलनाडु की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाया। दर्शकों ने कार्यक्रमों एवं उत्कृष्ट आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

आयोजकों ने सभी अतिथियों, कलाकारों, स्वयंसेवकों, प्रायोजकों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह समारोह भव्य एवं यादगार बना।

यह कार्यक्रम संगम के अध्यक्ष श्री जी. माधवन आईएएस (सेवानिवृत्त) एवं महासचिव एसपी राजशेखरन के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से आयोजित किया गया। चंडीगढ़ तमिल संगम ने भविष्य में भी तमिल भाषा, संस्कृति एवं सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने हेतु ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर 'आप' ने भाजपा दफ्तरों का किया घेराव

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के खिलाफ पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करते हुए दावा किया गया कि एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी), सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट भाजपा जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने और गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने के लिए कर रहे हैं। आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंजाब में जिला हेड क्वार्टर पर भाजपा दफ्तरों का घेराव किया और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को लेकर नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।



यह प्रदर्शन होशियारपुर, पटियाला, मोहाली और पंजाब के कई दूसरे हिस्सों में हुए, जहां आप नेताओं ने कहा कि भाजपा चुनी हुई सरकारों को डराने और विपक्ष की आवाज दबाने के लिए जांच एजेंसियों को एक राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और भाजपा पर हर उस राजनीतिक ताकत को कुचलने की कोशिश करने का आरोप लगाया जो उसके आगे झुकने से मना करती है।

होशियारपुर में, आप नेताओं ने पीएम मोदी का पुतला फूंका और भाजपा की कार्रवाईयों को विपक्षी पार्टियों पर 'तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी हमला' बताया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा रेड और जबरदस्ती की कार्रवाई के ज़रिए डर फैलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन पंजाब ऐसे हथकंडों के आगे घुटने नहीं टेकेगा। आप के सीनियर नेता और मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा ने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों को राजनीतिक हथियार बना दिया है। जब भी भाजपा को राजनीतिक हार या विरोध का सामना करना पड़ता है, तो वह केंद्रीय एजेंसियों को छोड़कर विपक्षी नेताओं के भरोसे छोड़ देती है। पहले बंगाल को टारगेट किया गया और अब पंजाब पर हमला हो रहा है क्योंकि भाजपा आप की बढ़ती पॉपुलैरिटी और भगवंत मान सरकार के लोगों के हक में किए जा रहे कामों को पचा नहीं पा रही है।

हरपाल सिंह चीमा ने दावा किया कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकारों को डरा-धमकाकर कमजोर करने की कोशिश कर रही है क्योंकि वह उन्हें राजनीतिक तौर पर हरा नहीं सकती। पंजाब के लोग देख रहे हैं कि बदले की राजनीति के लिए कैसे संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। पटियाला में, कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने एक रोष प्रदर्शन का नेतृत्व किया और भाजपा की 'डर और धमकाने की राजनीति' करने के लिए कड़ी आलोचना की।

# बलबीर सिंह सिद्धू ने आम आदमी पार्टी पर मोहाली में फर्जी वोट बनवाने के लगाए आरोप



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** बलवीर सिंह सिद्धू ने आम आदमी पार्टी पर मोहाली नगर निगम चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर फर्जी वोट बनवाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने राज्य चुनाव आयुक्त से हस्तक्षेप कर कथित फर्जी वोट रद्द करने की मांग की है।

पत्रकारों से बातचीत में सिद्धू ने कहा कि आम आदमी पार्टी हर वार्ड में करीब 300 फर्जी वोट बनवा रही है ताकि नगर निगम पर कब्जा किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों के नाम जोड़ने के लिए फर्जी किरायानामे तैयार किए जा रहे हैं और सभी दस्तावेज एक ही प्रारूप में बनाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि वार्ड नंबर 42 में 304 नई वोट जोड़कर मतदाताओं की संख्या 678 से बढ़ाकर 982 कर दी गई है। वहीं वार्ड नंबर 5 और आईटी सिटी क्षेत्र वाले वार्डों में भी बड़े पैमाने पर फर्जी वोट बनाए जाने का आरोप लगाया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि कई मतदाताओं की तस्वीरें वोटर सूची में नहीं हैं और एक-एक घर में 20 से अधिक वोटें बनाई गई हैं। उन्होंने इसे 'लोकतंत्र की खुली हत्या' बताते हुए कहा कि इस मामले को राज्य चुनाव आयुक्त के समक्ष उठाया जाएगा। सिद्धू ने चेतावनी दी कि यदि कथित फर्जीवाड़ा नहीं रुका तो कांग्रेस पार्टी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### धर्मशाला में 3 अलग-अलग पिचों पर खेले जाएंगे आईपीएल मुकाबले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एचपीसीए के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले तीन आईपीएल मुकाबले तीन अलग-अलग पिचों पर खेले जाएंगे। हर मैच नई पिच पर होगा, जिससे मुकाबलों में अलग तरह का रोमांच देखने को मिलेगा। टीमों के अभ्यास के लिए मुख्य मैदान में दो और आउटडोर एरिया में सात पिचें उपलब्ध रहेंगी। खिलाड़ी नेट प्रैक्टिस के दौरान पिचों के मिजाज को समझ सकेंगे। धर्मशाला की पिचें तेज गेंदबाजों को उछाल और रफ्तार देती हैं, जबकि बल्लेबाजों को भी शॉट खेलने में मदद मिलती है। स्पिनरों को भी यहां पर्याप्त सहायता मिलने की उम्मीद है। स्टेडियम में कुल नौ पिचें हैं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए तैयार की गई हैं। एचपीसीए के पिच क्यूरेटर सुनील चौहान ने बताया कि आईपीएल मैचों के लिए पिचें और आउटफील्ड पूरी तरह तैयार हैं। बारिश से निपटने के लिए स्टेडियम में एडवांस सब-एयर सिस्टम और सुपर सॉपर मशीनें भी उपलब्ध हैं, जो हल्की बारिश के बाद मैदान को जल्दी खेलने लायक बना सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### ब्रेंटफोर्ड को हराकर मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हैलेंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76, जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं। गत चैंपियन लीवरपूल ने चेल्सी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस दौरान प्रशंसकों ने टीम की हूटिंग भी की। तीसरे स्थान पर चल रहे मैनचेस्टर यूनाईटेड ने सडरलैंड से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि छठे स्थान पर चल रहे बोर्नेमाउथ ने फुलहम को 1-0 से शिकस्त दी। ब्राइटन ने वोल्वरहैम्पटन को 3-0 से हराया। चैंपियंस लीग के प्ले ऑफ सेमीफाइनल के पहले चरण में मिडिल्सबोरो और साउथम्पटन ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे चरण का मैच मंगलवार को होगा। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिना ने जीता तुमकुरु ओपन आईटीएफ का एकल खिताब

**एजेंसी, तुमकुरु (कर्नाटक)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा। कंधे की चोट के कारण युगल फाइनल से हटने वाली जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि, पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की। इससे दर्शकों को निराशा हाथ लगी जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले। जुजाना को उपविजेता रहने के लिए 2,637 डॉलर और 23 डब्ल्यूटीए अंक मिले। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में एलिसे पेरी

**ऑस्ट्रेलिया** की एलिसे पेरी महिला क्रिकेट की सबसे बड़ी स्टार मानी जाती हैं। वह शानदार ऑलराउंडर हैं और अपनी फिटनेस व क्लासिक लुक के लिए मशहूर हैं। उनका शांत स्वभाव और मैदान पर बेहतरीन खेल उन्हें खास बनाता है।



## आईपीएल | प्लेऑफ की उम्मीदें बचाए रखने के लिए दोनों टीमों पर दबाव

# धर्मशाला में दिल्ली-पंजाब की टक्कर आज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक तीन मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले तीन लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी।

उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। हैदराबाद में टीम की कैचिंग बहुत खराब थी। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण काफी रन लुटा रहा है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी भी अच्छी शुरुआत के बाद अब नाकाम हो रही है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी। टी20 जैसे अनिश्चित प्रारूप में लय बहुत अहम होती है और पंजाब किंग्स की टीम चाहेगी कि वे जल्द से जल्द फिर लय हासिल कर लें।

दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की नजरें पहले से ही अगले सत्र पर टिकी हैं क्योंकि वे अपने पिछले छह में से पांच मैच हारने के बाद अंक तालिका के निचले हिस्से में हैं। घरेलू मैदान पर दिल्ली का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है इसलिए वे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए स्थल में बदलाव का स्वागत करेंगे। उसके बल्लेबाज धीमी और टर्न लेने वाली पिचों पर खुद को ढालने में नाकाम रहे हैं जिससे उनकी कमजोरियां उजागर हुई हैं। प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव के साधारण प्रदर्शन ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं जबकि मिचेल स्टार्क शायद बहुत देर से टीम से जुड़े। पंजाब किंग्स की तरह दिल्ली के क्षेत्ररक्षण ने भी उसे निराश किया है। आंकड़ों के लिहाज से दिल्ली की टीम अब भी प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है लेकिन इसकी बहुत कम संभावना है कि वे टूर्नामेंट में आगे बढ़ पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, प्रवीण दुबे, पायला अविनाश और विशाल निषाद।

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, लोकेश राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जेमिसन, अजय जाधव मंडल, माधव तिवारी, साहिल पारख, करुण नायर, टी नटराजन।

## टी20 में गेंदबाजों को सफल होना है तो खुद को बदलना होगा : बॉन्ड

**एजेंसी, जयपुर**

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में लगातार आक्रामक होती बल्लेबाजी के बीच गेंदबाजों को खुद को बदलना होगा और नए तरीके अपनाने होंगे। उनका मानना है कि जो गेंदबाज अपने कौशल को बेहतर ढंग से विकसित कर पाएंगे, वही इस प्रारूप में सुपरस्टार बनेंगे।



गुजरात टाइटंस के खिलाफ 77 रन की हार के बाद बॉन्ड ने स्वीकार किया कि राजस्थान रॉयल्स परिचित परिस्थितियों में भी खुद को बेहतर तरीके से ढाल नहीं सकी। इस मैच में राजस्थान ने 229 रन लुटाए, जबकि मौजूदा सत्र में यह सातवीं बार रहा जब टीम ने विपक्षी टीम को 200 से ज्यादा रन बनाने दिए।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बॉन्ड ने कहा, 'हम उन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिन्हें हम अच्छी तरह जानते हैं। विरोधी टीम ने हमें पूरी तरह पछाड़ दिया। गेंदबाजों को अब अलग सोचने और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा कि गेंदबाजी में सही फैसले लेना और उन्हें प्रभावी तरीके से लागू करना सबसे अहम है। 'आज रात गेंदबाज लंबे समय तक निरंतरता नहीं रख सके। पूरे आईपीएल में लगभग हर टीम के गेंदबाज इसी चुनौती से जूझ रहे हैं।'

बॉन्ड के अनुसार, आधुनिक बल्लेबाज अब पहले से कहीं ज्यादा आक्रामक क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बल्लेबाज लगातार दबाव बना रहे हैं। ऐसे में गेंदबाज को खुद से पूछना होगा कि वह ऐसा क्या अलग कर सकता है जिससे स्थिति उसके पक्ष में आए।' उन्होंने गेंदबाजों को टीम के विश्लेषकों के साथ ज्यादा समय बिताने की सलाह देते हुए कहा कि इससे बल्लेबाजों के शॉट चयन और रन बनाने वाले क्षेत्रों को समझने में मदद मिलेगी। बॉन्ड ने कहा कि बल्लेबाज अब अपरकट, रिवर्स और स्कूप जैसे कई नए शॉट खेल रहे हैं, इसलिए गेंदबाजों को भी अपने हुनर का दायरा बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई गेंदबाज खुद को इस बदलाव के मुताबिक ढाल लेता है, तो वह ऊंचे स्तर तक पहुंच सकता है और इस प्रारूप का सुपरस्टार बन सकता है।' (अनंत ज्ञान)

## गिल आधुनिक क्रिकेट के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक : कुंबले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईपीएल 2026 में शनिवार को जयपुर में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस (जीटी) ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 77 रन से हराया। टीम की जीत में कप्तान शुभमन गिल की 44 गेंदों पर 84 रन की शानदार पारी अहम रही। भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने गिल की जमकर तारीफ की।

कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा, 'आधुनिक क्रिकेट में शुभमन गिल सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। उनकी बल्लेबाजी देखना सुखद अनुभव है। उनका खेल बनावटी नहीं लगता। वह हर गेंद को उसकी मेरिट के आधार पर खेलते हैं। बड़े शॉट लगाते समय भी वह पूरी तरह नियंत्रण में रहते हैं और यही बात उन्हें दूसरे पावर हिटर्स से अलग बनाती है।'उन्होंने कहा कि गिल की सबसे बड़ी ताकत अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलना है। 'एक बार सेट होने के बाद वह पारी को गहराई तक ले जाते हैं और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाते हैं। इसी वजह से गुजरात लगातार बड़े स्कोर खड़े कर पा रहा है।'

कुंबले ने राशिद खान की गेंदबाजी की भी सराहना की। उन्होंने कहा, 'राशिद ने लगातार स्टंप्स पर हमला किया और अपनी योजना पर कायम रहे। वह तेज गति से गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। पिछले सीजन और इस आईपीएल के शुरुआती चरण में उनकी गति कम दिखी, जिससे असर भी घटा, लेकिन राजस्थान के खिलाफ उनकी रफ्तार सही थी।'

उन्होंने आगे कहा, 'राशिद की तेज गेंदें टी20 क्रिकेट में उनका सबसे बड़ा हथियार हैं। वह सिर्फ स्पिन या फ्लाइट पर निर्भर नहीं रहते, बल्कि बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करते हैं।' मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। राशिद ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट झटके। (अनंत ज्ञान)

## लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर, चेन्नई ने 5 विकेट से हराया

**एजेंसी, रायपुर**



उर्विल ने 13 बॉल पर फिफ्टी लगाई लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल में प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार के पहले मैच में 5 विकेट से हराया। इस हार के बाद ऋषभ पंत की टीम बचे हुए मैच जीतकर भी 12 अंक तक ही पहुंच सकती है, जो प्लेऑफ के लिए काफी नहीं है।

चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 203 रन बनाए। चेन्नई ने 204 रन का टारगेट 19.2 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने ऐडन मार्करम की बॉल पर लगातार दो छक्के मारकर टीम को जीत दिला दी।

उर्विल पटेल ने 33 बॉल पर 65 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 13 बॉल पर फिफ्टी लगाई। उर्विल ने आईपीएल में सबसे तेज फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 2023 में 13 बॉल पर फिफ्टी लगा चुके हैं।

उर्विल पटेल के अलावा, कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 42, संजू सैमसन ने 28 और कार्तिक त्यागी ने 20 रन का योगदान दिया। लखनऊ के दिग्वेश राठी और शहबाज अहमद को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट आवेश खान के खाते में आया। जोश इंग्लिस ने 85 रन की अर्द्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 33 गेंद की पारी में 10 चौके और 6 छक्के लगाए। आखिरी में शहबाज अहमद ने नाबाद 43 रन बनाए। चेन्नई के जैमी ओवर्टन ने 3 विकेट झटके। अंशुल कम्बोज को 2 विकेट मिले। एक विकेट नूर अहमद को मिला। (अनंत ज्ञान)

## गुजरात टाइटंस के शीर्ष क्रम में बेहद शानदार बल्लेबाज : हेडन

**एजेंसी, जयपुर**

गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन का मानना है कि उनके पास जबरदस्त गेंदबाजी आक्रमण है और बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार बल्लेबाज मौजूद हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग में टीम सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आ रही है।



टाइटन्स ने लगातार चार मैच जीते हैं, जिसमें शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 77 रन की जीत भी शामिल है। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और प्ले ऑफ में जगह बनाने के प्रबल दावेदारों में शामिल है।

हेडन ने मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "यह एक बहुत अच्छी टीम है। यह एक खतरनाक गेंदबाजी टीम है और आज रात हमने यही देखा। यह एक बहुत ही विध्वंसक गेंदबाजी इकाई साबित हो सकती है।"

उन्होंने कहा, "हमारे बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर बेहद शानदार बल्लेबाज हैं। शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने एक बहुत ही मजबूत इकाई बनाई है।" टाइटंस की गेंदबाजी में भी विविधता है जिसमें कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, राशिद खान, जेसन होल्डर, प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर और साई किशोर जैसे गेंदबाज शामिल हैं। हेडन ने कहा, "हमने प्रसिद्ध कृष्णा को तो खिलाया भी नहीं जो कि एक और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। हमारी टीम में काफी विविधता है और आज रात हमने साई किशोर के रूप में इसका नजारा देखा। और अब हम पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलना शुरू कर चुके हैं।" (अनंत ज्ञान)



## भारतीय महिला रिकर्व टीम ने चीन को हराकर जीता विश्व कप में स्वर्ण

**एजेंसी, शंघाई।** दीपिका कुमार, अंकिता भगत और कुमकुम की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान चीन को शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर रहने पर शूट-ऑफ कराया गया, जिसमें भारत ने 28-26 के अंतर से जीत दर्ज की। निर्णायक क्षणों में भारतीय तिकड़ी ने शानदार संयम दिखाया। अनुभवी दीपिका ने आखिरी तीर पर नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

शंघाई विश्व कप में भारत का यह दूसरा पदक है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जायद ने कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। भारत को एक और पदक की उम्मीद है, क्योंकि रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी। उन्हें विश्व कप में अपना पहला पदक पक्का करने के लिए सिर्फ एक जीत की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

## सूर्यवंशी को भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलते देखना चाहूंगा : अश्विन

**एजेंसी, जयपुर**

भारत के महान स्पिनर रविचंद्रन अश्विन चाहते हैं कि युवा तूफानी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम के लिए तीनों प्रारूप में खेलें। राजस्थान रॉयल्स के लिए पारी का आगाज करते हुए सूर्यवंशी ने एक निडर खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। वह मौजूदा आईपीएल सत्र में बेहतरीन गेंदबाजों का भी बड़ी आसानी से सामना कर रहे हैं।



अश्विन ने कहा, "वह हर गेंदबाज की धुनाई कर रहा है। मुझे उसे टेस्ट मैच में खेलते देखने में कोई दिक्कत नहीं होगी और मुझे उसे खेल के तीनों प्रारूप में खेलते हुए देखने में भी कोई समस्या नहीं होगी। उसे क्रिकेट के मैदान पर उतारो, लोगों को मैच देखने के लिए बुलाओ क्योंकि वह आपका भरपूर मनोरंजन करेगा।" उन्होंने कहा, "वह कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। वह क्रिकेट की गेंद पर अपनी पूरी ताकत लगा रहा है। जिस तरह से वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में खेला था उसे देखकर लगता है कि वह एक 'बॉक्स-ऑफिस' खिलाड़ी है।"

अश्विन ने कहा, "आपके क्रिकेट करियर में ऐसे बहुत कम मौके आते हैं जब आप अपने क्रिकेट का पूरी तरह से आनंद ले पाते हैं और वह अभी सिर्फ 15 साल का है। मुझे लगता है कि हमें उसे बस अपने मन की करने देना चाहिए।" अश्विन ने 15 साल के इस खिलाड़ी का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान रॉयल्स को उसे अपनी मर्जी से उसी तरह खेलने देना चाहिए जैसा वह अब तक खेलता आया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी की है और जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और में मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों के सामने पूरी तरह से सहज होकर खेला। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश ने महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम का किया ऐलान

**एजेंसी, ढाका**



12 जून से 5 जुलाई 2026 तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी।

बांग्लादेश की स्क्वॉड में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है। टीम के मुख्य चयनकर्ता सज्जाद अहमद ने कहा कि नेहर को उनकी विविधता की वजह से सरमिन पर प्राथमिकता दी गई है। नेहर बल्लेबाजी क्रम में नंबर 1 से नंबर 6 के बीच बैटिंग कर सकती हैं। वह आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखती हैं।

**◆ निगार सुल्तानालगातार तीसरी बार होंगी कप्तान**

2023 और 2024 एडिशन में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, रितु मोनी, और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं। मौजूदा टीम में 11 ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूएई में आयोजित 2024 का टी20 विश्व कप खेला था।

बांग्लादेश की टीम 25 मई को एडिनबर्ग के लिए रवाना होगी। वहां टीम स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के साथ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। इसके बाद टी20 विश्व कप के वॉर्म-अप मैच खेलेगी। टी20 विश्व कप में बाग्लादेश नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, भारत और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप एक में है। टीम 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## तैयारी | एफआईएच नेशंस कप और बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए फिटनेस व तालमेल पर रहेगा फोकस

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप आज से

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया आगामी टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए 11 से 20 मई तक सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर लगाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि टीम एफआईएच नेशंस कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के एक्सपोजर टूर पर जाएगी। यह कप 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होगा।

आने वाले कैंप के बारे में मुख्य कोच मारिजने ने रविवार को कहा, 'यह ऑस्ट्रेलिया के हमारे आगामी दौरे से पहले एक छोटा कैंप होगा। इस कैंप का मुख्य फोकस खेल के फिटनेस पहलुओं पर होगा और उनमें सुधार करना होगा। हम इस मामले में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और एक टीम के तौर पर अगला कदम उठाना चाहते हैं।' यह कैंप इस साल के अंत में होने वाले अहम मुकाबलों से पहले अपनी ताकत का आकलन करने का मौका देगा। इन मुकाबलों में 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप-2026 और 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेल शामिल हैं। इस कैंप का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि एफआईएच नेशंस कप का विजेता 2026-27 एफआईएच हॉकी प्रो-लीग के लिए सीधे तौर पर क्वालिफाई कर लेगा। इसके अलावा 2026-27 एफआईएच हॉकी प्रो-लीग का विजेता एलए 2028 ओलंपिक्स के लिए सीधे तौर पर क्वालिफाई कर लेगा। आने वाले कैंप में वही 31 खिलाड़ी शामिल होंगे, जो अप्रैल में मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में हुए पिछले राष्ट्रीय कैंप का हिस्सा थे। यह टीम की तैयारी का एक और अहम चरण होगा, जिसमें मुख्य रूप से खिलाड़ियों के तालमेल को मजबूत करने, फिटनेस के स्तर को बेहतर बनाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और निखारने पर जोर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**31 सदस्यीय सीनियर राष्ट्रीय कोचिंग शिविर**

**गोलकीपर:** सविता, माधुरी किंडो, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी।

**डिफेंडर्स:** निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास।

**मिडफील्डर्स:** सुशीला चनु, मनीषा चौहान, वैष्णवी फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, इशिका।

**फारवर्ड:** दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नु, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी।